सुप्रभात
रांची, बुधवार
12.03.2025
* * नगर संस्करण। पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

khabarmantralive.com
रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | फाल्गुन, शुक्ल पक्ष, त्रयोदशी, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 239



12 झारखंड में राजनेताओं ने खेली होली

रोजा का समय
सेहरी (13.03.2025): 04.38 बजे
इफ्तार (12.03.2025): 05.58 बजे
Sreeleathers
66 K-ROAD, BISTUPUR

# झारखंड के आतंक का अंत

## एटीएस ने मुठभेड़ में गैंगस्टर अमन साव को मार गिराया

### रायपुर जेल से रांची लाने के दौरान पलामू में पुलिस पर हमला कर कुख्यात को छुड़ाने का हुआ था प्रयास

- पुलिस की राइफल छीनकर भागने के दौरान हुई मुठभेड़
- घटना पलामू जिले के रामगढ़-चैनपुर थाना क्षेत्र के अंधारीढोड़ा जंगल के बीच घटी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**मेदिनीनगर/चैनपुर।** झारखंड का गैंगस्टर अमन साव पलामू जिला के चैनपुर-रामगढ़ क्षेत्र के सीमा पर स्थित अंधारीढोढ़ा के जंगली क्षेत्र में पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ में मारा गया। ज्ञात हो कि झारखंड एटीएस की टीम अमन साव को सेंट्रल जेल छतीसगढ़ से लेकर रांची आ रही थी। इसकी जानकारी अमन साव गिरोह के अपराधियों को लग गयी थी। मंगलवार की सुबह नौ बजे पुलिस का काफिला जैसे ही अंधारीढोढ़ा जंगल के पास पहुंचा वैसे ही गुर्गों ने पुलिस पर बम व गोली से हमला कर दिया। उस वक्त पुलिस के बीच अफरा तफरी मच गयी। यह देखकर अमन साव एक पुलिस से राइफल छीनकर भागने लगा जिसे पुलिस ने जवाबी कार्रवाई करते हुए गोली चलाना शुरू कर दिया। जिसमें अमन साव गिरोह से जुड़े अपराधी जंगल का लाभ उठाकर भागने में सफल रहे लेकिन भागने के दौरान अमन साव पुलिस एनकाउंटर में मारा गया। यह सूचना जैसे ही पलामू पुलिस को मिली तो एसपी रीष्मा रमेसन के नेतृत्व में पुलिस बल घटनास्थल पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रण में लेते हुए सड़क के दोनों ओर की सीमा को सील कर दिया और गहन तलाशी शुरू की गयी। (पेज 2 भी देखें)



रायपुर जेल से निकालते समय सुरक्षाबलों के साथ अमन साव।



एनकाउंटर स्थल पर पुलिस की राईफल के साथ मृत अमन साव।



गैंगस्टर अमन साव को झारखंड एटीएस की टीम छतीसगढ़ के रायपुर से रिमांड पर लेकर रांची आ रहा थी। जैसे ही पुलिस की काफिला अंधारीढोढ़ा के पास पहुंचा, अमन साव के गुर्गों ने उसे छुड़ाने के लिए पुलिस के काफिले पर बम व गोली से हमला कर दिया। जावाबी कार्रवाई करते हुए पुलिस ने भी फायरिंग की। इसमें अमन साव के गुर्गे पुलिस को भारी देख भागने में सफल रहे। वहीं पुलिस की राईफल लेकर भाग रहा गैंगस्टर अमन साव एनकाउंटर में मारा गया।

**रीष्मा रमेसन पुलिस अधीक्षक, पलामू**

### एनकाउंटर में जवान के पैर में लगी गोली

अमन साव झारखंड में एनआइए के कई मामलों में वांछित था जिसमें झारखंड एटीएस की टीम अमन साव को रिमांड पर लेकर रायपुर से रांची ला रही थी। इसी क्रम में चैनपुर थाना क्षेत्र के अंधारीढोढ़ा में पुलिस व अपराधियों के बीच मुठभेड़ हो गई। इस दौरान भाग रहा अमन साव मारा गया। इस घटना में एटीएस के पुलिसकर्मी को पैर में गोली लगी है जिससे वह जख्मी हो गया। पुलिस ने घटनास्थल से दो जिंदा बम, गोली के कई खोखे समेत अन्य सामान बरामद किया है। कुख्यात गैंगस्टर अमन साव झारखंड, बंगाल, छतीसढ़ में आतंक का पर्याय बना हुआ था। इसके विरुद्ध तीन राज्यों में हत्या, अपहरण, फिरौती समेत कई गंभीर मामले विभिन्न थानों में दर्ज हैं।

### महंगी पड़ गयी भागने की सोच

छत्तीसगढ़ के रायपुर के एक कारोबारी के यहां फायरिंग मामले में अमन साहू रिमांड पर गया था। इधर झारखंड की राजधानी रांची में कोयला कारोबारी पर अमन ने कथित रूप से हमला करवा दिया। ऐसे में जब उसने यह जाना कि अब उसे पूछताछ का सामना करना पड़ेगा तो उसने रायपुर से रांची आने के क्रम में कस्टडी से फरार होने की प्लानिंग कर डाली। इसके लिए बकायदा पलामू का एक ऐसा क्षेत्र चुना गया जहां कोई भी वाहन धीरे-धीरे होकर सड़क से गुजरता है। इसमें वह सफल नहीं हो सका और मारा गया।

### पांच मिनट में आतंक का अंत

एके 47 जैसे अत्याधुनिक हथियारों के साथ अक्सर सोशल मीडिया पर छाए रहने वाले अमन साहू का भी वही हश्र हुआ जो एक अपराधी का होता है। जिस आतंक को बनाने में अमन को वर्षों लगे उसे झारखंड पुलिस ने मात्र सवा पांच मिनट में ही हमेशा के लिए खत्म कर दिया। एटीएस की टीम उसे छत्तीसगढ़ के रायपुर सेंट्रल जेल से वापस लेकर लौट रही थी। इसी क्रम में पलामू के चैनपुर और रामगढ़ थाना के बीच अंधारीढोढा जंगल के बीच अमन साव के गिरोह ने पुलिस के वाहन पर बम से हमला कर दिया। अमन साव एक जवान का राइफल छीनकर गोलीबारी करते भागने लगा। एटीएस की टीम ने अमन को चेतावनी दी। रुकने को कहा। वह नहीं रुका। तब एटीएस टीम ने जवाबी कार्रवाई में उसे ढेर कर दिया।

### राज्य को अपराधमुक्त बना रहे



झारखंड का टेरर कहा जाने वाला अमन साहू के मारे जाने पर झारखंड के डीजीपी अनुराग गुप्ता ने कहा कि पुलिस झारखंड को अपराधमुक्त बनाने में जुटी है। वह मंगलवार को हजारीबाग में पत्रकारों से बात कर रहे थे। डीजीपी ने यह भी कहा कि झारखंड में अमन साहू, विकास तिवारी, अमन श्रीवास्तव और प्रिंस खान गिरोह सक्रिय है। इन सभी पर नकेल कसने में जुटी है। डीजीपी ने कहा है कि पुलिस रिपोर्ट के अनुसार एटीएस टीम पर हमला कर भागने के प्रयास में अपराधी मारा गया। यह पूरी घटना कैसे घटी है इसे लेकर एटीएस के एसपी को घटनास्थल पर भेजा गया है। उन्होंने यह भी बताया कि इस घटना में एक जवान घायल भी हुआ है। पूरे मामले की तह तक जाने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

## न्यूज डायरी

### 100 और 200 के नये नोट जारी होंगे : आरबीआई

मुंबई। आरबीआई जल्द ही महात्मा गांधी (नयी) श्रृंखला में 100 और 200 रुपये मूल्य के नए बैंक नोट जारी करेगा। आरबीआई के मुख्य महाप्रबंधक पुनीत पंचोली ने मंगलवार को बताया कि इन नए नोटों पर रिजर्व बैंक गवर्नर संजय मल्होत्रा के हस्ताक्षर होंगे। इन नए नोटों की डिजाइन मौजूदा महात्मा गांधी (नयी) श्रृंखला के 100 और 200 रुपये के नोटों के समान होगा। यानी, उनके रंग, पैटर्न, और सुरक्षा विशेषताएं वर्तमान नोटों के अनुरूप रहेंगी।

### तीन वर्षों में सभी जिलों में कैंसर डे केयर सेंटर : नड्डा

**नयी दिल्ली।** केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जे पी नड्डा ने मंगलवार को राज्यसभा में कहा कि अगले तीन वर्षों में देश के सभी जिलों में कैंसर-डे-केयर सेंटर शुरू करने का लक्ष्य रखा गया है और इस वर्ष दो सौ जिलों में यह सेंटर शुरू किया जा रहा है। श्री नड्डा ने सदन में प्रश्नकाल के दौरान एक पूरक प्रश्न के उत्तर में यह जानकारी देते हुये कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 के बजट में इसके लिए बटजीय प्रावधान भी किये गये हैं।

### जेपीएससी के 5 अफसरों के खिलाफ होगी जांच

**रांची।** सीबीआई के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने जेपीएससी-2 के पांच अफसरों के खिलाफ नये सिरे से जांच करने का आदेश दिया है। इन अफसरों में प्रशांत कुमार लायक, लाल मनोज नाथ शाहदेव, कुमार शैलेंद्र, हरि उरांव और कुमारी गीतांजलि का नाम शामिल है। न्यायालय ने अपने आदेश की कॉपी सीबीआई के ब्रांच हेड को भेजने का निर्देश दिया है। सीबीआई के विशेष न्यायाधीश की अदालत ने जेपीएससी-2 के अभियुक्तों के खिलाफ संज्ञान से संबंधित आदेश में लिखा है कि इन पांच अभियुक्तों के खिलाफ आरोप पत्र समर्पित नहीं किया है। सीबीआई ने अपनी रिपोर्ट में लिखा है कि जांच के दौरान प्रशांत लायक, लाल मनोज नाथ शाहदेव, कुमार शैलेंद्र, हरि उरांव और कुमारी गीतांजलि के खिलाफ के खिलाफ कोई सबूत नहीं मिला। न्यायालय ने अपने आदेश में लिखा है कि यह सभी प्राथमिकी के नामजद अभियुक्त हैं। प्राथमिकी में इनके खिलाफ स्पेसिफिक आरोप हैं।

### रांची के कोकर चौक के पास भीषण सड़क हादसा

## स्कॉर्पियो ने ट्रक में मारी टक्कर तीन लोगों की मौत, चार घायल



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** सदर थाना क्षेत्र स्थित कोकर में राम लखन सिंह कॉलेज के पास मंगलवार की सुबह तीन बजे भीषण सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गयी, जबकि चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। मिली जानकारी के अनुसार स्कॉर्पियो ने खड़े ट्रक के पिछले हिस्से में टक्कर मार दी। टक्कर ऐसी थी कि स्कॉर्पियो के परखच्चे उड़ गये। इस हादसे में मृतकों की पहचान पश्चिमी सिंहभूम सुजीत कुमार सिंकू (20), पृथ्वी कुमार सहदेव (17) और सरायकेला-खरसांवा निवासी अग्नि बेसरा (25) के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और स्थानीय लोगों ने राहत कार्य शुरू किया और घायलों को बाहर निकाला और अस्पताल भेजा। मृतकों में वरिष्ठ भाजपा नेता बास्को बेसरा के बड़े पुत्र अग्नि बेसरा भी शामिल है।

इधर भाजपा नेता बास्को बेसरा ने बताया कि पुत्र अग्नि बेसरा रांची एक्सआईएसएस रांची में एमबीए कर रहा था। सोमवार देर रात एक शादी समारोह से अपने दोस्तों के साथ गम्हरिया लौट रहा था। इसी दौरान हादसा हो गया।


### बजट सत्र : भू-राजस्व और स्वास्थ्य मंत्री ने दिया जवाब

## खास महल की हजारों एकड़ जमीन होगी फ्री होल्ड: मंत्री

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** बजट सत्र के 11वें दिन मंगलवार को सदन में भू-राजस्व मंत्री दीपक बिरुआ ने कहा कि खास महल की हजारों एकड़ जमीन को जल्द फ्री होल्ड किया जायेगा। उन्होंने सदन को बताया कि खास महल की जमीन को रैयतों के नाम करने के लिए सदस्य राजस्व परिषद की अध्यक्षता में एक कमेटी का गठन किया गया है। कमेटी की 3-4 बैठकें हो चुकी है। अब अंतिम बैठक के बाद 45 दिनों के अंदर निर्णय ले लिया जायेगा। इससे पूर्व भाजपा विधायक आलोक चौरसिया ने ध्यानाकर्षण के माध्यम से सरकार से जानना चाहा था कि जो लोग वर्षों से खास महल की जमीन पर रह रहे हैं उन्हें उस जमीन का मलिकाना हक क्यों नहीं दिया जा रहा। श्री चौरसिया का कहना था कि डाल्टनगंज में काफी लोग खास महल की जमीन पर रहते आये हैं। राज्य के अन्य जिलों में भी यही स्थिति है लेकिन, उन्हें जमीन का मालिकाना हक नहीं मिल रहा है। वे अपना घर नहीं बना पा रहे हैं और जो घर बना चुके हैं उन्हें परेशान किया जा रहा है। भाजपा विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी का भी कहना था कि कृषि योग्य भूमि पर भी रैयतों का 100 वर्ष से अधिक का कब्जा है। लेकिन, सरकार सड़क निर्माण और अन्य कार्यो के लिए जब भूमि अधिग्रहित करती है तो उसे सरकारी जमीन बता कर कोई मुआवजा नहीं देती है। राज्य में इससे हजारों लोग परेशान हैं। झामुमो विधायक स्टीफन मरांडी ने भी खास महल की जमीन का मामला उठाया।

इसके पहले मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने कांग्रेस विधायक राजेश कच्छप के एक ध्यानाकर्षण का जवाब देते हुये कहा कि पूर्व में प्रोन्नति में विसंगतियां हुई है। अब जीबी की बैठक बुलाकर प्रोन्नति की प्रक्रिया पूरी की जायेगी। उन्होंने राज्य के ही विशेषज्ञ चिकित्सकों को रिम्स का डायरेक्टर बनाने का भी आग्रह किया।



# राजनेता बनने की हसरत पाले मारा गया अमन साहू

## बड़कागांव सीट से अपनी किस्मत आजमाने पूरी प्लानिंग कर ली थी, आइटीआइ पास अमन साहू को शौक ने बनाया क्राइम की दुनिया का बेताज बादशाह बना

सत्येन्द्र

**रांची।** झारखंड का कुख्यात गैंगस्टर अमन साहू मंगलवार को पलामू में हुए एक एनकाउंटर में मारा गया। झारखंड में 150 से अधिक आपराधिक वारदातों में शामिल रहा अमन साहू पिछले तीन साल से जेल में बंद था। छत्तीसगढ़ के रायपुर से ही वह झारखंड में वह बड़ी वारदातों को अंजाम दे रहा था। बुलेट से अपना खौफ कायम कर चुका अमन साहू अब 'बैलेट' की ताकत भी पाना चाहता था। वह विधायक बनने की ख्वाहिश पाल बैठा था, जो एनकाउंटर के साथ खत्म हो गई।



ज्ञात हो कि अपराध के रास्ते राजनीति का रास्ता बिहार से यूपी तक कई बाहुबलियों ने पकड़ा। अमन साहू भी इसी दिशा में बढ़ना चाहता था। अमन जेल में रहते हुए विधायक बनना चाहता था। इसके लिए वह बड़कागांव विधानसभा सीट से चुनाव लड़ना चाहता था। 2024 में विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए उसने कोर्ट से भी इजाजत मांगी थी, लेकिन उसकी मांग स्वीकार नहीं की गई।

अब वह 2029 के विधानसभा की तैयारी में अभी से जुट गया था। 21 फरवरी को इसके सोशल मीडिया अकाउंट पर लिखा गया, जय श्री राम, मिशन 2029, बड़कागांव विधानसभा। साहू सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए खुद को बड़कागांव का भावी विधायक और समाजसेवी बताता था। वह कभी भाजपा तो कभी जेएमएम के नेताओं को सोशल मीडिया पर शुभकामना संदेश देता था।

**शौक ने बनाया अपराधी :** अमन मूल रूप से हजारीबाग के बड़कागांव निवासी निरंजन साहू का बेटा है। वह आईटीआई पास था। अपराध की दुनिया में उसने सिर्फ इसलिए कदम रखा था ताकि वह नाम और शोहरत कमा सके। अमन साहू ने 12वीं कक्षा के बाद आईटीआई में डिप्लोमा किया और एक मोबाइल शॉप खोली। इस दौरान उसकी मुलाकात कुछ अपराधियों से हुई, जिससे प्रभावित होकर उसने अपराध की दुनिया में कदम रखा। अमन पहला ऐसा अपराधी था जो मिनी जैमर साथ मे लेकर चला करता था।

### गिरफ्तारी से बचने के लिए जैमर का प्रयोग

कुख्यात अपराधी अमन साहू आईटीआई तकनीक की पूरी जानकारी रखता था। शायद यही वजह है कि उसने कभी भी मोबाइल पास में नहीं रखा। साल 2020 में जब उसे रांची के तत्कालीन एसएसपी सुरेंद्र झा ने गिरफ्तार किया था, तब उसने यह कबूला था कि वह पकड़ा न जाए इसलिए वह हॉटस्पॉट डिवाइस और जैमर रखता था। अपने बयान में अमन ने बताया था कि छोटे जैमर की पहुंच 100 मीटर तक होती है। मोबाइल टावरों से मिले सिग्नल के जरिए ही मोबाइल काम करता है, लेकिन जैमर टावरों से मिलने वाले सिग्नल को मोबाइल तक पहुंचने ही नहीं देता है। ऐसे में सिग्नल (नेटवर्क) न मिलने के कारण मोबाइल पर कॉल संभव नहीं होती है। उस दौरान अमन ने बताया था कि बाजार में छह से लेकर 25 हजार रुपये तक के छोटे मोबाइल जैमर मौजूद हैं, जिनकी रेंज दस से लगभग 100 मीटर तक की होती है ये आकार में बहुत छोटे होते हैं, जिन्हें आसानी से अपने साथ ले जाया जा सकता है।

### अमन साहू नहीं रखता था मोबाइल

बाजार में मिलने वाले छोटे जैमर का वजन भी एक किलोग्राम से कम होता है। जैमर की वजह से पुलिस टेक्निकल सर्विलांस के जरिए भी अमन साहू के मौजूदगी का पता नहीं लगा पाती थी। वहीं, अगर कोई देख भी लेता था तो मोबाइल नेटवर्क नहीं होने के कारण तत्काल पुलिस को कॉल नहीं कर पाता था। अमन साहू जब तक जिंदा रह उसने मोबाइल का इस्तेमाल नहीं किया। वह जानता था कि मोबाइल से पुलिस उसका लोकेशन आसानी से पता कर लेगी। इसलिए वह सिर्फ वाईफाइ के जरिये जंगी जैसे एप का इस्तेमाल चलाता था।

### लॉरेंस बिश्नोई गैंग से संबंध

अमन साहू के बारे में ये भी कहा जाता रहा है कि वह कुख्यात गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई का करीबी सहयोगी था। सूत्रों के अनुसार, अमन अपने गुर्गों को लॉरेंस को सप्लाई करता था और बदले में हाईटेक हथियार प्राप्त करता था। हालांकि इसका कोई प्रामाणिक सबूत नहीं मिल पाया है।

### कौन हैं एनकाउंटर विशेषज्ञ प्रमोद कुमार सिंह

प्रमोद कुमार सिंह 1994 बैच के सब इंस्पेक्टर हैं, जो अब एटीएस में डीएसपी के रैंक पर हैं। प्रमोद कुमार चैनपुर में थाना प्रभारी भी रह चुके हैं। इस दौरान उन्होंने एक डकैत का भी एनकाउंटर किया था। पलामू में प्रमोद ने कई अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की थी, और इनके एक्शन से अपराधियों में खौफ था। इसके बाद उन्होंने अपने करियर में विभिन्न पदों पर सेवा दी है और कई महत्वपूर्ण अभियानों में शामिल रहे हैं।

**अपराध जगत में उत्थान :** अमन ने अपनी आपराधिक गतिविधियों की शुरुआत के बाद, धीरे-धीरे अपनी गैंग बनाई और झारखंड, छत्तीसगढ़ सहित कई राज्यों में सक्रिय हो गया। उसके गैंग का नेटवर्क धनबाद, रांची, रामगढ़, चतरा, हजारीबाग, पलामू, लातेहार, बोकारो जैसे झारखंड के कई जिलों में फैला हुआ था। वे कोल माइनिंग कंपनियों, कोयला व्यवसायियों और ट्रांसपोर्ट फील्ड के व्यापारियों को रंगदारी के लिए निशाना बनाता था।

**गिरफ्तारी के बाद जेल और एनआईए की कार्रवाई :** अमन साहू को पहली बार 2019 में गिरफ्तार किया गया था, लेकिन 29 सितंबर 2019 को वह पुलिस की गिरफ्त से फरार हो गया। तीन साल बाद, जुलाई 2022 में उसे फिर से

### पहली बार पकड़ाया और हो गया था फरार, 130 से ज्यादा मामले

कुख्यात अमन साहू बड़कागांव थाना से सितंबर 2019 की रात पुलिस कस्टडी से फरार हो गया था। इस मामले में तत्कालीन थाना प्रभारी को बर्खास्त तक होना पड़ा था। अमन साहू पर रांची में रंगदारी और अपराध की योजना बनाने से संबंधित मामले दर्ज हैं। जबकि राज्यभर के अलग-अलग थानों में 100 से ज्यादा मामले दर्ज हैं। अमन साहू को धनबाद, रांची, रामगढ़, पलामू, हजारीबाग, चतरा और लातेहार जिले की पुलिस के लिए चुनौती था। हजारीबाग के उरीमारी, बड़कागांव, डाड़ीकला, गिद्दी, केरेडारी थाना क्षेत्र, चतरा जिले के पिपरवार थाना क्षेत्र, लातेहार जिला के चंदवा थाना क्षेत्र में कार्यरत कोयला कंपनियों, ट्रांसपोर्टरो, एवं उद्यमियों से लेवी की मांग करता था। लेवी नहीं देने पर जान से मारने की धमकी के साथ साथ वाहनों को जलाने की धमकी देता था।

गिरफ्तार किया गया और दुमका जेल में बंद किया गया। जुलाई 2024 में, राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने उसके कई ठिकानों पर छापेमारी की, जिससे उसकी आपराधिक गतिविधियों का दायरा और साफ हुआ।

**अमन साहू का एनकाउंटर :** अमन साहू छत्तीसगढ़ के रायपुर सेंट्रल जेल में बंद था, 11 मार्च 2025 को, पुलिस उसे पूछताछ के लिए रांची ला रही थी, तभी पलामू जिले के चैनपुर में उसके गैंग ने पुलिस की गाड़ी पर बम से हमला किया। हमले के बाद, अमन ने पुलिस का हथियार छीनकर भागने की कोशिश की, लेकिन पुलिस ने जवाबी कार्रवाई करते हुए उसे मार गिराया। इस मुठभेड़ में एक पुलिस जवान भी घायल हुआ है। पलामू एसपी रीष्मा रमेशन ने बताया कि 'रांची में फायरिंग और एनटीपीसी डीजीएम की हत्या मामले में उसे पूछताछ के लिए रांची ले जाया जा रहा था। इसी दौरान एटीएस की टीम पर बम से हमला हुआ। इसका फायदा उठा कर अमन साहू ने एक एसटीएफ जवान का इंसास राइफल छीना और भागने लगा। उसने जवानों पर गोली भी चलाई, जिसमें एक जवान घायल हो गया। जवाबी फायरिंग में अमन साहू को गोली लगी और मौके पर ही उसकी मौत हो गई।

वहीं, जख्मी जवान को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जिसकी हालत खतरे से बाहर है। अमन साहू का रांची लाने की जिम्मेदारी जिस टीम को दी गई थी उसका नेतृत्व एटीएस डीएसपी प्रमोद कुमार सिंह कर रहे थे। इन्हें झारखंड का एनकाउंटर स्पेशलिस्ट कहा जाता है। कहा जा रहा कि पुलिस को आशंका थी कि अमन साहू को छत्तीसगढ़ से रांची लाने के दौरान कुछ भी हो सकता है। इसलिए इसकी जिम्मेदारी डीएसपी प्रमोद कुमार सिंह को दी गई थी।

# सरकार के पास नहीं है कोई ठोस खनिज नीति : सरयू

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** विधानसभा के बजट सत्र के 11वें दिन सदन में सरयू राय ने कहा कि सरकार के पास कोई टोस खनिज नीति ही नहीं है। श्री राय मंगलवार को अनुदान मांग पर वाद-विवाद में हिस्सा ले रहे थे। बजट में एक लाइन भी खान विभाग के बारे में जानकारी नहीं दी गई है। खान और खनिज सरकार की प्राथमिकता में नहीं है। उन्होंने कहा कि 9000 करोड़ का राजस्व आ रहा है जो काफी है। 30 खनिज के खदानों का ऑक्सन हो गया। इस पर सिर्फ तीन पर ही काम शुरू हुआ। अगर शुरू होता तो 500 करोड़ की आमदनी होती। उन्होंने कहा कि बजट में बालू का भी जिक्र नहीं है। जेएसएमडीसी शत-प्रतिशत पैसा अपने पास रख रहा है। 2014 के बाद से गैर कोयला खनिजों के सात खदानों का ही ऑक्सन हो पाया है। लीज भी कन्वर्ट नहीं हुआ। सोना खदान की भी यही स्थिति है। राजस्व अधिकारी और जिला अधिकारी तथ्य की सूचना नहीं देते हैं। कोडरमा व गिरिडीह में डिबरा का चालान राजस्थान से आता है। लिथियम पर अनुसंधान की कार्रवाई अब तक नहीं हुई। उन्होंने मानगो फ्लाईओवर का डिजाइन उपयोगी बनाने की मांग की।





**विस्थापन आयोग बनाया जाये : अरूप चटर्जी :** भाकपा माले विधायक अरूप चटर्जी ने कहा कि राज्य में विस्थापन आयोग बनाया जाये। रेलवे फ्रेट कॉरिडोर के विस्थापितों को बसाने की व्यवस्था होनी चाहिए। म्यूटेशन को ऑनलाइन करने पर जोर दे। खनिज उठाव की पॉलिसी के कारण माइंस बंद हो गये। इस पर पॉलिसी लानी चाहिये।

**अंचल कार्यालयों में भ्रष्टाचार का बोलबाला: जनार्दन पासवान :** लोजपा विधायक जनार्दन पासवान ने कहा कि अंचल कार्यालयों में भ्रष्टाचार का बोलबाला है। जाति प्रमाण पत्र और आय प्रमाण पत्र भी बिना पैसों के नहीं बनता है। कोई सुनने वाला नहीं है।

**भाजपा के लोग खा जाते थे आधा पैसा, सड़क कैसे बनेगा : सुरेश पासवान :** राजद विधायक सुरेश पासवान ने कहा कि भाजपा के लोग आधा पैसा खा जाते थे, तो सड़क कैसे बनेगा। अब ग्रीन झारखंड क्लीन झारखंड है। रोड बढ़िया बन रहा है। विपक्ष के पास न काम है और न मुद्दा। झारखंड की रोटी खाकर दिल्ली का गुण गाते हैं। उन्होंने कहा कि एलायनमेंट को देखकर रोड बनाना चाहिये। पुनासी विस्थापितों की समस्या का समाधान होना चाहिये।

**दस्तावेज किये जा रहे हैं दुरुस्त: भूषण तिर्की :** झामुमो विधायक भूषण तिर्की ने कहा कि जमीन के दस्तावेज दुरुस्त किये जा रहे हैं। अब लोग मोबाइल एप के जरिये लगान जमा कर सकेंगे। सीएनटी, एसपीटी और पत्थलगड़ी के नाम पर भाजपा ने खून की होली खेली। कालाधन वापस लाने, दो करोड़ नौकरी देने का वादा पूरा नहीं किया। एयरपोर्ट और बंदरगाह बेचने का काम किया। मणिपुर पर एक भी बयान नहीं आया।

**राज्य का प्रत्येक दूसरा घर जमीन विवाद से जूझ रहा : जयराम महतो :** विधायक जयराम महतो ने कहा कि राज्य का प्रत्येक दूसरा घर जमीन विवाद से जूझ रहा है। अंचल को दुरुस्त किया जाये, नहीं तो हर घर गृहयुद्ध में तब्दील हो जायेगा। फर्जी कागजात बनवाकर दावा किया जा रहा है। सशक्त विस्थापन आयोग का गठन किया जाये। विस्थापितों को नियोजन और मुआवजा दिया जाये।

### बजट में कोई नई योजना नहीं: रौशन

भाजपा विधायक रौशन लाल चौधरी ने कहा कि बजट में कोई नई योजना नहीं है। बजट में कटौती करने से विकास में रूकावट आयेगी। सीसीएल और कोल इंडिया के कारण सैकड़ों गांव उजड़ गये। बड़कागांव सबसे बड़ा विस्थापित क्षेत्र है। विस्थापन के नाम पर सरकार ने एक भी वादा पूरा नहीं किया। विस्थापितों को मुआवजा नहीं देकर बेघर किया जा रहा है। जीएम लैंड झारखंड का बड़ा मुद्दा है। रैयतों को हक और अधिकार से वंचित किया जा रहा है। एसआइटी और सीबीआइ जांच का हवाला दिया जा रहा है। कंपनियों में 75 फीसदी आरक्षण लागू नहीं हो रहा है। अंचल कार्यालय में काम नहीं हो रहा है। सीएनटी एक्ट का उल्लंघन हो रहा है। सरकार अपने घोषणा पत्र के वादे को पूरा करे।

# 25 फीसदी गरीबों को नहीं मिला धोती, साड़ी, लूंगी

### होली जैसे त्योहार पर भी साड़ी का इंतजार कर रही हैं महिलाएं

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के ड्रीम प्रोजेक्ट (मुख्यमंत्री धोती-साड़ी योजना) को भी राज्य के अधिकारी गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। नतीजा, राज्य के 25 फीसदी गरीबों को अब तक धोती-साड़ी और लूंगी का लाभ नहीं मिला है। सबसे खबर स्थिति तो राजधानी रांची की है। यहां बैठे अधिकारी इस योजना को अनलीजामा पहनाने की बजाये, इसे धरातल पर उतारने से भी परहेज कर रहे हैं। यही कारण है कि राजधानी में भी अब तक मात्र 74.75 फीसदी ही धोती-साड़ी-लूंगी का वितरण किया जा सका है। इस योजना का लाभ सिर्फ गरीबों को मिलना है। अधिकारियों को इस योजना को फलीभूत करने से कोई लाभ नहीं मिलता है। नतीजा राज्य के अधिकारी इस योजना में रूचि नहीं लेते हैं और गरीब-जरूरतमंद धोती-साड़ी के लिए तरसते रहते हैं।

**होली में है गरीबों को धोती-साड़ी का इंतजार :** इसी हफ्ते होली का त्यौहार है। ऐसे में राजधानी की गरीब महिलाएं हेमंत सरकार की ओर से दी जानेवाली नयी साड़ी का इंतजार कर रहे हैं। रांची कलक्ट्रेट में पहुंची एक महिला रतिया उरांव ने बताया कि उन्हें अब तक साड़ी नहीं मिली है। इसी की शिकायत लेकर वह मैडम (एसओआर) से मिलने आयी हैं। उन्होंने बताया कि बाबू, हमको कभी भी समय से राशन नहीं मिलता है। महीना-दो महीना पर एक बार राशन डीलर अनाज दे देता है। डीलर का नाम पूछने पर उन्होंने बताया कि वह कांटाटोली में रहती हैं। एक महिला डीलर है, जो उन्हें अनाज देती है। साड़ी मांगने पर भी उन्हें नहीं मिल रहा है।

# निर्वाचन आयोग ने चुनावी प्रक्रियाओं को मजबूत करने के लिए राजनीतिक दलों से मांगे सुझाव

खबर मन्त्र ब्यूरो

**नयी दिल्ली/ रांची।** भारत निर्वाचन आयोग ने चुनावी प्रक्रियाओं को और मजबूत करने के लिए राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय राजनीतिक दलों को सुझाव देने के लिए आमंत्रित किया है। आयोग ने पार्टी अध्यक्षों और वरिष्ठ नेताओं से 30 अप्रैल तक किसी भी अनसुलझे मुद्दे पर अपने सुझाव मांगे हैं। आयोग ने राजनीतिक दलों को लिखे पत्र में कहा है कि लोकप्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 और 1951, निर्वाचन से जुड़े नियम और सुप्रीम कोर्ट के आदेशों के तहत स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए पहले से ही एक पारदर्शी कानूनी ढांचा मौजूद है।

**चुनावी प्रक्रिया को सुधारने के लिए संवाद की पहल :** इससे पहले, पिछले सप्ताह मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, जिला निर्वाचन पदाधिकारी और निर्वाचक पंजीकरण अधिकारियों को निर्देश दिया था कि वे राजनीतिक दलों से नियमित बातचीत करें और 31 मार्च तक आयोग को अपनी कार्रवाई रिपोर्ट प्रस्तुत करें। आयोग ने राजनीतिक दलों से विकेंद्रीकृत भागीदारी तंत्र का सक्रिय रूप से उपयोग करने की अपील की है, ताकि चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता और मजबूती लायी जा सके।

राजनीतिक दल भी एक प्रमुख हितधारक हैं संविधान और वैधानिक ढांचे के अनुसार चुनाव प्रक्रिया के सभी पहलुओं को कवर करने वाले आयोग द्वारा पहचाने गये 28 हितधारकों में राजनीतिक दल भी एक प्रमुख हितधारक हैं। राजनीतिक दलों को लिखे अपने पत्र में आयोग ने यह भी उल्लेख किया है कि लोकप्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 और 1951; निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण नियम, 1960 निर्वाचनों का संचालन नियम, 1961 सर्वोच्च न्यायालय के आदेश और भारत के चुनाव आयोग द्वारा समय-समय पर जारी किए गए निर्देश, मैनुअल और हैंडबुक (भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध) ने स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए एक विकेन्द्रीकृत, मजबूत और पारदर्शी कानूनी ढांचा स्थापित किया है।

### झाप्रसे के 232 अधिकारियों की अंतिम वरीयता सूची जारी

**रांची।** झारखंड प्रशासनिक सेवा (झाप्रसे) के अधिकारियों का अंतिम वरीयता सूची प्रकाशित कर दी गयी है। कार्मिक प्रशासनिक सुधार राजभाषा विभाग ने सारी आपत्तियों का निराकरण करते हुए अधिसूचना जारी कर दिया है। विभाग ने औपबंधिक वरीयता सूची जारी करने के समय आपत्ति मांगी थी। इसके बाद उसकी समीक्षा की गयी। विधि विभाग से भी राय ली गयी। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा मेघचन्द्र सिंह एवं अन्य बनाम निगम सिरो एवं अन्य में 19 नवंबर 2019 को पारित न्यायादेश एवं अन्य नियम/परिनियमों के आलोक में स्पष्टतः यह भी पाया गया कि प्रथम सीमित उप समाहर्ता प्रतियोगिता परीक्षा द्वारा नियुक्त पदाधिकारियों तथा दूसरे एवं तृतीय एवं चतुर्थ सीमित बैच के पदाधिकारियों की नियुक्ति बिहार प्रशासनिक सेवा (सीमित प्रतियोगिता परीक्षा द्वारा नियुक्ति) नियमावली 1991 के आलोक में की गई है। इस नियमावली में प्रोन्नति के माध्यम से नियुक्ति का कोई प्रावधान नहीं है, बल्कि इसमें सीमित प्रतियोगिता परीक्षा के माध्यम से नियुक्ति का प्रावधान है। इसे ध्यान में रखते हुए यह प्रतीत होता है कि प्रथम सीमित तथा दूसरी, तृतीय एवं चतुर्थ सीमित प्रतियोगिता परीक्षा में एसटी-एससी के अलावा पिछड़ा वर्ग-1 एवं पिछड़ा वर्ग दो कोटि के अभ्यर्थियों को भी आरक्षण का लाभ देकर उप समाहर्ता के पद पर नियुक्त किया गया है। इस प्रकार इनकी नियुक्ति में प्रोन्नति संबंधी आरक्षण के प्रावधान को नहीं अपनाया गया है।

# उद्योग लगाने के लिए संथाल में भूमि उपलब्ध करायेगी सरकार : मंत्री

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। विधानसभा में मंगलवार को प्रथम पाली में श्रम मंत्री संजय प्रसाद यादव ने सदन में कहा कि यदि कोई व्यक्ति संथाल परगना में उद्योग लगाने को उत्सुक है तो सरकार उन्हें जमीन और अन्य सुविधायें उपलब्ध करायेगी। उन्होंने कहा कि उद्योग लगाने के लिए सरकार ने पाकुड़ में 616 एकड़ और लिपतीपाड़ा में 254 एकड़ जमीन चिन्हित किया है। उद्योग लगाने को लेकर मुख्यमंत्री और उद्योग विभाग भी चिंतित है। उन्होंने सदन को बताया कि गोविंदपुर-साहेबगंज औद्योगिक गलियारा के लिए पाकुड़ जिला में 616.24 एकड़ जमीन चिन्हित किया गया है। जमीन अधिग्रहण की कार्रवाई चल रही है। जमीन अधिग्रहण के बाद पाकुड़ जिला में किसी भी औद्योगिक इकाई की स्थापना का प्रस्ताव प्राप्त होने पर सरकार के विभिन्न नीतियों और नियमों के तहत जमीन आवंटन और अनुमान्य प्रोत्साहन प्रदान किया जा सकता है। मंत्री सदन में हेमलाल मुर्मू के अल्पसूचित सवाल का जवाब दे रहे थे। हेमलाल मुर्मू ने सरकार से पाकुड़ जिला में उद्योगों को आदिवासी व पिछड़े जिलों में विशेषकर स्थापना किये जाने की मांग की थी। इसके बाद मंत्री सुदिव्य कुमार ने सदन में कहा कि राज्य के अधीनस्थ विश्वविद्यालयों व अंगीभूत महाविद्यालयों के 700 से अधिक आवश्यकता आधारित व्याख्याताओं को नियमित करने के लिए विचार करेगी। यदि उनकी उम्र सीमा पार रही है, तो इसपर भी सहानुभूति पूर्वक विचार होगा।

उन्होंने कहा कि 1416 व्याख्याताओं की नियुक्ति के लिये जेपीएससी को अधियाचना भेजी गयी है। उसी नियुक्ति में अनुबंधित 700 व्याख्याताओं को प्राथमिकता दी जायेगी। उन्होंने कहा कि प्राथमिकता देने का नीतिगत फैसला है। किसी एक पद के लिये समायोजन उचित नहीं है। लेकिन, ये व्याख्याता पिछले आठ साल से काम कर रहे हैं तो उनका कार्यकाल व्यर्थ नहीं जायेगा। उनको नियुक्ति में कुछ वेटेज दिया जायेगा। उन्होंने यह भी कहा कि जेपीएससी को अधियाचना भेजी गयी है। लेकिन विज्ञापन प्रकाशन के पूर्व नियम में संशोधन का अनुबंधित अधिवक्ताओं को समायोजित करने का प्रयास किया जायेगा। कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव ने अल्पसूचित प्रश्न के माध्यम से सदन में यह सवाल उठाया था।

उन्होंने 700 से अधिक आवश्यकता आधारित व्याख्याताओं, एनबीएलएड जो यूजीसी रेगुलेशन के अनुरूप लंबे समय से कार्यरत रहे हैं, उन्हें नियमित करने की मांग की थी। उन्होंने कहा कि सरकार जो नियुक्ति करने जा रही है। उसमें इन 700 व्याख्याताओं को समायोजित किया जाये। जिस प्रकार राजस्थान में 20 अंक देकर ऐसे व्याख्याताओं को समायोजित किया है। उसी प्रकार इन्हें भी वेटेज अंक देकर समायोजित किया जाये। इसके पहले मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने सदन में बताया कि खान विभाग के मांग पत्रों के आधार पर कंपनियों से वसूली गयी 842 करोड़ रुपये की राशि ट्रेजरी में जमा है।

# झारखंड में गुटखा पर बैन, कोर्ट-कचहरी और कलेक्ट्रेट में खुलेआम उपलब्ध

## होलसेलर मालामाल, खुले बाजार में महंगा दाम पर बिक रहा गुटखा, सिग्नेचर में 2500 रु. अधिक वसूल रहे हैं होलसेलर

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड में जब-जब गुटखा पर बैन लगा है। इसका खामियाजा जनता को ही भुगतना पड़ा है। एक बार फिर से जारखंड सरकार ने गुटखा पर बैन लगा दिया है। परंतु न तो इसकी बिक्री पर रोक के लिए कोई कमेटी बनायी और न ही फैक्टरी को बंद करने का नोटिस दिया। नतीजा, झारखंड के बाजार में आज भी खुलेआम गुटखा बिक रहा है। कोर्ट-कचहरी से लेकर कलेक्ट्रेट और विधानसभा के सामने तक इसकी खुलेआम बिक्री हो रही है। हां, गुटखा पर बैन लगने से एक बात तो साफ हो गया है कि जनता को महंगे दामों पर गुटखा मिल रहा है। 25 रुपये में मिलनेवाले रजनीगंधा-तुलसी अब, 30-32 रुपये में बिक रहा है।



**एक हजार से ढाई हजार बोरी तक महंगा हुआ गुटखा :** झारखंड के बाजार में बैन लगने से पहले गुटखा आमलोगों के लिए सुलभ था। परंतु बैन लगने के साथ ही होलसेलरों की चांदी हो गयी। गुटखा अब, एक हजार रुपये से लेकर ढाई हजार रुपये बोरी तक महंगा हो गया। सबसे अधिक दाम तो सिग्नेचर के बढ़े हैं। एक दुकानदार ने बताया कि होलसेलर पहले से ढाई हजार रुपये तक अधिक वसूल रहे हैं। वहीं, रजनीगंधा, कमला पसंद, शिखर, विमल और दिलरूबा जैसे पान मसाला पर एक हजार रुपये बोरी तक अधिक वसूले जा रहे हैं।

**इन जगहों पर खुलेआम बिक रहा गुटखा :** अपर बाजार, मेन रोड, कचहरी, कलक्ट्रेट, न्यू मार्केट रातू रोड, कांके रोड, पिस्का मोड़, पंडरा, धुर्वा जैसे बाजार में गुटखा चोरी-छिपे नहीं, बल्कि खुलेआम बिक रहे हैं। एक होलसेलर ने बताया कि बैन लगने के बाद उनके ऊपर भी बोझ बढ़ा है। ऐसे में वह बढ़े हुए बोझ को कम करने के लिए प्रति बोरा कुछ बढ़ा दिया है। जब खानेवाले लोगों को कोई आपत्ति नहीं है, तो फिर आपलोगों को क्या आपत्ति है।

### जिला प्रशासन को आदेश का इंतजार

कहने को तो सरकार के स्तर पर गुटखा की बिक्री और उत्पादन पर प्रतिबंध लगा दिया गया। विभाग के स्तर पर इसका आदेश भी जारी कर दिया गया। परंतु गुटखा पर बैन लगाये जाने के एक माह बाद भी जिला प्रशासन को इस पर रोक और छापामारी के लिए अधिकृत नहीं किया गया। नतीजा राज्य के जिलाधिकारियों को आज भी स्वास्थ्य विभाग के उस आदेश का इंतजार है, जिसमें इस बात का उल्लेख हो कि झारखंड के खुले बाजार में गुटखा पर बिक्री के लिए जिला उपायुक्त जिम्मेवार होंगे।

## आयुष मेले का आयोजन करने का नहीं मिला कोई प्रस्ताव : केंद्रीय मंत्री

### राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने आयुष मंत्रालय से सवाल पूछे



**रांची।** आयुष मंत्रालय के राज्य मंत्री प्रतापराव जाधव ने बताया कि आयुष मेले के आयोजन संबंधी झारखंड सरकार से कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है। दरअसल, सांसद दीपक प्रकाश ने मंगलवार को इस संबंध में सवाल पूछा था। उन्होंने कहा कि इसकी सेवाओं को छोटे शहरों और ग्राणीण क्षेत्रों में उपलब्ध कराने के लिए मेले का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पूरे देश मे 2021-24 तक 16 स्थानों पर आयुष मेले का आयोजन किया जा चुका है। वही 2024-25 और 2025-26 में चार राज्यों में आयुष मेले का आयोजन करने का प्रस्ताव है।

## गन्ना उत्पदकों को ₹1 लाख तक की मदद देगी सरकार

- गन्ना विकास कार्यालय रांची ने योग्य किसानों से अनुदान देने को 20 मार्च तक मांगे आवेदन

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** गन्ना विकास रांची के सहायक निदेशक ने कहा है कि रांची सहित राज्य के दूसरे जिलों में गन्ना की खेती के लिए अनुदान दिया जायेगा। इसके लिए सहायक निदेशक गन्ना विकास कार्यालय रांची ने योग्य किसानों से आवेदन भी मंगाये हैं। इस योजना के तहत कुल 40 ऐसे किसानों को इसका लाभ दिया जायेगा, जो कम से कम एक हेक्टेयर एरिया में गन्ना की खेती करते रहे हों। गन्ना उत्पादकों को अधिकतम अनुदान उपादान (आईएमएफ/आईपीएम) के रुप में एक लाख रुपए तक की मदद मिलेगी। रांची के अलावा खूंटी, लोहरदगा, गुमला, पलामू, पूर्वी सिंहभूम, सरायकेला, खरसावां, लातेहार, सिमडेगा, चाईबासा के इच्छुक किसान अपने अपने जिला कृषि पदाधिकारी के पास निर्धारित फॉर्मेट में 10 मार्च से 20 मार्च तक आवेदन जमा कर सकते हैं।

**इन बिंदुओं का रखना होगा ध्यान**

आवेदन पूरी तरह भरा होना चाहिए। इस पर बीएओ/ बीटीएम/ एटीएम एवं जनप्रतिनिधि का सत्यापन आवश्यक होगा। साथ ही अनुशंसित सूची जिला कृषि पदाधिकारी के माध्यम से उपलब्ध कराया जायेगा। आवेदन के साथ वांछित डॉक्यूमेंट्स होने चाहिये।

### भू-राजस्व, परिवहन और पथ निर्माण की अनुदान मांग ध्वनि मत से पारित

# अब जमीन के व्यवसायिक उपयोग पर देना होगा टैक्स: दीपक बिरूआ

- राज्य सरकार चारगाह और गैरमजूरवा भूमि रैयतों को वापस करने का कर रही विचार

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** विधानसभा के बजट सत्र के 11वें दिन भू राजस्व, परिवहन और पथ निर्माण की अनुदान मांग ध्वनि मत से पारित हो गया। भू-राजस्व मंत्री दीपक बिरूआ अपनी बात रखते हुये सदन में कहा कि सरकार जमीन के व्यवसायिक उपयोग पर टैक्स लगाने पर विचार कर रही है। 1996 के अनुरूप ही पेसा नियमावली बनाने की प्रक्रिया जारी है। मॉडर्न रेकॉर्ड रूम की स्थापना की जायेगी। अंचल और प्रखंड कार्यालयों में कड़ाई की जायेगी। सीओ को म्यूटेशन रिजेक्शन के लिए 50 शब्दों में लिखकर ठोस कारण बताना होगा। उन्होंने कहा कि नियम-कानून से पारदर्शिता लायी जायेगी। उन्होंने कहा कि 1884 के भूमि अधिग्रहण अधिनियम को भाजपा सरकार ने संशोधन कर दिया। वर्ष 2013 के सेक्शन एक प्रावधान था कि जमीन के उपयोग के बाद जो जमीन बचती है उसे पांच साल के बाद रैयत को वापस करने का प्रावधान था, लेकिन भाजपा सरकार ने इसे लैंड बैंक में शामिल करने का प्रावधान कर दिया। चारगाह भूमि और गैर-मजूरवा भूमि को भी लैंड बैंक में शामिल कर दिया। सरकार ऐसे जमीन को रैयतों को वापस करने का विचार कर रही है।

### 13 जिलों के सीमावर्ती क्षेत्रों में चेक पोस्ट लगाये जायेंगे

राज्य सरकार 13 जिलों के सीमावर्ती क्षेत्रों में चेक पोस्ट लगायेगी। इससे लगभग 1000 करोड़ रुपये राजस्व की प्राप्ति होगी। सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश के लिए 15 जिलों ब्रेथ एनालाइजर वितरित कर दिये गये हैं। सड़क सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। सड़क सुरक्षा को पाठ्यक्रम में भी शामिल किया जायेगा। कांग्रेस विधायक राजेश कच्छप ने खतियानी लोगों को संरक्षण देने की मांग की। उन्होंने कहा कि गैर कानूनी तरीके से जमीन लूट को रोकना होगा। भाजपा विधायक नीरा यादव ने कहा कि अंचल में दाखिल खारिज में कई त्रुटियां है। आवेदन अस्वीकृत कर दिया जा रहा है।

### 80 फीसदी दुर्घटना शराब के कारण : प्रदीप यादव

कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव ने कहा कि राष्ट्रीय अपराध ब्यूरो की रिर्पोट के अनुसार 46 फीसदी मौत सड़क दुर्घटना के कारण हुई। 80 फीसदी दुर्घटना शराब पीने से हुई। पिछले 11 महीने में 4664 सड़क दुर्घटना हुई। इसमें 3659 मौत हुई। उन्होंने कहा कि परिवहन में लिकेज बंद होगा तो 5000 करोड़ राजस्व प्राप्त होगा। प्रदीप यादव ने कहा कि नए डीपीआर का एलायनमेंट बदला जा रहा है। जंगल के साथ अन्य जगहों के पेड़ कट रहे हैं। विदेशों में एक भी पेड़ नहीं काटे जाते हैं। उन्होंने कहा कि ग्रामीण विकास विभाग और राजस्व विभाग के ऑफिस में दलालों पर अंकुश लगाया जाये।

## रेलवे संसोधन विधेयक विकसित भारत में सहायक : प्रदीप वर्मा

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** सांसद प्रदीप वर्मा ने रेलवे संशोधन विधेयक 2024 को विकसित भारत के लिये आवश्यक बताया है। श्री वर्मा मंगलवार को राज्यसभा में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि यह विधेयक भारतीय रेल के परिचालन को आधुनिक एवं अत्यंत पेशेवर ढंग से संचालित करने का प्रावधान करता है। उन्होंने इस विधेयक को मोदी जी की गारंटी को साकार करने वाला एक क्रांतिकारी कदम बताया। इसमें वर्ष 1905 के भारतीय रेलवे बोर्ड के अधिनियम को निरस्त कर इसके प्रावधानों को मौजूदा रेलवे अधिनियम 1989 में एकीकृत किया गया है, जिसका उद्देश्य रेलवे बोर्ड को स्वतंत्रता प्रदान करना है। उन्होंने इस विधेयक को भारतीय रेल के परिचालन एवं विकास में दक्षता व सुशासन को बढ़ाने वाला क्रांतिकारी कदम बताया। भारतीय रेलवे नेटवर्क को पहले की अपेक्षा और अधिक दक्षता और कौशल प्रदान करने का प्रावधान इस विधेयक में किया गया है। मोदी सरकार के द्वारा वर्ष 2024-25 के लिए 252000 हजार करोड़ का बजट आवंटन किया गया है। वंदे भारत ट्रेनों की शुरूआत कवच ट्रेन प्रणाली का क्रियान्वयन एवं भारत के प्रमुख शहरों में मेट्रो के विस्तार में यह विधेयक कारगर साबित होगी।

## महाधिवक्ता समेत कई अन्य अधिवक्ता न्यायालय की कार्यवाही में हुए शामिल

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** महाधिवक्ता समेत राज्य सरकार के कई वकील मंगलवार को चीफ जस्टिस समेत तीन जजों की कोर्ट में न्यायिक कार्य में शामिल हुए। कोर्ट खुलने के बाद अलग-अलग मामलों में पक्ष रखने के लिए सरकार के अधिवक्ता कोर्ट पहुंचे और सरकार की ओर से अदालत में बहस की। इससे पहले महाधिवक्ता ने पत्र जारी कर राज्य सरकार के लिए पक्ष रखने वाले अधिवक्ताओं को यह निर्देश दिया था कि वे कोर्ट की कार्यवाही में शामिल हो, इस पत्र के बाद सोमवार को जो वकील उक्त न्यायालय की कार्यवाही में शामिल हुए उन्हें एसोसिएशन की ओर से शो कॉज किया गया। दरअसल एडवोकेट एसोसिएशन ने झारखंड हाईकोर्ट के सभी वकीलों को बुधवार (12 मार्च) तक चीफ जस्टिस समेत तीन जजों की कोर्ट में न्यायिक कार्य में शामिल नहीं होने का निर्देश दिया है।

## 'स्मार्ट रांची कनेक्ट सेंटर' शुरू, अब हर दिन नगर निगम से जुड़ी शिकायतें कर सकेंगे दर्ज

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** नगर निगम ने शहरवासियों की सुविधा को ध्यान में रखकर 'स्मार्ट रांची कनेक्ट सेंटर' की शुरूआत की है। इस सेंटर के जरिए आम जनता अब अब 24 घंटे सातों दिन किसी भी समय नगर निगम से जुड़ी शिकायतें दर्ज करा सकते हैं। शिकायतें टोल-फ्री नंबर, मोबाइल ऐप, वेबसाइट या व्हाट्सएप चैटबॉट के माध्यम से की जा सकती है।

### शिकायतों का त्वरित होगा निपटारा

स्मार्ट रांची कनेक्ट सेंटर नगर निगम भवन के ग्राउंड फ्लोर पर संचालित किया जा रहा है। यहां रोजाना 60-65 शिकायतें दर्ज हो रही हैं, जिनमें से 85% शिकायतों का समाधान उसी दिन कर दिया जाता है। अधिकतम 72 घंटे के भीतर हर शिकायत का समाधान करने का लक्ष्य रखा गया है। फिलहाल, सबसे ज्यादा शिकायतें स्ट्रीट लाइट्स से जुड़ी आ रही हैं।

### गुजरात की कंपनी को संचालन की जिम्मेवारी

स्मार्ट रांची कनेक्ट सेंटर को सफलतापूर्वक संचालित करने के लिए गुजरात की कंपनी को टेंडर दिया गया है। नगर निगम की यह पहल स्मार्ट रांची के निर्माण में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे शहरवासियों को जल्द और प्रभावी समाधान मिल सकेगा।

### कांग्रेस प्रभारी के बयान पर भाजपा ने दी प्रतिक्रिया

## कांग्रेस में कौन-कौन हैं भाजपा के स्लीपर सेल : प्रतुल शाहदेव

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कांग्रेस के झारखंड प्रभारी के राजू के द्वारा पिछले कुछ दिनों से लगातार दिये जा रहे बयान पर उनको घेरा। ज्ञात है कि प्रभारी के राजू लगातार झारखंड कांग्रेस में भाजपा के स्लीपर सेल होने की बात कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि के राजू के इस बयान ने पूरी की पूरी झारखंड कांग्रेस को कटघरे में खड़ा कर दिया है। अब कांग्रेस के कार्यकर्ता ही एक दूसरे को शंका की दृष्टि से देख रहे हैं। उनको स्पष्ट करना चाहिये कि आखिर भाजपा का स्लीपर सेल कांग्रेस में कौन है। उन्होंने कहा ऐसा बयान देकर कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी ने दशकों से निष्ठा से झंडा उठा रहे हजारों कांग्रेसियों के निष्ठा पर ही प्रश्न चिन्ह कर दिया है। उन्होंने कहा कि अफसोस कांग्रेस का कोई एक नेता भी प्रभारी के इस बयान का विरोध नहीं कर रहा है। किसी समय कांग्रेस में आंतरिक प्रजातंत्र जीवित हुआ करता था लेकिन अब तो अपने बड़े नेताओं के सामने कांग्रेस के कार्यकर्ता गलत बात का विरोध भी नहीं करते हैं। उन्होंने कहा कि दरअसल कांग्रेस प्रभारी कांग्रेस के युवराज राहुल गांधी जी का अनुसरण कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस पूरे मुद्दे का आश्चर्यजनक पहलू है कि कांग्रेस झामुमो की पीठ पर चढ़कर दो बार झारखंड में चुनावी बैतरणी पार कर चुकी है। फिर भी कांग्रेस के प्रभारी को कांग्रेस में भाजपा का स्लीपर सेल दिख रहा है। उन्होंने कहा अगर प्रभारी स्लीपर सेलों की लिस्ट सार्वजनिक नहीं करेंगे तो पूरी की पूरी प्रदेश कांग्रेस पर ही सवालिया निशान हमेशा के लिए खड़ा रह जायेगा।

## रांची शहर में बार एवं रेस्टोरेंट के संचालन से संबंधित पीआइएल बंद

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** रांची शहर में चल रहे बार एवं रेस्टोरेंट के संचालन से संबंधित अनुराग कुमार की जनहित याचिका की सुनवाई झारखंड हाई कोर्ट में हुई। कोर्ट ने राज्य सरकार का पक्ष सुनने के बाद एवं रांची नगर निगम को निर्देश देते हुए याचिका निष्पादित करते हुए बंद कर दिया। सुनवाई के दौरान हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव की अध्यक्षता वाली खंडपीठ को महाधिवक्ता राजीव रंजन एवं अधिवक्ता पियूष चित्रेश ने बताया कि रांची में चल रहे 33 रूफ टॉप बार एवं रेस्टोरेंट जिनके पास मैप की स्वीकृति सहित उचित लाइसेंस नहीं था, उससे रांची नगर निगम ने शो कॉज नोटिस जारी कर जवाब मांगा था। उनके जवाब पर असंतुष्टि जताते हुए रांची नगर निगम ने रांची शहर के 33 रूफ टॉप बार एवं रेस्टोरेंट को बंद करते सील कर दिया है।

महाधिवक्ता राजीव रंजन ने कोर्ट को बताया कि राज्य में बार एवं रेस्टोरेंट के संचालक को लेकर राज्य सरकार जल्द एक नियमावली ला रही है। कोर्ट ने रांची नगर निगम को निर्देश दिया कि वह समय-समय पर बार एवं रेस्टोरेंट का निरीक्षण करते रहें जिससे बार एवं रेस्टोरेंट में अवैध निर्माण पर रोक लगे। साथ ही बार एवं रेस्टोरेंट में सुरक्षा मानक का इंतजाम सही तरीके से हो सके। बता दें कि अनुराग कुमार ने जनहित याचिका दाखिल कर रांची शहर में मंदिर, स्कूलों के निकट बार एवं रेस्टोरेंट के संचालक पर रोक लगाने का आग्रह किया था।

## झारखंड में मादक पदार्थों की खरीद-बिक्री से संबंधित पीआइएल हाईकोर्ट ने किया बंद

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** झारखंड में अफीम, चरस, गांजा जैसे मादक पदार्थों की बिक्री एवं इसकी रोकथाम को लेकर कोर्ट के स्वतः संज्ञान की सुनवाई झारखंड हाई कोर्ट में हुई। मामले में हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने राज्य सरकार का जवाब देखते हुए इस जनहित याचिका को बंद करते हुए निष्पादित कर दिया। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से महाधिवक्ता राजीव रंजन एवं अधिवक्ता पियूष चित्रेश की ओर से कोर्ट को बताया गया कि झारखंड पुलिस ने पिछले कई महीनो में राज्य के कई जिलों में अवैध रूप से चल रहे कई हेक्टेयर में अफीम की खेती को नष्ट किया है। अफीम, चरस, गांजा के तस्करों पर पुलिस ने लगाम लगाया है।

मादक पदार्थों के खरीद बिक्री करने वाले पकड़े जा रहे हैं। नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो से मिले इनपुट के आधार पर पुलिस मादक पदार्थ की खेती को नष्ट कर रही है और मादक पदार्थों के खरीद बिक्री करने वालों को गिरफ्तार कर रही है। अफीम की खेती नष्ट किए जाने से संबंधित कार्रवाई टेबुलर चार्ट के माध्यम से कोर्ट में प्रस्तुत किया गया।

कोर्ट ने सरकार के जवाब पर संतुष्टि जताते हुए इस जनहित याचिका को बंद कर दिया। दरअसल, खूंटी में अफीम के फसलों को नष्ट करने एवं झारखंड में अफीम, चरस, गांजा आदि ड्रग्स के कारोबार में लगातार वृद्धि पर हाईकोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया था।

## जेएसएमडीसी की खदान जल्द होगी शुरू : योगेंद्र प्रसाद

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने मंगलवार को सदन में कहा कि चंदवा प्रखंड स्थिति सिकनी कोयला खदान को जल्द फिर से चालू किया जायेगा। कैबिनेट में प्रस्ताव लाकर इसका नवीनीकरण किया जायेगा। लातेहार जिलांतर्गत चंदवा प्रखंड के सिकनी में जेएसएमडीसी द्वारा धारित कोल खनन पट्टा की अवधि 27 फरवरी 2025 तक थी। खनन पट्टा अवधि विस्तार का प्रस्ताव स्वीकृति के प्रक्रियाधीन है। विधायक प्रकाश राम ने तारांकित प्रश्न के माध्यम से बंद पड़ी जेएसएमडीसी की कोयला खदान को फिर से चालू किये जाने की मांग की थी। उन्होंने कहा कि इससे 10 हजार लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिला था लेकिन बंद होने से विस्थापन की समस्या और राज्य को राजस्व की हानि हुई है।

## व्यवसायिक शिक्षकों के समायोजन पर किया जायेगा विचार : रामदास सोरेन



**रांची।** शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने सदन में कहा कि व्यवसायिक शिक्षकों को सीधा झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद द्वारा अनुबंधकर्मियों की तर्ज पर समायोजित किया जाना नीतिगत बात है। इसपर विचार करेंगे। इन शिक्षकों को संवेदक के माध्यम से लिया गया है। करीब नौ एजेंसियों के माध्यम से इन्हें लिया गया है। 20 हजार रुपये मानदेय देना निर्धारित है। इसी मानदेय में सारी सुविधाएं निहित हैं। हालांकि मंत्री ने माना कि मानेदेय में विसंगति है। विधायक नागेंद्र महतो ने तारांकित प्रश्न के माध्यम से यह प्रश्न उठाया था। उन्होंने सरकार से व्यवसायिक शिक्षा से बिचौलिया कंपनियों को हटाकर व्यवसायिक शिक्षकों को झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद द्वारा अनुबंधकर्मियों की तर्ज पर समायोजित करने की मांग की थी। यह भी कहा कि इन्हें 20 हजार रुपये मानदेय निर्धारित है लेकिन बिचौलिया कंपनियां इन्हें कहीं 15 तो कहीं 18 हजार रुपये देती हैं। नौ साल में इनके मानदेय में कोई वृद्धि नहीं की गयी है। इसमें 892 शिक्षक कार्यरत हैं। उन्होंने कहा कि पाकुड़ जिलांतर्गत महेशपुर में कन्या उच्च विद्यालय निर्माण का मामला नीतिगत बात है। इसपर विचार के लिए बाद निर्णय लिया जायेगा। उन्होंने कहा कि वहां स्कूल बन चुका है। उसमें को.एजुकेशन चल रहा है। लड़के.लड़कियां दोनों पढ़ रही हैं। अलग से कन्या विद्यालय बनने पर विचार किया जायेगा। स्टीफन मरांडी ने तारांकित सवाल के माध्यम से यह मामला उठाया था। उन्होंने महेशपुर में कन्या उच्च विद्यालय बनाये जाने की मांग की थी। कहा कि वहां एक भी कन्या विद्यालय नहीं है। इससे छात्राओं को पढ़ाई में काफी कठिनाई होती है।

## नवनिर्मित कॉलेजों में पढ़ाई जल्द होगी शुरू : सुदिव्य



**रांची।** मंत्री सुदिव्य कुमार ने सदन में डुमरी विधानसभा के पंचायत कल्हाबार में डिर्ग्री कॉलेज और नवाबार में आईटीआई कॉलेज में पठन पाठन का कार्य जल्द शुरू करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि अधिकारियों का प्रशिक्षण हो रहा है। इसकी कमी दूर होते ही पढ़ाई शुरू हो जायेगी। छात्र-छात्राओं की संख्या के आलोक में भी पठन पाठन कार्य शुरू कराया जायेगा। दरअसल, विधायक जयराम महतो ने तारांकित प्रश्न के माध्यम से दोनों नवनिर्मित कॉलेजों में सत्र 2025-26 से पठन पाठन शुरू कराये जाने की मांग की थी। उन्होंने कहा कि दोनो ही कॉलेज वर्ष 2023 में ही बनकर तैयार हो गये हैं। लेकिन अभी तक पढ़ाई शुरू नहीं हुई है जिससे छात्रों को कठिनाई हो रही है।


### देवरी सूर्य मंदिर को पर्यटन स्थल घोषित करने का निर्देश

सरकार से सोन नदी में छठ घाट का निर्माण कराये जाने की मांग की थी

**रांची।** मंत्री सुदिव्य कुमार ने कहा कि पर्यटन स्थलों पर सुविधायें विकसित करने को सरकार प्रतिबद्ध है। पलामू जिले के अंतर्गत हुसैनाबाद अनुमंडल के देवरी सूर्य मंदिर को पर्यटक स्थल घोषित करने के लिए जिले के डीसी को निर्देशित किया गया है। जहां तक वहां छठ घाट निर्माण की बात है तो विधायक इसे जिला संवर्द्धन समिति के माध्यम से सरकार के पास भेजवायें, काम कराया जायेगा। समिति में विधायक भी शामिल हैं। विधायक संजय कुमार सिंह यादव ने ध्यानाकर्षण के माध्यम से यह सवाल सदन में उठाया था। उन्होंने पलामू जिले के हुसैनाबाद अनुमंडल में देवरी में स्थिति सूर्य मंदिर के पास सोन नदी में छठ घाट का निर्माण कराये जाने की मांग सरकार से की थी।

## पक्ष-विपक्ष आमने-सामने भाजपा ने किया वॉकआउट





खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** विधानसभा के बजट सत्र के मंगलवार को हद्वतीय पाली में सत्ता पक्ष और विपक्ष आमने-सामने हो गये। भाजपा विधायक सत्येंद्र तिवारी ने पथ निर्माण सचिव के उपर गंभीर आरोप लगाये। उन्होंने कहा कि टेंडर में सेक्रेट्री की भी सांठ-गांठ है। इस विभाग के टेंडर में दो चार लोग ही भाग लेते हैं। इस पर मंत्री इरफान अंसारी ने कहा कि जो मन आ रहा है, वे बोल रहे हैं। इतने में सदन में सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों ओर से तीखी बहस होने लगी।

संसदीय कार्य मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि अगर त्रुटि हो रही हो तो ठोस प्रमाण दें। ऐसे अधिकारी पर आरोप नहीं लगा सकते हैं। कोई भी सक्षम डिपार्टमेंट के सेक्रेट्री को टेंडर से कोई लेना-देना नहीं होता है। इस पर सत्येंद्र तिवारी ने राधाकृष्ण किशोर को रुपया मंत्री कहकर संबोधित किया। इस पर मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि सत्येंद तिवारी सड़क छाप भाषा बोल रहे हैं। वे सबूत दें। अनुप सिंह ने कहा कि पदाधिकारी बेहतर गुणवत्ता से साथ काम करा रहे हैं। मंत्री संजय प्रसाद यादव ने कहा कि 20 से 30 फीसदी बिल में टेंडर जा रहा है। 17 साल भाजपा ने राज किया। इसके बाद नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि अफसर दूध के धुले हुए नहीं हैं। पथ निर्माण सचिव जब हजारीबाग में डीसी थे। तब एनटीपीसी के अफसरों के साथ मारपीट की थी। एनएचआरसी ने 25 हजार रूपये का दंड लगाया था। सरकार बताये कि दंड की राशि जमा कराई कि नहीं। इसके बाद भाजपा विधायक वेल में चले गये। फिर सदन से वॉकआउट किया। सत्येंद्र तिवारी ने कहा कि सीओ के पास बिना मोटा चढ़ावा के दाखिल खारिज नहीं होगा। 1932 के बाद कोई रिविजन सर्वे नहीं हुआ है। रजिस्टर-टू का पन्ना खास्ताहाल में है। हरेक 15 साल में रिविजन सर्वे होना चाहिये। खान खनिज के लिए कोई ठोस नीति नहीं बना है। बजट में बालू का कोई जिक्र नहीं है। बालू घाटों की नीलामी नहीं होने के लिये जेएसएमडीसी जिम्मेवार है। इसमें कई सफेदपोश भी संलिप्त हैं। इनकी संपत्ति की जांच कराई जाये।

## भटिंडा फॉल का विकास और सौंदर्यीकरण हो : राज सिन्हा



**रांची।** धनबाद विधानसभा क्षेत्र से विधायक राज सिन्हा ने धनबाद विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत भटिंडा फॉल को विकसित और सौंदर्यीकरण करने की मांग तारांकित प्रश्न के माध्यम से की। उन्होंने कहा कि यह पर्यटन स्थल अधिसूचित होने बाद भी इसका सौंदर्यीकरण नहीं हो पाया है। इससे पर्यटकों को असुविधा हो रही है। उन्होंने वहां के स्थानीय युवकों को जो गोताखोर का भी काम करते हैं, उन्हें प्रोत्साहन देने लिए सरकार की योजना से जोड़ने की भी मांग की। इस पर मंत्री सुदिव्य कुमार ने कहा कि यह स्थल बी श्रेणी में अधिसूचित है। उसके सौंदर्यीकरण के मद में 1.40 करोड़ रुपये दिये गये हैं। जहां तक वहां के स्थानीय युवकों की बात है तो उन्हें पर्यटन मित्र के रूप में रखा जायेगा। इसके लिये उन्हें ट्रेनिंग भी दिलायी जायेगी।

### सदस्यता अभियान को लेकर महिला कांग्रेस की बैठक आयोजित

# जिला कमेटी को 100 एवं प्रखंड कमेटी को 50 मेंबर बनाना अनिवार्य है : गुंजन सिंह

● अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर रिम्स की महिला चिकित्सकों को किया गया सम्मानित



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष गुंजन सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को कांग्रेस भवन, रांची में प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी का पुनर्गठन सह सदस्यता अभियान को लेकर एक आवश्यक बैठक हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, पूर्व प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष जलेश्वर महतो, विधायक ममता देवी, श्वेता सिंह, लोकसभा प्रत्याशी अनुपमा सिंह उपस्थित हुईं।

बैठक के दौरान अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर रिम्स के डॉक्टर्स किरण त्रिवेदी, डॉ पुष्पांजलि, डॉ सुषमा, डॉ अनुपा एवं हाईकोर्ट के अधिवक्ता मनिषा, अदविता आदिविता आर्या समेत अन्य को सम्मानित किया गया। इसके बाद मिलन समारोह का आयोजन हुआ, जिसमें रांची से सीमा श्रीवास्तव, खूंटी से जसींता बारला, पलामू से रेखा सिंह, पाकुड़ से शहनाज खातून ने अपने समर्थकों के साथ प्रदेश महिला कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की।

इस अवसर पर झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष गुंजन सिंह ने कहा कि महिला आरक्षण विधेयक को तुरंत लागू करने और उसमें ओबीसी कोटे की महिलाओं को शामिल करने की मांग को लेकर मार्च के अंतिम सप्ताह में राजभवन घेराव कार्यक्रम किया जायेगा। उन्होंने कहा कि जिला कमेटी को 100 एवं प्रखंड कमेटी को 50 मेंबरशिप करना अनिवार्य है तभी कमेटी में जगह मिल पायेगी।

प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष गुंजन सिंह ने मंईयां सम्मान योजना के तहत सभी प्रदेश की गरीब महिलाओं के खाता में प्रोत्साहन राशि दिये जाने पर गठबंधन सरकार को बधाई दी है तथा कहा कि राज्य की महिलाएं राज्य सरकार के क्रियाकलापों से काफी खुश हैं।

बैठक के अंत में प्रदेश महिला कांग्रेस द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन हुआ, जिसमें प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष गुंजन सिंह ने उपस्थित सभी महिला कांग्रेस पदाधिकारियों को लाल गुलाल लगाकर होली की अग्रिम बधाई दी। इसके बाद सभी ने एक-दूसरे को अबीर लगाकर होली की बधाई दी।

बैठक में मुख्य रूप से कंचन चौधरी, पुनीता चौधरी, पिंकी सिंह, संगीता टोप्पो, नीलम सहाय, पार्वती सिंह, सीमा साहु, शहनाज खातून, शिल्पी चक्रवर्ती, सीमा मोहंती, नमिता सिंह, मीनू सिंह, अनीता सिन्हा, राम दुलारी देवी, क्रिस्टीना बारला, रांची मेरी तिर्की, वर्षा, रेखा सिंह, सीता राणा, मंजू जोशी, बैबी देवी, प्रमिला देवी, अनमोल कुमारी, रींकु प्रिया आदि शामिल थीं।

# पूर्व विधायक परिषद की बैठक में सम्मेलन आयोजित करने का लिया गया निर्णय

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** झारखंड राज्य पूर्व विधायक परिषद के कार्यकारिणी समिति की बैठक परिषद के अध्यक्ष देवेन्द्र नाथ चांपिया की अध्यक्षता में मंगलवार को परिषद कार्यालय के सभागार, धुर्वा, रांची में हुई।

बैठक में आगामी अप्रैल माह के प्रथम सप्ताह में एक दिवसीय झारखंड राज्य पूर्व विधायक परिषद का सम्मेलन रांची में करने का निर्णय लिया गया है। बैठक में झारखंड राज्य विधायक, सांसद, गृह निर्माण स्वावलंबी सहकारिता समिति के सदस्यों को क्रमः यथाशीघ्र भू-आवंटन करने, आवास बोर्ड में पूर्व विधायकों को एक प्रतिशत भू एवं फ्लैट आवंटन करने, विगत दिनों विधानसभा में कूपन उपलब्ध न रहने के कारण जिन सदस्यों द्वारा वायु एवं रेल मार्ग द्वारा निजी खर्च से यात्रा किये है, उसकी प्रतिपूर्ति निर्धारित राशि से करने हेतु विधानसभा अध्यक्ष से अनुरोध करने का फैसला लिया गया। बैठक में अध्यक्ष के अलावे भुनेश्वर प्रसाद मेहता, केशव महतो कमलेश, शंकर चौधरी, रामजीलाल शारदा, बैंजामिन मुर्मू, राज राजेन्द्र प्रताप देव, लोकनाथ महतो, सुधा चौधरी, रमेश उरांव, डॉ लंबोदर महतो, एसके प्रसारी, अभयकांत प्रसाद, राजेन्द्र नाथ शाहदेव आदि उपस्थित थे।

## श्री चैती दुर्गा पूजा महासमिति ने किया भूमि पूजन, 30 को कलश स्थापना

**रांची।** भुतहा तालाब स्थित श्री चैती दुर्गा पूजा महासमिति की ओर से शताब्दी वर्ष और चैत्र नवरात्रि के अवसर पर पंडाल निर्माण का शुभारंभ हुआ। भूमि पूजन और पूजा अर्चना का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य पुजारी सुभाष चंद्र मिश्रा ने विधिपूर्वक पूजा अनुष्ठान कराया। मां भवानी की पूजा और आरती की गई। भक्तों के बीच प्रसाद भी बांटा गया। प्रवक्ता नमन भारतीय ने बताया कि चैत्र नवरात्रि के अवसर पर भव्य पंडाल बनाया जायेगा। मंदिर को आकर्षक लाइटों और फूलों से सजाया जाएगा और श्रद्धालुओं के आगमन के लिए भव्य मुख्य द्वार भी बनाया जाएगा। इसके अलावा सती मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की जाएगी। भूमि पूजन में मुख्य संरक्षक किशोर साहू, राजकुमार गुप्ता, उदय साहू, अध्यक्ष शंकर दुबे, कार्यकारी अध्यक्ष दीपू सिंह, महामंत्री गोपाल पारीक, कोषाध्यक्ष संजय सिंह (लल्लू सिंह), प्रवक्ता नमन भारतीय, मीडिया प्रभारी सौरभ राय, रोहित सिंह और अन्य सदस्य भी उपस्थित थे।

## झारखंड रक्षा शक्ति विवि में उड़े रंग- गुलाल



रांची। झारखंड रक्षा शक्ति विवि में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लेकर होली की खुशियां साझा की। रंगों से सराबोर इस समारोह में आपसी सौहार्द, भाईचारा और एकता के अनूठी झलक देखने को मिली। सभी ने रंगों की बौछार की और होली के पारंपरिक गीतों पर झूमते हुए सभी ने उल्लास मनाया। कार्यक्रम में विवि के कुलसचिव डॉ हेमेंद्र कुमार भगत व सभी विद्यार्थियों ने एक-दूसरे को फगुआ का गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। इस दौरान छात्रों ने संस्कृतिक कार्यक्रमों का भी भरपूर आनंद लिया। रंगारंग प्रस्तुतियों और पारंपरिक गीतों के बीच पूरा वातावरण उल्लासमय हो गया। नागपुरी, हिंदी गानों के बीच भोजपुरी के होली गानों पर खूब डांस मस्ती हुई। होली खेले रघुबीरा, बलम पिचकारी जो तूने मारी सिटी, होलिया में उड़े रे गुलाल, कौन कलर का साड़ी पहनी हो जैसे गानों पर खूब गुलाल उड़े। कार्यक्रम में डॉ. नागेश कुमार, डॉ. विकाश कुमार, डॉ कृति निगम, डॉ. शशि जे, रवीना, अभिषेक कुमार, नितेश, अजीत, सानू, फरहीन, समा, नेहा, प्रेम, दिव्या, फरीद, आर्यन, श्रेया, शिवम, रोहित, पायल, आरती, आकृति, उमर, अमृता समेत अन्य लोग मौजूद थे।

# श्री श्याम मित्र मंडल का रंग रंगीला फागुन महोत्सव संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में फागुन उत्सव मनाया गया। इसके साथ ही श्री श्याम मित्र मंडल का 53वां स्थापना दिवस सह रंग रंगीला फागुन महोत्सव का समापन हुआ। सुबह से ही मंदिर के बाहर श्रद्धालुओं की भीड़ जुटने लगी थी। मंदिर का मुख्य गेट खोलते ही सभी श्रद्धालु एक कतार मे खडे हुए। सभी श्रद्धालु एक कतार में मंदिर के अंदर में प्रवेश किए।

बाबा का दर्शन किए। सबसे पहले बाबा का श्रंगार किया गया। एकादशी संकीर्तन में बाबा का दर्शन किया गया। आरती उतारी गई। इस अवसर पर जेपी सिंघानिया ने अपने परिवार के साथ अखंड ज्योति प्रज्वलित की। इसमें हजारों भक्त शामिल हुए। अखंड ज्योति जलाई गई। आहुति दी गई। बाबा से मनोकामना पूरा होने का आशीष मांगा गया। महाभोग चढाया गया। इसमें विभिन्न प्रकार के फल को शामिल किया गया।

मौके पर अध्यक्ष सुरेश सरावगी, महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया, महोत्सव संयोजक श्रवण ढानढनिया, मंत्री श्यामसुंदर शर्मा, गौरव अग्रवाल, मोनू कोषाध्यक्ष, पंकज गाड़ोदिया, उपमंत्री अनिल नारनौली, आदित्य लोहिया स्नेह पोद्दार, रतन शर्मा, राजेश कतारुका, रोशन खेमका, दिनेश अग्रवाल, लोकेश जालान, आशुतोष खेतान, सर्वेश अग्रवाल, प्रकाश सरावगी, किशन शर्मा, विशाल पोद्दार, मंत्री गौरव अग्रवाल, समेत मोनू शामिल थे।

### 15000 से ज्यादा भक्तों ने किया प्रसाद ग्रहण

मंडल अध्यक्ष सुरेश सरावगी ने श्याम बाबा को रसोई का भोग लगाया। शाम 4:30 बजे श्रद्धालुओं के लिए महाभंडारा का आयोजन हुआ। लगभग 15000 से ज्यादा भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। संध्या 6:15 बजे द्वादशी संकीर्तन शुरू हुआ जो देर रात तक चलता रहा। स्थानीय कलाकारों ने श्रद्धालुओं को विभोर कर दिया। श्याम मित्र मंडल के श्रवण ढानढनिया, श्यामसुंदर शर्मा, सलज अग्रवाल, गौरव अग्रवाल, मोनू पवन शर्मा, मदन सोनी, राजन जोशी, रवि जोशी, विभोर डागा, तनय काठपाल समेत अन्य बाबा के दरबार में भजनों का स्वर लहरी प्रवाहित किए गए। महाभंडारा में छप्पन भोग का प्रसाद वितरण किया गया। इसमें चूरमा खीर, पूड़ी, चना की सब्जी भक्तों के बीच वितरण किया गया।

खबर एक नजर में

## बैंक ऑफ इंडिया, रांची आंचलिक कार्यालय राजभाषा सम्मान के तहत प्रथम पुरस्कार से सम्मानित



**रांची।** क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय (पूर्व क्षेत्र) के अंतर्गत 'क' क्षेत्र में संघ की राजभाषा नीति के उत्कृष्ट कार्यान्वयन तथा राजभाषा के प्रगामी प्रयोग हेतु वर्ष 2023-2024 के लिए बैंक ऑफ इंडिया, रांची कार्यालय को राजभाषा सम्मान के तहत प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया। क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय पूर्व एवं पूर्वोत्तर द्वारा 05 मार्च को गुवाहाटी, असम में आयोजित पूर्व एवं पूर्वोत्तर का संयुक्त राजभाषा सम्मेलन एवं पुरस्कार वितरण समारोह में बैंक ऑफ इंडिया की उप आंचलिक प्रबंधक बनिता मोहापात्रा एवं वरिष्ठ प्रबंधक स्वाति कुमारी प्रसाद के द्वारा शील्ड एवं प्रमाणपत्र ग्रहण किया गया। इस पुरस्कार समारोह के विशिष्ट अतिथि मुख्यमंत्री, असम हेमंत बिस्वा सरमा एवं समारोह के अध्यक्ष केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री, नित्यानन्द राय के कर कमलों से राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय के सचिव अंशुलि आर्या, आई.ए.एस एवं संयुक्त सचिव, डा. मीनाक्षी जौली की उपस्थिति में प्राप्त हुआ।

## केनरा बैंक में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन



**रांची।** केनरा बैंक, अंचल कार्यालय, रांची में सुजीत कुमार साहू, महाप्रबंधक व अंचल प्रमुख के कुशल नेतृत्व एवं अध्यक्षता में मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती प्रीति कुमारी, आईएएस एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में मेजर शालिनी सिंह, भारतीय सेना, डीपा टोली कैंट उपस्थित रहीं। उप महाप्रबंधक ने औपचारिक रूप से स्वागत सम्बोधन प्रस्तुत कर सभी का स्वागत किया। सुजीत कुमार साहू, महाप्रबंधक ने अपने अध्यक्षीय सम्बोधन में कहा कि घर, समाज, देश, बैंक एवं विभिन्न कार्यस्थल में महिलाओं का विशेष योगदान है। केनरा बैंक में महिलाएं उच्च पद पर कार्यरत हैं और बेहतर प्रदर्शन कर रही हैं। कार्यक्रम में अंचल कार्यालय के सभी कार्यपालकगण एवं अधिकारीगण ने सक्रिय रूप से भाग लिया।

## आरयू नियम विरुद्ध कार्य करेगा तो इसका विरोध करेगा एनएसयूआइ

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** एनएसयूआई प्रदेश उपाध्यक्ष अमन अहमद ने कहा है कि रांची विश्वविद्यालय में शिक्षकों की कमी को देखते हुए कुलपति डॉ. अजीत कुमार सिन्हा रिसर्च स्कॉलर को पढ़ाने की जिम्मेदारी देने पर विचार कर रहे हैं, जो उच्च शिक्षा की गुणवत्ता के लिए घातक है। वहीं, दूसरी ओर यूजीसी, जेपीएससी तथा विश्वविद्यालय अधिनियम में भी यह प्रावधान नहीं है कि आप रिसर्च स्कॉलर को परमानेंट फैकल्टी की जगह कार्यभार सौंप दें। दूसरी ओर नियमित शिक्षक का कार्यभार पहले से इतना ज्यादा है कि उसके बाद उन पर अतिरिक्त भार देना कहीं से भी उचित नहीं है। वे स्वयं कार्य नहीं कर पाएंगे बल्कि इस कार्य के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति होगी। उन्होंने कहा कि यदि, रांची विश्वविद्यालय इस तरह का निर्णय लेता है, तो संगठन द्वारा इसका जोरदार विरोध किया जाएगा। विश्वविद्यालय शिक्षकों की कमी का रोना रो रहा है, जबकि गत कई वर्षों से अतिथि शिक्षकों ने इस कार्यभार को बखूबी संभाला है। बावजूद उन्हें भी कार्य करने से रोक दिया गया है। इससे स्पष्ट होता है कि विश्वविद्यालय को शिक्षा से कोई वास्ता नहीं रह गया है। कुलपति सिर्फ राजनीति करना चाह रहे हैं। उनका कार्यकाल महज चंद दिनों का है। इसलिए वे विश्वविद्यालय में समस्याएं खड़ी कर और चीजों को उलझा कर जाना चाहते हैं। संगठन उन्हें ऐसा नहीं करने देगा। छात्रहित में जो भी न्यायसंगत कदम होगा संगठन उठाएगा। श्री अहमद ने कहा जब तक जेपीएससी द्वारा स्थाई बहाली नहीं हो जाती है, तब तक अस्थायी तौर पर अतिथि शिक्षकों की सेवा ली जाए लेकिन इसमें भी भाई भतीजावाद को दरकिनार करना होगा।

# जेसीएम का आरयू-डीएसपीएमयू में फगुआ सह होली का सफल आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** झारखंड छात्र मोर्चा, रांची विश्वविद्यालय एवं डीएसपीएमयू में संयुक्त रूप से फगुआ सह होली का आयोजन मंगलवार को डीएसपीएमयू सेकंड गेट आरयू बेसिक साइंस बिल्डिंग के समक्ष हुआ। कार्यक्रम में डीजे की शानदार व्यवस्था की गई थी। साथ ही 1 क्विंटल अबीर, स्मोक अबीर की व्यवस्था जेसीएम की ओर से की गई थी। कार्यक्रम 12 बजे शुरू हुआ एवं 6 बजे तक चला। छात्र छात्राओं ने नागपुरी, हिंदी एवं भोजपुरी गानों में खूब थिरके। 6 बजे कार्यक्रम की समाप्ति आयोजकों द्वारा कर दी गई। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में डॉ. श्यामा प्रसाद विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य, कांग्रेस महानगर अध्यक्ष कुमार राजा, जेएमएम जिला संयोजक धर्मेंद्र सिंह, समाजसेवी सीमा रॉय, ऋषि शाहदेव, जेएमएम नेता तालकेश्वर महतो, सुजीत उपाध्याय, बबलू राम, नंदकिशोर चंदेल डीएसपीएमयू विभाग कई शिक्षक, कैपिटल सिविल सर्विसेज के अमित, रांची विश्वविद्यालय के दर्शनशास्त्र विभाग के एचओडी डॉ अजय कुमार सिंह, डॉ पुष्पा सिंह, सविता मिश्रा साथ ही विश्वविद्यालय के अन्य छात्र संगठनों की प्रतिनिधि शामिल हुए। जेसीएम की ओर से आयोजक के रूप में मुख्य रूप से रांची विश्वविद्यालय के निवर्तमान पदाधिकारियों में अध्यक्ष अमन तिवारी, सचिव असद फेराज टिंकू, प्रेम प्रतीक केशरी, उपाध्यक्ष भास्कर महतो, कोषाध्यक्ष राहुल मुंडा, डीएसपीएमयू अध्यक्ष मनीष राणा, कमलेश महतो, अभिषेक गोस्वामी, आनंद यादव, अरविंद कुमार, चंदन केशरी, आयुष कुमार,शिवम यादव, राज सिंह, राहुल यादव सहित कई लोग शामिल थे।

## अश्लील गाना बजाने व हुड़दंगियों पर कार्रवाई की मांग

रांची। राष्ट्र धर्म रक्षा मंच ने होली पर द्विअर्थी गाने बजाने, हुडदंग व तेज रफ्तार में गाड़ी चलाने पर अंकुश लगाने की मांग की है। संगठन ने एसएसपी के नाम मंगलवार को ज्ञापन सौंपा है। इसमें बताया गया कि शहर के कई इलाकों में होली पर अश्लील गीत साउंड सिस्टम पर बजाए जाते हैं। वहीं, भोंडे नृत्य व नशापान कर गाड़ी चलाने से आमलोग परेशान होते हैं। संगठन ने एसएसपी से सभी थानेदारों को निर्देश जारी कर सख्ती से पालन कराने का आग्रह किया है। प्रतिनिधियों में अमृतेश पाठक, प्रकाश सिंह, रेणुका तिवारी, पूजा चौहान, लक्ष्मी उरांव, किशोर मगापात्रा शामिल थे।

## 'दवा' ने गरीब आजाद के ईलाज को दिये आर्थिक सहयोग

**रांची।** समाज में जरूरतमंदों के सहयोग के लिए प्रतिबद्ध डॉक्टर्स वाइव्स एसोसिएशन (दवा) ने मंगलवार को फिर एक 15 साल का बच्चा, जिसके हाथ में केमिकल गिर गया था, उसका सहयोग किया। बूटी मोड़ स्थित लाइफकेयर हॉस्पिटल में भर्ती आजाद कुमार को इलाज के दौरान दाहिना हाथ खोना पड़ा। आयुष्मान कार्ड न होने के कारण बच्चे के परिवार को पैसे की भारी तंगी का सामना करना पड़ रहा है। दवा कोष फंड के साथ-साथ सारे एग्जीक्यूटिव मेंबर्स ने अपने निजी स्तर से भी पैसों से सहयोग किया। दवा की चेयरपर्सन विनीता शरण, फाउंडर एंड को-चेयरपर्सन झूमा सरकार, अध्यक्ष आरती सिंह, सचिव अंजू सिंह, कोषाध्यक्ष सिंधु भदानी के साथ-साथ सारे एग्जीक्यूटिव मेंबर्स ने मिलकर आजाद कुमार के परिवार को 40,000 रुपये का चेक देकर सहयोग किया एवं दवा के जेनरल मेंबर्स ने भी 24,000 रुपये का सहयोग किया। डॉक्टर्स वाइव्स एसोसिएशन ने बच्चे के शीघ्र अतिशीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की है।

## सदर थाना निवासी 70 वर्षीय वृद्ध लापता



**रांची।** बांधगाड़ी, दीपाटोली, सदर थाना निवासी ओसियन देमता गत सोमवार से लापता हैं। उनके पुत्र नितेश देमता ने सदर थाना में सनहा दर्ज कर उसके पिता को ढूंढने की गुहार लगायी है। नितेश देमता ने बताया कि उसके पिता सोमवार दोपहर 12 बजे से अपने निवास स्थान से लापता हैं। बहुत ढूंढने के बाद भी अभी तक उनका कुछ पता नहीं चल सका है। उसके पिता का उम्र 70 वर्ष, रंग सांवला, औसत ऊंचाई 6 फीट एवं सफेद शर्ट और काला पैंट पहने हुए हैं। जिस किसी सज्जन को उनके बारे में पता चले कृपया मो. 9199779124, 7761816092 पर सूचना देने की कृपा करें।

# 21 को आदिवासी विधायकों की शवयात्रा, 22 को झारखंड बंद का आह्वान

### सरना स्थल के पास फ्लाईओवर का रैंप हटाने की मांग

**रांची।** केंद्रीय सरना स्थल सिरम टोली में संयुक्त आदिवासी संगठनों की बैठक मंगलवार को हुई। इस दौरान सरना स्थल के समीप फ्लाईओवर का रैंप हटाने को लेकर हुई मानव श्रृंखला की समीक्षा की गई। निर्णय हुआ कि आगे की रणनीति के तहत राज्य स्तरीय पुतला दहन होगा और 21 मार्च को 30 आदिवासी विधायकों की शवयात्रा निकाली जाएगी। साथ ही मशाल जुलूस निकाला जाएगा। 22 मार्च को झारखंड बंद का आह्वान किया गया। वक्ताओं ने कहा कि फिर भी राज्य सरकार ने हमारी मांगों पर ध्यान नहीं दिया तो अनिश्चितकालीन धरना पर बैठा जाएगा। आंदोलन की अगुवाई कर रहे कुंदरसी मुंडा, पवन तिर्की और निरंजना हेरेंज ने कहा कि आदिवासी समाज के द्वारा सरकार को जो अल्टीमेटम दिया गया था कि 10 मार्च तक फ्लाईओवर रैंप को सरकार अविलंब हटाए, उसका अल्टीमेट समाप्त हो गया है। अंत में सहमति बनी कि रांची उपायुक्त के द्वारा सरहुल शोभायात्रा की तैयारी को लेकर जो शांति बैठक रखी जाएगी, उसका सरना समाज विरोध करेगा और उसमें सरना समाज एवं आदिवासी संगठन शामिल नहीं होंगे।

बैठक की अध्यक्षता जगलाल पाहन ने की। संचालन पवन ने किया। मौके पर राहुल तिर्की, सोनू खलखो, बबलू मुंडा, रवि मुंडा, बलकू उरांव, रवि खलखो, गुलाब चंद बाड़ा, आकाश तिर्की, आकाश बेक, संदीप तिर्की, विजय तिर्की, भीम उरांव, संगीता तिर्की, चंदन पाहन, गीता लकड़ा, अजय टोप्पो, नकुल तिर्की, प्रदीप लकड़ा, सुशीला कच्छप सहित अन्य मौजूद थे।

## संत जेवियर्स कॉलेज के एनुअल स्पोर्ट्स मीट में चेतन व अंजिता बने सर्वश्रेष्ठ एथलीट



**रांची।** संत जेवियर्स कॉलेज रांची के खेल विभाग की ओर से आयोजित स्पोर्ट्स एनुअल मीट 2025 का मंगलवार को समापन हो गया। 2025 का सर्वश्रेष्ठ एथलीट (छात्र वर्ग) का खिताब स्नातक भूगोल विभाग के चेतन कुमार डांग को मिला। वहीं, सर्वश्रेष्ठ एथलीट (छात्रा वर्ग) का खिताब स्नातक भूगोल विभाग की छात्रा अंजिता उरांव को मिला। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में कॉलेज की पूर्व छात्रा व ग्रामीण कार्य मंत्री दीपिका पाण्डेय सिंह उपस्थित थीं। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए बताया कि बतौर मुख्य अतिथि कॉलेज में उपस्थित होकर गौरवान्वित महसूस हो रहा है। उन्होंने कहा कि कॉलेज हर क्षेत्र में अपना परचम लहरा रहा है। उन्होंने अपने वक्तव्य में दोहराया कि वन्स आ जवेरियन, ऑलवेयस आ जवेरियन। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य डॉ फादर रॉबर्ट प्रदीप कुजूर एसजे ने कहा कि पढ़ाई के साथ कॉलेज के विद्यार्थी हर क्षेत्र में अपना अव्वल दे रहे हैं। 3 मार्च से आयोजित प्रतियोगिता में विभिन्न श्रेणियों के दौड़, गोला फेंक, हाई जंप जैसे विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित हुईं। मौके पर कॉलेज के रेक्टर डॉ फादर सुधीर मिंज एसजे, उपप्राचार्य डॉ फादर अजय अरुण मिंज एसजे, डॉ फादर फ्लोरेंस पूर्ति एसजे, रजिस्ट्रार डॉ फादर प्रभात केनेडी सोरेंग एसजे, डॉ जयंत सिन्हा, डॉ मारकुस बारला, स्पोर्ट्स इंचार्ज राम मुर्मू सहित अन्य प्राध्यापकगण और छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# नेत्रहीन बालिकाओं ने वृद्धाश्रम में मनाया होली मिलन समारोह

खबर मन्त्र संवाददाता




**रांची।** ब्रजकिशोर नेत्रहीन बालिका विद्यालय बड़गाईं की प्रतिभाशाली दिव्यांग बालिकाओं ने होली के शुभ अवसर पर बरियातू स्थित वृद्धाश्रम में एक अद्भुत होलिका मिलन समारोह का आयोजन किया।

इस आयोजन ने वृद्धाश्रम के निवासियों को अपार हर्ष और भावनात्मक संबल प्रदान किया। कार्यक्रम की शुरुआत बालिकाओं द्वारा भजन और होली गीतों की मधुर प्रस्तुतियों से हुई, जिसने पूरे वातावरण को भक्तिमय और आनंदमय बना दिया। इसके बाद, बालिकाओं ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिनमें ऊर्जावान नृत्य और सुमधुर गायन शामिल था। उनकी मनमोहक प्रस्तुतियों ने उपस्थित सभी लोगों को भाव-विभोर कर दिया और वृद्धजनों को आनंद से भर दिया।

वृद्धाश्रम के निवासियों ने बालिकाओं को गुलाल लगाकर आशीर्वाद दिया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

इस अवसर पर वृद्धाश्रम की अध्यक्ष सुशीला गुप्ता ने कहा कि यह आयोजन हमारे लिए अविस्मरणीय रहेगा। इन बालिकाओं ने अपनी प्रतिभा और मेहनत से साबित कर दिया कि दिव्यांगता किसी की सफलता में बाधा नहीं बन सकती। उनकी प्रस्तुति ने हमारे दिलों को छू लिया। समारोह के दौरान वृद्धाश्रम के निवासियों ने बालिकाओं के सम्मान में विशेष भोजन की व्यवस्था की थी, जिसका सभी ने आनंद लिया। ब्रजकिशोर नेत्रहीन बालिका विद्यालय की संचालिका नीलू वर्मा ने भी इस आयोजन को समाज के लिए प्रेरणादायक बताया और कहा कि ऐसे कार्यक्रम समाज में प्रेम, समरसता और सहयोग की भावना को सशक्त करते हैं। यह आयोजन केवल होली के रंगों से सराबोर नहीं था, बल्कि इसमें मानवीय संवेदनाओं, सामाजिक समरसता और प्रेम के रंग भी झलक रहे थे। ऐसे कार्यक्रम यह संदेश देते हैं कि दिव्यांगता किसी की क्षमताओं को सीमित नहीं कर सकती और हर व्यक्ति समाज में अपना योगदान देने में सक्षम है।

### कार्यकर्ता नदारत, शिक्षक व छात्रों की उपस्थिति में भाजपा का कार्यक्रम आयोजित

# जनसंघकाल के कार्यकर्ता नही पहुंचे तो शिक्षकों को ही किया गया सम्मानित

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी वर्ष को लेकर भारतीय जनात पार्टी के कार्यक्रम में कार्यकर्ता ही नदारत रहें। वहीं जनसंघकाल के वरिष्ट कार्यकर्ताओं को सम्मानि करना था। वे भी उपस्थित नही हुए तो कॉलेज के शिक्षकों को सम्मानिक कर कार्यक्रम आगे बढाया गया। आरटीसी कालेज ओरमांझी में जिला अध्यक्ष विनय महतो धीरज की अध्यक्षता में हुई कार्यक्रम के संबंध में बताया गया कि कार्यक्रम


भाजपा के कार्यक्रम में उपस्थित कालेज के छात्र।


कार्यक्रम में सम्मानित होने वाले शिक्षक।

में जिलाभर के लगभग 500 से अधिक कार्यकर्ताओं के बीच जनसंघकाल के व वरिष्ट भाजपा कार्यकताओं को सम्मान दिया जाना था। कार्यकताओं की उपस्थिति नदारत रहने पर कालेज के छात्र-छात्राओं के उपस्थित में कार्यक्रम हुआ। बताया गया कि इसे लेकर कार्यक्रम में पहुंचे अतिथि व वरिष्ट नेताओं द्वारा काफी नाराजगी व्यक्त करते हुए कार्यक्रम फिर से आयोजन करने का निर्देश दिया गया है। कार्यक्रम में पहुंचे पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिनेशानंद गोस्वामी, पूर्व सांसद रामटहल चौधरी सहित कई वक्ताओं ने संबोधित किया और अटल बिहारी वाजपयी की काव्यात्मक सोच, सशक्त नेतृत्व और देशभक्ति भावना का स्मरण करते हुए उनके सिद्धांतों को आत्मसात करने का आह्वान किया गया। मौके पर पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, पूर्व जिलाध्यक्ष जैलेंद्र कुमार, सुरेंद्र महतो, रणधीर चैधरी, प्रभुदयाल बढ़ाइक, अमरनाथ चैधरी, सुधाकर चैबे, शैलेंद्र मिश्रा, दिलीप मेहता, शशि मेहता, महानंद महतो, अनुराधा मुंडा, रामसाय मुंडा, चतुर साहू, राजधाम साहू, नीलमोह पाहन, कालेज के शिक्षक व छात्र-छात्राएं उपस्थित थें।

## दो अलग अलग सड़क हादसे में दो की मौत

खबर मन्त्र संवाददाता





अनगड़ा। थाना क्षेत्र में मंगलवार को हुई दो अलग अलग सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई। पहली घटना में बाईक सवार छात्र ने सेमल के पेंड को धक्का मार दिया जिससे एक छात्र की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दूसरा छात्र गम्भीर रूप से जख्मी है। घायल छात्र को पीएचसी अनगड़ा में प्राथमिक इलाज के बाद रिम्स रेफर कर दिया गया। वहीं मंगलवार की हीं सुबह करीब दस बजे रिंग रोड हेसल टॉल प्लाजा के पास एक बाईक सवार युवक को एक ट्रक सीजी 15 ईएफ 5703 के चालक ने कुचल दिया। जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मृतक का नाम मनीराम महतो 23 वर्ष है। ट्रक से ठोकर लगने के बाद वह ट्रक के पहिये के नीचे आ गया और उसका सिर पूरी तरह से कुचल गया। उसके साथ बैठा युवक छिटक कर करीब बीस फीट गढे में जा गिरा। युवक को कुचलने के बाद ट्रक फरार हो गया। बाद में गुसाए ग्रामीणों और मृतक के परिजनों ने रिंग रोड को जाम कर दिया। मौके पर पूर्व विधायक राम कुमार पहान भाजपा के सुरेन्द्र महतो मुखिया हेसल मुखिया कविता कुमारी सालहन मुखिया सावित्री तिक्री पंसस रामनाथ महतो सुनिल महतो मार्शल महतो एहसान अन्सारी सालहन उप मुखिया सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे जाम करीब चार घंटा रहा।


**कार्यालय : जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका) –सह–उपायुक्त, लातेहार**

**आम सूचना**

सचिव राज्य निर्वाचन आयोग, झारखण्ड, रांची के पत्रांक 144 दिनांक 11.02.2025 के आलोक में नगरपालिका आम निर्वाचन–2025 के निमित लातेहार नगर पंचायत के प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रों (वार्ड) हेतु प्रारूप मतदाता सूची प्रकाशन कर आम जनों से आपत्ति या सुझाव प्राप्त करना है।

एतद् द्वारा नगर पंचायत, लातेहार के सभी सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन नगर पंचायत कार्यालय एवं प्रत्येक वार्ड हेतु चिन्हित मतदान केन्द्र के सूचना पट्ट पर दिनांक 11.03.2025 से दिनांक 20.03.2025 तक प्रातः 11:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक प्रकाशित रहेगा।

इस प्रकाशित प्रारूप मतदाता सूची के विरूद्ध किन्हीं को दावा या आपत्ति देना है तो प्रारूप प्रकाशन स्थल पर प्रतिनियुक्त पर्यवेक्षक को प्रपत्र क (परिशिष्ट–1) प्रपत्र–ख (परिशिष्ट–2) में दिनांक 20.03.2025 तक कार्यालय अवधि में अपना लिखित सुझाव/आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। इस निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त हुए आपत्ति एवं सुझाव पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

ह0
जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका)
–सह–उपायुक्त, लातेहार

PR 348335 (Election) 24-25 (D)


## विकास योजना में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी : मनरेगा लोकपाल

### मनरेगा लोकपाल ने किया बेड़ो के मुरतो पंचायत का भ्रमण

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेड़ो।** विकास योजनाओं में किसी वितरण के लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उक्त बातें मंगलवार को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत मनरेगा लोकपाल पुष्पलता जायसवाल ने बेड़ो प्रखंड के मुरतो पंचायत का निरीक्षण एवं भ्रमण करते हुए कही। निरीक्षण भ्रमण के बाद मनरेगा लोकपाल ने पंचायत सचिवालय में 7 पंजी, मनरेगा योजनाओं से संबंधित अभिलेख की जांच की। इसके उपरांत मनरेगा के विभिन्न योजनाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने पकली देवी का सिंचाई कूप निर्माण, चंपू उरांव का सिंचाई कूप निर्माण, पीयूष तिर्की का सिंचाई कूप निर्माण, और दीपक सिंह के जमीन में आम बागवानी योजना का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कई अहम निर्देश दिए। वहीं मौके पर बीपीओ संजय तिर्की, पंचायत के मुखिया, सहायक अभियंता पुरुषोत्तम भाई पटेल, कनीय अभियंता सुरेश लिंडा, पंचायत सचिव, ग्राम रोजगार सेवक डीबू एक्का समेत दर्जनों लाभुक व ग्रामीण मौजूद थे।


योजनाओं का निरीक्षण करतीं मनरेगा लोकपाल, मौजूद पदाधिकारी व अन्य।

## रातू : शराबी पति ने पत्नी पर किया हमला, भेजा गया जेल

- काटू का है सुनिल लोहरा
- सरिता देवी मादी में भर्ती

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** पुलिस ने थाना कांड संख्या 103/25 के नामजद आरोपी 40 वर्षीय सुनिल लोहरा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। वह काटू निवासी स्व सबरू लोहरा का पुत्र है। उस पर पत्नी सरिता देवी और छोटी पुत्री अंजली कुमारी के साथ धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर घायल करने और घर में आग लगा दिये जाने का आरोप है। पीड़िता को बेलांगी स्थित मादी मेमोरियल ट्रस्ट हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर में भर्ती कराया गया है। चिकित्सकों के मुत्सबिक, वह खतरे से बाहर है। लेकिन, उसके सिर, कान व हाथ समेत शरीर के अन्य हिस्से में गहरे जख्म हैं। मामले को लेकर उषामातु में रहने वाली उसकी विवाहिता पुत्री छोटी कुमारी ने रातू थाने में पिता के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी है। पुलिस इसकी जांच कर रही है।

### जानें क्या है मामला

सुनिल लोहरा को शराब की लत है। सोमवार को उसने पत्नी और बेटी से झगड़ा किया। इससे आहत होकर सरिता, अंजली को लेकर मायका चली गयी। कुछ घंटे बाद पड़ोसियों ने उसे खबर दी, कि उसका पति ने घर में आग लगा दी है। सूचना पाकर वह अंजली के साथ घर लौटी, तो देखा कि सामान जलकर राख हो चुके हैं। इतने में सुनिल, पत्नी पर टूट पड़ा और धारदार हथियार से हमला कर दिया। इसमें अंजली भी चोटिल हो गयी।


**Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd.**
(CIN: U40108JH2013SGC001704)
Regd. Office: 2nd Floor, JUSNL (SLDC) Building, Kusai Colony, Doranda, Ranchi-02
(E-mail:cetjusnl@gmail.com)

**SHORT e-TENDER NOTICE**

NIT No. – 550/PR/ JUSNL/ 2024-25

E-tender in two parts i.e. Technical (Part-I) and Financial (Part – II) is invited from reputed, capable, experienced and financially sound firm for the following works : -

| | |
|---|---|
| Name of work | Design, Engineering, supply, erection, testing & commissioning of line differential protection in under construction 400 kV D/C QM Katia – Patratu Transmission line on turnkey basis. |
| Estimated cost (Rs.) | Rs. 2,14,13,698.00 (including GST) |
| Earnest Money Deposit | Rs. 4,28,500.00 On line mode |
| Completion Period | 45 Days |
| e-Tender fee | Rs. 10,000.00 + 18% GST On line mode. |
| Start Date & Time of Download the Tender Documents | 11.03.2025 at 11:00 AM |
| Start Date and time of upload of BID | 11.03.2025 at 11:00 AM |
| End date and time of upload of BID | 21.03.2025 upto 04:00 PM |
| BID Opening date for technical part | 24.03.2025 at 04:00 PM |
| BID Opening date for price part | Will be communicated |
| Procurement Officer and address for communication | General Manager, C&M (NWBP), 2nd Floor, JUSNL (SLDC) Building, Kusai Colony, Doranda, Ranchi – 834002 |

e-Tender document and BOQ including terms & conditions, tender specification can be downloaded from website https://jharkhandtenders.gov.in. Any details required in this regard can also be had from the office of the undersigned (6202162568) during office hours.
2. The bids will be received through electronic tendering mode only.
3. No claim shall be entertained on account of disruption of internet services being used by bidders. Bidders are advised to upload their bids well in advance to avoid last minute technical snag.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनीशिकयतों को 18003456570(कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

Sd/-
General Manager, C&M (NWBP)

PR 348353 Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd(24-25)D


### वरिष्ठ पत्रकार मुक्ति नाथ गिरि नही रहे

**खलारी।** खलारी के वरिष्ठ पत्रकार मुक्ति नाथ गिरि का मंगलवार को रांची के मेदांता अस्पताल में निधन हो गया। सोमवार तड़के खलारी पत्रकार कॉलोनी स्थित उनके आवास पर ब्रेन स्ट्रोक के बाद गंभीर स्थिति में इलाज के लिए उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अस्पताल में उन्हें वेंटिलेटर पर रखा गया था। वेंटिलेटर से हटते ही चिकित्सकों ने उन्हें शाम 4:05 बजे मृत घोषित कर दिया। वे पिछले पांच साल से बीमार थे। दोनों किडनी फेलियर होने के कारण सप्ताह में तीन दिन डायलिसिस हो रहा था।

## होली पर्व को लेकर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक

**सिल्ली।** मंगलवार के दिन सिल्ली थाना परिसर में संध्या 5 बजे से होली पर्व के साथ आगामी सरहुल और ईद त्योहार को लेकर सिल्ली थाना और मुरी ओपी के संयुक्त तत्वाधान में शांति समिति की बैठक का आयोजन सिल्ली थाना प्रभारी दिनेश ठाकुर के नेतृत्व में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन मोहम्मद फारूख ने किया। बैठक को रांची जिला परिषद उपाध्यक्ष बिना चौधरी, प्रखंड प्रमुख जितेंद्र बडाईक, जिला परिषद सदस्य पूर्वी के प्रतिनिधि डॉक्टर अखिल महतो ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि होली पर्व को शांतिपूर्ण और हर्षोल्लास के साथ मनाये साथ ही प्रशासनिक पदाधिकारियों को अपनी अपनी सुझाव भी दिए। बैठक में मुख्य रूप से पुलिस निरीक्षक हंसे उराव ने लोगों से अपील किया कि होली का पर्व आपसी सौहार्द एवं भाईचारे का पर्व है इसे आपसी भाईचारे एवं शांति पूर्ण तरीके से मनाये। बैठक में बाजार की समस्याओं पर चर्चा की गई और थाना प्रभारी दिनेश ठाकुर ने कहा कि पुलिस बल द्वारा संवेदनशील स्थानों पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी ताकि उदंडियों और असामाजिक तत्वों पर नकेल कसी जा सके।

### तीन दिवसीय हनुमान मंदिर प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ का समापन

**बुढ़मू।** प्रखंड के नाऊज ग्राम में चल रहे तीन दिवसीय हनुमान मंदिर प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ का समापन मंगलवार को पूणार्हुति हवन व भंडारे के साथ हो गया।रविवार को कलश यात्रा के साथ शुरू यज्ञ में सोमवार को हनुमान जी की मूर्ति में अन्नाधिवास,जलाधिवास के साथ साथ प्राण प्रतिष्ठा किया गया।वैदिक मंत्रोच्चारणों के बीच तीनो दिन पूरा क्षेत्र राममय रहा।रविवार रात्रि जमशेदपुर के आर्केस्ट्रा में कलाकारों ने जगराता में भक्ति गीतों के माध्यम से भक्तों को खूब झुमाया वहीं सोमवार और मंगलवार को रसधारा कीर्तन मंडली द्वारा चौबीस घंटे के अखंड हरिकीर्तन ने भक्तों को खूब झुमाया। मंगलवार को हवन के साथ यज्ञ का समापन हुआ जिसमें भाजपा के वरिष्ठ नेता बिंदु भूषण दुबे, स्वामी देवेन्द्र प्रकाश, सीओ सच्चिदानंद वर्मा, बीडीओ धीरज कुमार समेत भारी संख्या में ग्रामीण भंडारे का प्रसाद ग्रहण कर शामिल हुए। यज्ञ के सभी धार्मिक अनुष्ठान पंडित आचार्य रुद्र नाथ मिश्रा, पंडित चंद्रशेखर मिश्रा, पंडित रमाकांत मिश्रा के सानिध्य में संपन्न हुए। जबकि बतौर यजमान दिनेश चौबे, रंगनाथ चौबे, रजनी कांत चौबे, अश्विनि तिवारी, बिरसा मुंडा सपत्नीक शामिल हुए।


**कार्यालय सहायक निदेशक गन्ना विकास रॉची**
कृषि भवन कॉके रोड रॉची,संयुक्त कृशि निदेशक रॉची के प्रथम तल Email Id. Sugar cane ranchi@gmail.com
**आवश्यक सूचना पहले आओ पहले पाओ**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त कार्यालय द्वारा सस्टनेबल गन्ना बड़–चिप सिड़लिंग नर्सरी की स्थापना प्रत्यक्षण:–कुल लक्ष्य 30 (तीस) वैसे कृशको से आवेदन आमंत्रण की जाती है। जो कम से कम 1 हे0 रकबा में गन्ना की खेती करते हों वैसे कृशकों को अधिकतम अनुदान, उपादान (छायाजाल , गृह टयूबलर संरचना सहग्रोइग मिड़िया मिश्रण, एच.ड़ी.पी.ई. ग्राउड़ अच्छादन, रोजकेन एडिटिभस, बड़–चीप कटर , पी0भी0 सी0 पानी टैंक जैविक खाद उत्पादन इकाई,ट्रेनिंग मेन्युअल, प्रोट्रे एवं प्लास्टिक कैरेट 2000 वर्गफिट प्रति इकाई/ ) के रूप मे 3.00 लाख प्रति इकाई का होगा। इस हेतू –रांची, खूँटी, गुमला, लोहरदगा, पलामु, पूर्वी सिंहभूम, सरायकेला, खरसांवा, लातेहार, सिमड़ेगा, चाईबासा, के इच्छुक कृशको द्वारा निम्न शर्तो के अनुसार जिला कृशि पदाधिकारी के माध्यम से विहित प्रपत्र मे दिनांक 11.03.2025 से...20.03.2025...तक समय 10:30 (पूर्वाहन) से 5:00 (अपराहन) तक अधोहस्ताक्षरी को आवेदन प्राप्त तथा पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन जमा किया जा सकता है।

शर्तें :–
1. आवेदन पुर्ण रूप से भरा होना चाहिए,अधुरे आवेदन पर विचार नही किया जाएगा।
2. आवेदन पर BAO/BTM/ATM/ एवं जनप्रतिनिधि का सत्यापन आवश्यक है। साथ ही साथ अनुसंशित सूचि जिला कृशि पदाधिकारी के माध्यम से उपलब्ध कराया जाय।
3. आवेदन उक्त वर्णित अंतिम तिथि एवं समय के बाद स्वीकार नही किया जाएगा।
4. आवेदन के साथ वांक्षित कागजात निर्धारित समय के बाद स्वीकार नही किया जाएगा।
5. लक्ष्य पूर्ण होने के स्थिति में पहले आवो पहले पावो मे, पहले प्राप्त होने वाले को प्राथमिकता दी जाएगी।
6. सिर्फ आवेदन प्राप्त होंने का मतललब यह नही होगा कि इस वित्तीय वर्श 2024–25 मे आपको उपादान उपलब्ध हो जाएगी।
7. किसी भी त्रुटीपूर्ण आवेदन को स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी का होगा।
8. रविवारीय/राज्य द्वारा घोषित अवकास के दिन कार्यालय बंद रहेगा

आदेशानुसार
सहायक निदेशक गन्ना विकास रांची

PR 348315 Agriculture(24-25)D


## भारथी कॉलेज ऑफ एजुकेशन में फूड फेस्टिवल प्रतियोगिता का आयोजन



खबर मन्त्र संवाददाता

**मांडर।** प्रखण्ड स्थित भारथी कॉलेज ऑफ एजुकेशन में मंगलवार होली के शुभ अवसर पर फूड फेस्टिवल का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन महाविद्यालय के अध्यक्ष छवि सिन्हा, महाविद्यालय के सचिव नितिन पराशर तथा शैक्षणिक सचिव दीपाली पराशर ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। इस फूड फेस्टिवल में अनेक फूड स्टॉल लगाये गये जिसमें मडुवा वरफी, मडुवा लडूडू, मिल्क शेक, एपे, इटली, डोसा भेलपुरी, फूचका, रसमलाई, जैसे अनेकों व्यंजन के स्टौल थे। महाविद्यालय के सचिव ने कहा कि महाविद्यालय गुणवणतापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ बच्चों के मनोरंजन के लिए भी एक प्लेटफार्म देने का प्रयास सदैव करता रहा है। महाविद्यालय के शैक्षणिक सचिव सह प्राचार्या ने कहा कि महाविद्यालय में नामांकित बच्चे भले ही ग्रामीण क्षेत्र से आये हो परन्तु उनके द्वारा बनाये गये व्यंजन अपने आप में लाजवाब है। कार्यक्रम में बी०एड० के एच० ओ० डी० राकेश कुमार राय, आई०क्यू० ए०सी० कॉर्डिनेटर मनोज कुमार गुप्ता, रिभा कुमारी, जलीस अहमद, शिव्या सक्सेना, कार्यालय अध्यक्ष एस०एन० सहाय कर्मचारी तुलसी दास, चंदन कुमार, सलमान, इमरोज आदि उपस्थित थे।

## उदय बीएड कालेज के प्रशिक्षुओं को बधाई


पुरस्कार प्राप्त करते उदय बीएड की प्रशिक्षु छात्रा।

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** उदय मेमोरियल बीएड कॉलेज केदल में मंगलवार एक कार्यक्रम आयोजित कर के प्रतियोगिता के विजेता प्रषिक्षु छात्र-छात्राओं को बधाई दी गई। रांची विष्वविद्यालय द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में उद्य बीएड कालेज की प्रषिक्षु प्रियंका प्रिया, कुलदीप कुमार राणा व प्रियांषु कुमारी द्वारा स्लोगन, निबंध, भाषण प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्षन किया गया। तीनों प्रषिक्षुओं को पुरस्कार जीतेने पर कालेज सचिव संतोष महतो व निदेषक राजेष कंडरवार ने बधाई दी, और कहा रांची विष्वविद्यालय द्वारा आर्यभट सभागार में राष्ट्रीय सेवा योजना व इन्टर्नल कमिटि (महिला कोषांग) के तत्त्वाधान में विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिसमे कई कालेज के प्रषिक्षु छात्र-छात्राएं शामिल हुए थें। बधाई देने वालों में प्राचार्य डा. चंदन कुमार पंकज, उपप्राचार्या दयामनी कुमारी, जनसूचना पदाधिकारी मुकेष कुमार कंडरवार, कार्यालय प्रशासक रूपेश कुमार कंडरवार, रेहान फजल, राखी कुमारी संदीप कुमार महतो, सलमा टुडू, डा. मनोज कुमार राणा, डा. मिताली चटर्जी, कमलेश यादव, संदीप कुमार, नम्रता गुप्ता, अनिसा खातुन, नित्यानन्द कोईरी व अरूण पाहन आदि शामिल थें।


**सिमडेगा समाहरणालय, सिमडेगा**
**(भू–अर्जन शाखा)**
**प्रपत्र VII**
**झारखण्ड सरकार**
**राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग**
**(भू–अर्जन निदेशालय)या उपायुक्त या समुचित सरकार**

**अधिघोषणा**
**(अधिनियम–30/2013 की धारा–19(1) के अधीन)**

अधिघोषणा सं0 .................... दिनांक..............................

चूँकि झारखण्ड सरकार/उपायुक्त सिमडेगा को यह प्रतीत होता है कि **ग्राम – टांगरटोली, थाना नं0 – 129, थाना – कोलेबिरा, अंचल – कोलेबिरा** में भूमि, सार्वजनिक प्रयोजनार्थ यथा परियोजना – **अघरमा मोड़ (SH-03) पर टकरमा–ससिया पथ का (13.09 कि0मी0) पुनर्निर्माण कार्य योजना** हेतु अपेक्षित है। अतएव अधिघोषित किया जाता है कि **ग्राम – टांगरटोली, थाना नं0 – 129, थाना – कोलेबिरा, अंचल – कोलेबिरा,** जिला – सिमडेगा में उपर्युक्त कथित योजना के लिए **कमोबेश 0.41 एकड़ यानि 0.16592 हेक्टेयर** मानक माप का रैयती/गैरमजरुआ भूखण्ड जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है –

| क्र0 सं0 | खाता सं0 | सर्वे भूखण्ड सं0 | स्वमित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल एकड़ में | हितबद्ध व्यक्ति का नाम | सीमा भूखण्ड संख्या उ0 | द0 | पू0 | प.0 | वृक्ष किस्म | संख्या | संरचनाऐं प्रकार | प्लिंथ एरिया Sft. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 |
| 1 | 26 | 124 | रैयती | टांड़ | 0.12 | जुएल मुंडा वगैरह | सड़क | अंश | 125 | 123 | | | | |
| 2 | 26 | 125 | रैयती | टांड़ | 0.01 | जुएल मुंडा वगैरह | सड़क | अंश | 124 | 125 | | | | |
| 3 | 26 | 126 | रैयती | टांड़ | 0.02 | जुएल मुंडा वगैरह | सड़क | अंश | 125 | 127 | | | | |
| 4 | 26 | 127 | रैयती | दोन | 0.04 | खीस्तोफर मुण्डा वगै0 | सड़क | अंश | 126 | 128 | पेड़ | 4 | | |
| 5 | 26 | 128 | रैयती | दोन | 0.04 | खीस्तोफर मुण्डा वगै0 | सड़क | अंश | 126 | 129 | | | | |
| 6 | 26 | 129 | रैयती | दोन | 0.04 | जुएल मुंडा वगै0 | सड़क | अंश | 128 | 130 | | | | |
| 7 | | 130 | गै0म0 | दोन | 0.10 | गैरमजरुआ खास | सड़क | अंश | 130 | 129 | | | | |
| 8 | 26 | 123 | रैयती | दोन | 0.04 | जुएल मुंडा वगै0 पिता – धर्मदास मुंडा | सड़क | अंश | 122 | 124 | | | | |
| कुल | | | | | 0.41 | | | | | | | | | |

यह अधिघोषणा हितबद्ध व्यक्तियों की आपत्तियों के सुनने और अधिनियम संख्या – 30/2013 की धारा –15(1) में प्रदत्त यथा उपबंधित सम्यक जाँच के पश्चात् किया गया है। भूमि अर्जन के कारण पुनर्व्यवस्थापन के लिए संभावित परिवारों की संख्या शून्य है।

कानूनगो, जिला भू–अर्जन सिमडेगा | जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, सिमडेगा | अपर समाहर्त्ता, सिमडेगा | उपायुक्त, सिमडेगा।

PR 348381 (Simdega)24-25*D


### मैक्लुस्कीगंज थाना परिसर व प्रखंड सभागार में शांति समिति की बैठक

# होली सौहार्दपूर्ण माहौल बनाये रखने की अपील

खबर मन्त्र संवाददाता

**खलारी।** मैक्लुस्कीगंज थाना परिसर व खलारी प्रखंड सभागार में रंगो का त्योहार होली को लेकर शांति समिति सह होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। दोनो स्थानों का शांति समिति की अध्यक्षता पुलिस उपाधीक्षक राम नारायण चौधरी, खलारी थाना प्रभारी जयदीप टोप्पो अंचलाधिकारी प्रणव अमबषट, प्रखंड विकास पदाधिकारी व मैक्लुस्कीगंज थाना प्रभारी गोविंद कुमार, पुअनि दीपक साहू, पुअनि अजित वर्मा सहित अन्य गणमान्य उपस्थित थे। बैठक में डीएसपी राम नारायण चौधरी ने कहा कि होली रंगों का त्योहार है, लेकिन कई बार असामाजिक तत्व इस उल्लास में खलल डालने की कोशिश करते हैं। ऐसे में प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है, लेकिन समाज के सहयोग के बिना हर जगह मौजूद रहना संभव नहीं। उन्होंने दोनों समुदायों से शाति और सौहार्द बनाए रखने की अपील की। सीओ प्रणव अमबषट ने कहा कि रमजान का महीना चल रहा है और इसी दौरान होली का पर्व भी है। दोनों समुदायों को चाहिए कि वे आपसी प्रेम और सद्भाव के साथ अपने-अपने त्योहार मनाएं। मौके पर जिला परिसद सरस्वती देवी, मुखिया पुतुल देवी, पुष्पा खलखो, अनिल पासवान, राजन सिंह राजा, विकास कुमार दुबे, तनवीर आलम, इस्माइल अंसारी, सत्रुनजय सिंह, जितेंद्र पांडेय, मुकेश यादव, अजीज अंसारी, जितेंद्र भारतीय, विजय गुप्ता, अनिल गुप्ता सहित अन्य मौजूद थे।



# मेक अमेरिका ग्रेट अगेन

वर्ष 2008-2009 के वैश्विक वित्तीय संकट को विशाल अपस्फीति कहा गया था। 2020 की महामारी को विशाल लॉकडाउन का नाम दिया गया था। इन घटनाओं ने बड़े पैमाने पर आर्थिक प्रभाव डाला लेकिन विश्व व्यवस्था को भंग नहीं किया। दूसरे विश्व युद्ध के बाद जो व्यवस्था बनी थी अब उसे भंग किया जा रहा है। उनका नारा है मेक अमेरिका ग्रेट अगेन यानी अमेरिका को दोबारा महान बनाना है। इस कोशिश में उनके हथियार हैं मौजूदा वैश्विक समझौतों (पेरिस समझौता) और संस्थानों (विश्व स्वास्थ्य संगठन) से दूरी बनाना, साझेदारों (उत्तर अटलांटिक संधि संगठन यानी नाटो) से अधिक मांग करते हुए उनका रक्षा व्यय सकल घरेलू उत्पाद यानी जीडीपी के दो फीसदी तक बढ़ाना, अमेरिका के व्यापार घाटे को कम करने के लिए टैरिफ बढ़ाना और लाखों प्रवासियों को वापस भेजना। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र की संस्थाओं को अमेरिकी मदद की छमाही समीक्षा शुरू की है। इनमें विश्व बैंक तथा अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष शामिल हैं। अमेरिका का व्यापार भारित टैरिफ 2.2 फीसदी है जो उसके कई साझेदारों से कम है। केवल जापान में यह 1.7 फीसदी है। यूरोपीय संघ में यह टैरिफ 2.7 फीसदी, चीन में 3 फीसदी, कनाडा में 3.4 फीसदी, मेक्सिको में 3.9 फीसदी, वियतनाम में 5 फीसदी, ब्राजील में 6.7 फीसदी, दक्षिण कोरिया में 8.4 फीसदी और भारत (ट्रंप के शब्दों में टैरिफ किंग) में 12 फीसदी है। परंतु ट्रंप ने टैरिफ में भारी इजाफा किया है। उन्होंने स्टील और एल्युमीनियम पर 25 फीसदी टैरिफ लगाया है। कनाडा और मेक्सिको के साथ व्यापार समझौते के बावजूद उन्होंने उन पर 25 फीसदी का शुल्क लगाया। चीन पर 10 फीसदी का अतिरिक्त शुल्क लगाया गया और भारत, जापान, दक्षिण कोरिया और यूरोपीय संघ पर बराबरी का शुल्क लगाने की घोषणा की है।

# आज का राशिफल

मेष : अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम वाला बन रहा है। शुभांक-1-5-7

वृष : आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। शुभांक-2-5-7

मिथुन : कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। शुभांक-3-6-7

कर्क : परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव। सुख आरोग्य प्रभावित होगा। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शुभांक-4-3-6

सिंह : व्यर्थ की भाग-दौड़ से बचा जाए तो अच्छा है। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। शुभांक-4-6-9

कन्या : आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। शुभांक-3-5-6

तुला : आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्वपूर्ण कार्यों को आज ही निपटा लें, उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। कामकाज की अधिकता रहेगी। पारिवारिक विवाद टालें। शुभांक-2-6-7

वृश्चिक : व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेंगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। बातचीत में संयम बरतें। व्यावसायिक उपक्रम में उलटफेर की शुरूआत हो सकती है। शुभांक-1-5-7

धनु : खान-पान में विशेष सावधानी बरतें। मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। बातचीत में संयम बरतें। आय के योग बनेंगे। शुभांक-2-4-5

मकर : मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार विमर्श होगा। अपनों का सहयोग होगा। अपने आपको अधिक सक्रिय पाएंगे। शुभांक-5-7-9

कुंभ : शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताए भी बढ़ेगी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। शुभांक-3-6-9

मीन : आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। शुभांक-3-5-6

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

प्रधान संपादक
सौरभ कुमार

संपादक
अविनाश ठाकुर*

फोन : 95708-48433
पिनः -834006

e-mail
khabarmantra.city@gmail.com

R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

धनबाद कार्यालय
लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
( R.N.I No. आवेदित )

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# छावा ने तमाम भारत भक्तों को आकर्षित किया




सिनेमा दृश्य श्रव्य माध्यम है। यह करोड़ों को रोजगार देता है और प्रतिभाशाली लोगों को सृजन के अवसर। लेकिन बड़े पर्दे के सिनेमा के दर्शक घटे हैं। सोशल मीडिया में अनेक रास्तों से फिल्मी दृश्य और गाने सुने-देखे जा सकते हैं। एक तरह से बहुत बड़े हाल में बैठकर अपनों के साथ फिल्म देखने का अवसर अब नहीं रहा। इधर तीन-चार फिल्में ऐसी आईं जिनमें हिंसा का अतिरेक था। कुछ वेब सीरीज में भी हिंसा और गलियों की बौछार है। ऐसे कथानक कला का आनंद नहीं देते। सभी कलाएं आनंद मार्गी हैं। गीत-संगीत चित्त में आनंद रस का सृजन करते हैं। कुछ फिल्मों की कहानी भी रुचि पैदा करती है। सिनेमा अभी लाखों दर्शकों को सम्मोहित करता है। इस पर देश के जागरूक लोगों को खुशी मनानी चाहिए कि तमाम आधुनिक उपकरणों और तरीकों के बावजूद सिनेमा अभी भी अपना स्थान पूरी प्रतिष्ठा के साथ बनाए हुए है। इस लिहाज से निर्देशक लक्ष्मण के निर्देशन में बनी फिल्म "छावा" दर्शकों की वाहवाही लूट रही है। इस वाहवाही के अनेक कारण हैं। केवल फिल्मांकन ही नहीं। यह अभिनय की दृष्टि से भी कमजोर फिल्म नहीं है। कसे संवाद और कलाकारों का अभिनय फिल्म के आकर्षण का कारण है। फिल्म की राष्ट्रीय चर्चा है। इसका मूल कारण औरंगजेब का व्यक्तित्व है। औरंगजेब किसी एक व्यक्ति का नाम भर नहीं है। औरंगजेब का नाम लेते ही लगभग 350-400 साल पहले भारतीय संस्कृति और परम्परा को रौंदने वाले अत्याचारी शासक का चेहरा सामने आ जाता है। कथित सेकुलरों ने औरंगजेब की प्रशंसा में बहुत कुछ लिखा है। वह उसे फकीर और संत सिद्ध करने में आमादा हैं। औरंगजेब इस देश की संस्कृति को नष्ट करने के लिए ज्यादा जाना गया है। स्वयं ईश्वर की उपासना करता था लेकिन उसे हिन्दुओं को यह छूट देने पर ऐतराज था। औरंगजेब का एक भाई दारा शिकोह भारतीय संस्कृति और दर्शन का अनुरागी था। अब्बा शाहजहां ने दारा शिकोह के लिए उपनिषद् और वेदांत पढ़ने वाले आचार्यों की नियुक्ति की थी। उसके मन में इस संसार को जान लेने की जिज्ञासा थी। पिता ने ऐसी ही व्यवस्था औरंगजेब के लिए भी की थी। औरंगजेब ने अपने अध्यापक आचार्य को चिट्ठी लिखी थी कि, "मेरे पिता ने आपको मुझे दर्शनशास्त्र पढ़ाने के लिए नियुक्त किया है, जबकि दर्शन में कोई लाभप्रद बात है ही नहीं। जो विषय समझ में नहीं आते जो, समझने और याद करने में क्लिष्ट होते हैं, वही दर्शन शास्त्र है। अच्छा होता कि आप मुझे शहर में घेरा डालने की विधि समझाते।" औरंगजेब ने अपने पिता शाहजहां को भी जेल में डाल दिया था। फिल्म छावा में भारतीय इतिहास के महत्वपूर्ण अंश को दशार्या गया है। फिल्म के मुख्य अभिनेता विकी कौशल के अभिनय की भी प्रशंसा हो रही है। औरंगजेब के व्यक्तित्व को पर्दे पर उतारने के लिए अतिरिक्त साहस और बुद्धि की आवश्यकता थी। फिल्म के निर्देशक इस कार्य में सफल हुए हैं।



-हृदयनारायण दीक्षित

> दरअसल, फिल्म निर्माण के कार्य में प्रतिभाएं सुव्यवस्थित काम करती हैं। बेशक सिनेमा किसी न किसी रूप में समाज का सच दिखाता है। फिल्मकार बेशक इतिहास आधारित फिल्म निर्माण भी करते हैं, लेकिन वह इतिहास से निर्देशित नहीं होते। इतिहास की कथाएं भी इसी तरह की हैं। भारत का अब तक का उपलब्ध इतिहास अतिरेकों से भरा पूरा है।

औरंगजेब ने सनातन धर्म के सभी नियमों, आस्था और विश्वास को खत्म करने का काम किया था। काशी का मंदिर ध्वस्तीकरण औरंगजेब के काले कारनामों में से एक है। मूर्ति पूजा और मंदिरों में जाना औरंगजेब की निगाह में अपराध था। हम भारत के लोग औरंगजेब की प्रशंसा नहीं सुन सकते। छत्रपति शिवाजी आराध्य हैं। फिल्म में छत्रपति शिवाजी के पुत्र की भूमिका बहुत अच्छे तरीके से की गई है। फिल्म की कहानी का मूल आधार शिवाजी सावंत द्वारा लिखे गए उपन्यास छावा पर आधारित है। इस फिल्म ने तमाम भारत भक्तों को आकर्षित किया है। इसके अलावा औरंगजेब के मूल चरित्र को भी उजागर किया है। हम भारत के लोग विजय पर्व दशहरा का उत्सव मनाते हैं। रावण के पुतले को आग लगाते हैं। इसलिए कि रावण भारतीय ज्ञान परंपरा में खलनायक माना जाता है। विजयादशमी के दिनों में देश के कोने-कोने रामलीलाएं होती हैं। देश में अत्याचार करने वाले किसी भी आताताई अपराधी की उपासना की अपेक्षा हमसे क्यों की जाती है। औरंगजेब भारतीय मध्यकाल के इतिहास का खलनायक था। लेकिन सेकुलर समूह औरंगजेब की छवि को लेकर चिंतित दिखाई पड़ते हैं।

भारत की संस्कृति सभी कलाओं से भरी पूरी है। भारतीय सिनेमा भारतीय संस्कृति का हिस्सा है। यूनानी दार्शनिक अरस्तु ने लिखा है कि, "कला प्रकृति की अनुकृति है।" सही बात है। अनुसरण से कलाओं का विकास हुआ है। लेकिन भारतीय कला के शतपथ ब्राह्मण की परिभाषा जान लेने लायक है-यो वे रुपम् तत शिल्पम परम सत्ता सब तरफ रूप रूप प्रतिरूप हो रही है। सिनेमा में तमाम प्रतिभाओं का श्रम जुड़ता है। सिनेमा आकर्षित करता है।

सिनेमा के कथानक को लेकर पहले भी विरोध या समर्थन होते रहे हैं। पद्मावत फिल्म के विरोध का किस्सा लोगों को मालूम है। उस समय महारानी की छवि वैसी नहीं दिखाई गई जैसी वास्तव में है। कश्मीर फाइल्स को पूरे देश ने बहुत ध्यान से देखा था। इस कहानी में कश्मीरी पण्डितों के उत्पीड़न को फिल्माया गया था। यहां भी फिल्म के विरोधी कश्मीरी पण्डितों के उत्पीड़न के प्रकाश में आ जाने से नाराज थे। दि केरला स्टोरी नाम की फिल्म पर लगातार विवाद होता ही रहा है।

दरअसल, फिल्म निर्माण के कार्य में प्रतिभाएं सुव्यवस्थित काम करती हैं। बेशक सिनेमा किसी न किसी रूप में समाज का सच दिखाता है। फिल्मकार बेशक इतिहास आधारित फिल्म निर्माण भी करते हैं, लेकिन वह इतिहास से निर्देशित नहीं होते। इतिहास की कथाएं भी इसी तरह की हैं। भारत का अब तक का उपलब्ध इतिहास अतिरेकों से भरा पूरा है। कुछ विद्वानों का कहना है कि इतिहास के पात्रों को हम फिल्म का विषय बनाकर अच्छा नहीं करते। इतिहास भूतकाल की स्मृतिजन्य विरासत है, लेकिन अब तक लिखे गए सभी इतिहासों में तथ्यों को छिपाने या अधिक उजागर करने के आरोप लगाते हैं। भारतीय इतिहास का विरूपण हुआ है। कुछ विद्वानों ने चन्द्रप्रकाश द्विवेदी द्वारा लिखे व अभिनीत किए गए चाणक्य सीरियल की कहानी में कल्पनाशीलता का आरोप लगाया है। जबकि ऐसा सच नहीं है। सीरियल में इतिहास है। साहित्य है और भारत के लिए गर्व करने लायक अनेक तथ्य।

फिल्म निमार्ता सिनेमा बनाते हैं। वह इससे भारी कमाई पाते हैं। निन्दा-स्तुति भी होती है। जरूरी नहीं कि वह देश के लिए अपने सामाजिक दायित्व का ध्यान रखें। 80 के दशक में गौतम घोष की "पार" गोविन्द निहलानी की "आक्रोश" और "अर्धसत्य" जैसी फिल्मों ने सामाजिक दायित्व वाले दर्शकों को मोहित किया था। फिल्मों में इतिहास देखना गलती निकालना कोई अच्छी बात नहीं है। कला को कला, साहित्य को साहित्य और इतिहास को इतिहास की तरह रखकर ही हम जिम्मेदार राष्ट्र बन सकते हैं। (लेखक, उत्तर प्रदेश विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष हैं।)

## लेटर टू एडिटर

### जनाकांक्षाओं की बात

**सरकार** जनाकांक्षाओं पर खरी नहीं उतरी, तो जनता उसे बदल भी देती है। नई सरकार से जनता उम्मीद करती है कि वह उसकी आकांक्षाओं पर खरा उतरेगी। यही सत्ता परिवर्तन के निहितार्थ हैं। लेकिन आमतौर पर यह देखा जाता है कि सरकार बदलने के साथ अक्सर चेहरे बदल जाते हैं। लोकतंत्र में सरकारों का बदलना एक सामान्य प्रक्रिया है। आवश्यकता इस बात की है कि जनता द्वारा चुनी गई सरकार जनाकांक्षाओं पर खरी उतरे।

**-सतीश शर्मा, हजारीबाग**

### सख्त कार्रवाई हो

**बांग्लादेश** को 1971 में भारत ने मुक्ति वाहिनी की मदद से स्वतंत्रता दिलाई थी, लेकिन आज वहां के कट्टरपंथी हिंदू विरोधी हिंसा को बढ़ावा दे रहे हैं। बांग्लादेश को यह याद रखना चाहिए कि वह कई मामलों में भारत पर निर्भर है। कट्टरपंथियों की धमकियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई जरूरी है, ताकि हिंदू अल्पसंख्यकों के अधिकारों की रक्षा की जा सके। **-रवि, रांची**

## ट्वीट

**एमएसपी** की गारंटी और कर्ज. माफी समेत अन्य मांगों को लेकर आमरण अनशन पर बैठे किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल जी की तबीयत बिगड़ना चिंताजनक है। सरकार को बातचीत करके अनशन खत्म करवाना चाहिए।

जायज मांगों के लिए किसानों को बार-बार अनशन और प्रदर्शन के लिए मजबूर करना दुर्भाग्यपूर्ण है। 700 से ज्यादा किसानों की शहादत के बाद भी सरकार निर्दयी बनी हुई है। मैंने पहले भी कहा है और फिर दोहरा रहा हूं - जैसे मोदी सरकार कृषि कानूनों को वापस लेने के लिए मजबूर हुई, वैसे ही उसे इन मांगों को मानने के लिए मजबूर किया जाएगा। किसानों और देश के लिए बेहतर यही होगा कि देर करने की बजाय जल्द से जल्द मान ले।

**- राहुल गांधी, सांसद**

# लोकप्रियता का आधार खो रहे नयी पीढ़ी के हीरो

युवा

**ऐसे प्रशंसक नहीं जो किसी खास हीरो की फिल्म रिलीज का इंतजार करें**

वरुण धवन

पुराने दिग्गज अभिनेताओं के मुकाबले में देखें तो आज के दौर के ज्यादातर हीरो का कोई फैन बेस नहीं है। चाहे वह वरुण धवन हो, चाहे आयुष्मान खुराना ,कार्तिक आर्यन,सिद्धार्थ मल्होत्रा या फिर शाहिद- काफी अनुभव के बाद भी ऐसे प्रशंसक नहीं जो इनकी फिल्म का इंतजार करें। अब वरुण धवन फिल्म "बेबी जॉन" के जरिए फिर दर्शकों से मुखातिब हैं।

असीम चक्रवर्ती

निश्चित तौर पर "पुष्पा-2" के बाद अभिनेता अल्लू अर्जुन के फैन बेस को एक बड़ा मजबूत आधार मिला है। दूसरी ओर वरुण धवन फिल्म "बेबी जॉन" के जरिए फिर दर्शकों की तरफ मुखातिब हैं। गौरतलब है इस फिल्म को लेकर यह तीसरी-चौथी बार उनकी धमाकेदार लॉन्चिंग हो रही है। यही नहीं, आजकल के कई नये हीरो की बात करें,तो कई-कई फिल्में करने के बाद भी उनका कोई प्रशंसक वर्ग नहीं बन पाता है। इनकी तुलना में पुराने दौर के किसी भी हीरो का नाम ले लीजिए,अपने-अपने दौर में इन सबका सशक्त फैन बेस होता था।

**सफलता की कसौटी पर नये दौर के हीरो**

बात नये दौर के हीरो वरुण धवन की करें तो उन्हें अपने दिग्गज पिता डेविड धवन की वजह से ही बॉलीवुड की जमीन बहुत अच्छी मिली मगर वह उसमें कुछ खास उगा नहीं पाए। हालांकि उनके पिता ने उन्हें स्थापित करने में कोई कोशिश बाकी नहीं रखी थी। कभी उन्हें गोविंदा की इमेज दी,तो कभी सलमान की,पर हर बार वह निरर्थक साबित हुए। उनके एक और गॉड फादर करण जौहर ने भी उन्हें स्थापित करने में कोई कमी नहीं बरती। लेकिन वरुण सशक्त पहचान नहीं बना पाए। बार-बार कुछ नया रूप धरने के बावजूद उनकी किसी भी नयी फिल्म को लेकर दर्शकों के बीच कोई क्रेज नजर नहीं आता है। जोरदार प्रचार के बावजूद उनकी नयी फिल्म "बेबी जॉन" की रिलीज इससे पहले भी कई बार टल चुकी है। अब अंततः दर्शकों के बीच में यह आ रही है।

**और भी कई हीरो हैं**

वरुण की तरह कई हीरो इसी तरह के लॉन्चिंग पैड से चलने की कोशिश करते हैं। अब जैसे कि अभिनेता मनोज बाजपेयी एक जिद की तरह कई बार हीरो बनने की काशिश करते हैं,मगर हर बार उन्हें हताश होकर अपने रुटीन ट्रैक पर वापस आना पड़ता है। कुछ माह पहले की अपनी एक फिल्म "भैयाजी" के साथ दमदार एंट्री लेनी चाही थी,मगर दर्शकों ने उन्हें पहले दिन ही जतला दिया कि आप एक अच्छे अभिनेता हैं,इसलिए दमदार कैरेक्टर ही आप पर फबता है। हीरो बनने की चाह में आपकी बेवजह की कोशिश किसी दर्शक को पसंद नहीं है। इसी तरह से प्रचार का सहारा लेकर काबिल एक्टर राजकुमार राव ने फिल्म "स्त्री-2" के बाद अपनी कीमत काफी बढ़ा दी थी,मगर इसके बाद आई "विकी और विद्या का वो वाला वीडियो" ने उन्हें समझा दिया कि वह अपने फैन बेस के आधार पर कोई फिल्म अब भी नहीं चला पाते हैं। देखा जाए तो आयुष्मान खुराना,विकी कौशल,कार्तिक आर्यन,सिद्धार्थ मल्होत्रा,शाहिद कपूर जैसे आजकल के ज्यादातर हीरो का कोई फैन बेस नहीं है। यहा तक कि इनमें उम्रदराज अभिनेता शाहिद कपूर अभी तक अपना प्रशंसक वर्ग तैयार नहीं कर पाए। पांच साल पहले की उनकी सफल फिल्म "कबीर सिंह" के बाद ऐसा लगा था कि शाहिद अपनी इस सुपर हिट फिल्म के सहारे अपनी इमेज को पुख्ता करेंगे। मगर इसके बाद वह फिर जर्सी,ब्लडी डैडी,तेरी बातों में उलझा "जिया" जैसी फिल्मों में उलझ कर रह गए। जबकि अभिनेता इतने अनुभव के बाद उम्दा एक्टर के तौर पर सामने आ ही जाता है।

**दिलीप, राज, देव, की अलग शान**

पुराने दौर के दिग्गज अभिनेताओं को उनके बाद के आए कई हीरो अपना प्रेरणा बताते है। उस दौर के तीन हीरो दिलीप कुमार,राज कपूर और देव आनंद का कोई सानी नहीं था। इनका अलग-अलग विस्तृत आकलन हमेशा चर्चा का विषय होगा। पर इनका जुदा अंदाज इनके फैन बेस का मुख्य आधार रहा है। जैसे कि राज साहब के गरीबीवाले अंदाज को ढेरों दर्शक पसंद करते थे। दूसरी ओर दिलीप कुमार ट्रेजड़ी किंग के तौर पर दर्शकों के जेहन में छाए रहे। और देव साहब के लटकों-झटकों का अपना अलग मैनरिज्म था। और इन सबसे ऊपर थी इनकी एक्टिंग संपन्नता। इसी वजह से तीनों एक्टर का प्रभाव अभी तक है।

**धर्मेंद्र,राजेश,अमिताभ का जुदा अंदाज**

ये तीन महान एक्टर जब सक्रिय थे,तभी धर्मेंद्र,राजेश खन्ना, अमिताभ बच्चन आदि अपनी पुख्ता जगह बनाने की जद्दोजेहद कर रहे थे। इन तीनों ने फिल्म वर्ल्ड को उम्दा योगदान दिया है।

# कुंभ का महाविज्ञान-पंच महाभूतों का त्रिगुण संपन्न आधार

धर्म

**संजय तिवारी**

**प्रयागराज** में संगम का तट पुनः ऊर्जा लिए प्रतीक्षा में है। 12 वर्ष बीत चुके। पृथ्वी, पवन, पानी, आकाश, वायु और अग्नि अपनी अपनी गति से रचना और विलय की यात्रा कर रहे हैं। जो निर्मिति है उसका शोधन होना है। इसी निर्माति में समस्त चराचर जगत है। इस निर्मिति का एक लय है, आधार है, अध्यात्म है, दर्शन है जिसे सनातन मनीषा महाविज्ञान की संज्ञा देती है। यह अद्भुत है। अद्वितीय है। विश्व की किसी सभ्यता के पास इसको समझने की सामर्थ्य नहीं। सनातन भारत की मनीषा ने इसका गूढ़ जान लिया है और सृष्टि के साथ ही इसके संस्कारयुक्त आकार , प्रकार और आयोजनों को स्थापित भी कर लिया है। सृष्टि में पिंड की स्थापना का आधार प्रति बारहवें वर्ष संशोधित और परिमार्जित होता है। यही कुंभ है।

सृष्टि के साथ साथ तीर्थ की यात्रा। अमृत घट का रहस्यमय स्वरूप। सृष्टि में तीन लोक। इन तीन में से एक लोक। इस एक लोक में तीर्थराज प्रयागराज । यहां गंगा, यमुना और सरस्वती की त्रिवेणी का पवित्र संगम। ऐसे संगम तट पर महाकुंभ का अलौकिक समागम । समुद्र मंथन के कुंभ घट से जुड़े इस तीर्थ क्रम में अब तक लाखों पड़ाव बीत चुके हैं। युगों और कल्पों की इस यात्रा में यह संगम स्वरूप भारत के तीन घाटों की यात्रा कर अपनी संपूर्णता में प्रत्येक 12 वर्ष पर प्रयागराज में अवतरित होता है। गंगा , यमुना और सरस्वती के पावन संगम को यह साक्षी मान कर मासोपरांत विदा होता है। पृथ्वी पर उपस्थित मानव जाति इसके मर्म को समझने का प्रयास करती है। सनातन की यह अवधारणा नित प्रति नई व्याख्याओं के साथ आगे बढ़ती जाती है।

इस महाकुंभ के आयोजन का आधार सृष्टि के वे ही त्रिगुणात्मक अवयव हैं जिन्हें वेदों ने भी गाया है और गीता में भगवान श्रीकृष्ण ने भी। तीन की इस आधार आंकिक योग से इतर इस सृष्टि और पूरे ब्रह्मांड में कुछ भी शेष है ही नहीं। इसी लिए सनातन संस्कृति और इसके समस्त शास्त्रों में सृष्टि और प्रकृति को त्रिगुणात्मक कहा गया है। इस त्रिगुणात्मक स्वरूप की व्याख्या आगे करेंगे लेकिन इसके तीन अंग कितने और किस रूप में व्यवस्थित हैं, उसको समझना जरूरी है।

यह कुंभ क्या है ? एक घट। यानी घड़ा। अमृत से भरा हुआ घट ही समुद्रंथन से प्राप्त हुआ था। उस घट में विद्यमान अमृत की प्राप्ति की इच्छा ने ही सुर और असुर संघर्ष को जन्म दिया। प्रत्येक 12 वें वर्ष, इस ब्रह्मांड की इस सृष्टि में पृथ्वी पर एक मात्र गंगा, यमुना और सरस्वती का यह संगम स्थल है जहां उस घट की अमृत की कुछ बूंदें यहां प्राप्त हो जाने की संभावना प्रबल रहती है। इन बारह वर्षों की अवधि के भीतर प्रत्येक तीन वर्ष पर यह आंशिक स्थिति हरिद्वार, नासिक और उज्जैन में बनती है। इसीलिए इन तीन स्थानों पर क्रम से प्रत्येक तीन वर्ष के अंतराल पर अर्ध कुंभ आयोजित होते हैं।

**कुंभ और ब्रह्माण्ड**

कुंभ और इस ब्रह्मांड के संबंधों को भी समझने की जरूरत है। अंड शब्द का आशय एक कोष से है। ऐसा कोष जिसमें जगदनियंता परम ब्रह्म विराजमान हो। ब्रह्म जो अजन्मा है। अविनाशी है। उसी के कोष को ब्रह्मांड कहते हैं। अर्थात ब्रह्मांड में जो है वह ब्रह्म है, अविनाशी है, अमर है। इसीलिए सनातन शास्त्रों ने मनुष्य की व्याख्या करते समय इसे अमृतस्य पुत्राः की संज्ञा प्रदान की है। उस ब्रह्मांड का जो आकार है वह घट जैसा है। ऐसे घट के आकार वाले ब्रह्मांड का ही स्वरूप महाकुंभ अथवा कुंभ का आयोजन भी है।

इस कुंभ में भरे हुए अमृत की बूंद पाने को लालायित प्रेमी ही इस आयोजन के भागीदार होते हैं।

सनातन संस्कृति में कुंभ अर्थात घट या कलश का बहुत महत्व है। जन्म से मृत्यु तक के सभी शुभाशुभ संस्कारों में कुंभ (कलश) को स्थापित करने के पश्चात ही देव पूजन कर्म करने का विधान है। कलश या घट ही कुंभ है। ज्योतिष शास्त्र में बारह राशियों में से कुंभ एक राशि भी है। कुंभ का आध्यात्मिक अर्थ है ज्ञान का संचय करना, ज्ञान की प्राप्ति प्रकाश से होती है और कुंभ स्नान, दर्शन, पूजन से आत्म तत्व का बोध होता है। हमारे अन्दर ब्रह्माण्ड की समस्त रचना व्यापत है। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार "यत पिण्डे, तत ब्रह्माण्डे, तत ब्रह्माण्डे, यत पिण्डे", अर्थात जो मानव पिण्ड में है, वही ब्रह्माण्ड है और जो ब्रह्माण्ड में है, वही मानव पिण्ड में है। कुंभ, "घट" का सूचक है और घट शरीर का, जिसमें घट-घट व्यापी आत्मा का अमृत रस व्याप्त रहता है।

**अंड अर्थात अणु और इसके अंग**

जब कुंभ के आकार वाले ब्रह्मांड की चर्चा करते हैं तो इसके सूक्ष्म स्वरूप से चिंतन आरंभ होता है। सृष्टि में जो भी साकार है उसका निर्माण अणुओं से हुआ है। सनातन संस्कृति में प्रत्येक सूक्ष्म के तीन गुण बताए गए हैं। इसी आधार पर प्रकृति और सृष्टि को त्रिगुणी कहा गया। रज, तम, सत की संज्ञा वाले इन गुणों पर आगे चर्चा करेंगे।

अभी इतना संज्ञान में लेना आवश्यक है कि पश्चिम के आधुनिक विज्ञान ने भी सृष्टि के सूक्ष्म को तोड़ कर तीन हो गुण प्राप्त किया है जिन्हें आधुनिक विज्ञान की भाषा में हम इलेक्ट्रॉन, प्रोटॉन और न्यूट्रॉन की संज्ञा देते हैं। इन्हीं तीन के आधार पर आज की आधुनिक दुनिया दौड़ रही है। सनातन संस्कृति में सृष्टि के आधार कारक स्वरूप तीन देव सुनिश्चित किए गए हैं जिन्हें क्रम से ब्रह्मा , विष्णु और महेश की संज्ञा दी गई है। जन्म के कारक ब्रह्मा जी हैं। जीवन के पोषक विष्णु जी हैं। मृत्यु के देव महेश हैं। आधुनिक विज्ञान के आधार अन्वेषण में प्राप्त इलेक्ट्रॉन, प्रोटॉन और न्यूट्रॉन के गुणों की विवेचना से स्पष्ट हो जाएगा कि हमारे सनातन शास्त्रों ने प्रकृति और सृष्टि को त्रिगुणी क्यों कहा होगा। हमारे पूज्य ब्रह्मा, विष्णु और महेश की निरंतर उपस्थिति के कारण क्या हैं और ब्रह्माण्ड का सृष्टि पर्व कुंभ ही क्यों है।

## स्पीड न्यूज

### शांति समिति की बैठक, होली और ईद मिलजुलकर मनाने की अपील

**बड़कागांव।** बड़कागांव थाना परिसर में होली और ईद के मद्देनजर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास अधिकारी जितेंद्र कुमार मंडल ने की, जबकि संचालन उमेश दांगी ने किया। बैठक में जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य लोगों ने शांतिपूर्वक और सौहार्द के साथ त्योहार मनाने पर चर्चा की। पूर्व विधायक लोकनाथ महतो ने कहा कि होली और ईद भाईचारे के प्रतीक हैं, जिन्हें सभी को मिल-जुलकर मनाना चाहिए। उन्होंने शराब से दूर रहने की अपील की, क्योंकि इससे विवाद उत्पन्न होते हैं। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा कि त्योहार को शांति और सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाना चाहिए और किसी भी तरह की गड़बड़ी की स्थिति में प्रशासन कड़ी कार्रवाई करेगा। अंचलाधिकारी मनोज कुमार ने त्योहार को हर्षोल्लास और नियमों के तहत मनाने की बात कही और असामाजिक तत्वों पर सख्ती बरतने की चेतावनी दी। थाना प्रभारी नेमधारी रजक ने सोशल मीडिया पर अफवाहों से बचने और भड़काऊ संदेश व गाने न बजाने की हिदायत दी।

### खनन प्रभावित क्षेत्रों में पेयजल संकट विधायक रोशन लाल ने सदन में उठाई मांग

**बड़कागांव।** बड़कागांव और केरेडारी प्रखंड समेत रामगढ़ जिले के सीसीएल और एनटीपीसी के खनन क्षेत्रों में पेयजल संकट गहराने लगा है। इस गंभीर मुद्दे को विधायक रोशन लाल चौधरी ने सदन में उठाते हुए खनन कंपनियों को जलापूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की। उन्होंने कहा कि खनन गतिविधियों के कारण भूजल स्तर में भारी गिरावट आई है, जिससे फरवरी-मार्च से ही स्थानीय ग्रामीणों को पेयजल संकट का सामना करना पड़ रहा है। बावजूद इसके, एनटीपीसी और सीसीएल जैसी कंपनियों ने जलापूर्ति को लेकर कोई ठोस कदम नहीं उठाए हैं। विधायक चौधरी ने राज्य सरकार से अपील की कि खनन प्रभावित और विस्थापित गांवों में पेयजल आपूर्ति योजना स्वीकृत की जाए। साथ ही, गर्मी के मौसम में कंपनियों को आवश्यक सेवा के तहत पानी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए जाएं, ताकि लोगों को राहत मिल सके। उन्होंने जोर देकर कहा कि खनन कंपनियों को अपने सामाजिक उत्तरदायित्व का निर्वहन करते हुए प्रभावित क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाएं, विशेष रूप से पेयजल व्यवस्था, सुनिश्चित करनी चाहिए।

### जनता मजदूर संघ द्वारा कुजू कोलियरी को सौपे गए 12 सूत्री मांग को लेकर हुआ एजेंडा बैठक

**कुजू।** जनता मजदूर संघ कुजू द्वारा सीसीएल कुजू परियोजना को दिए गए 12 सूत्री मांग पत्र पर सीसीएल प्रबंधन के साथ मंगलवार को परियोजना कार्यालय में एजेंडा बैठक हुई। बैठक में परियोजना पदाधिकारी अभिमन्यु कुमार सिंह, कार्मिक प्रबंधक रॉबर्ट सांडिल्य, यूनियन प्रतिनिधि की ओर से संघ के क्षेत्रीय सचिव जगदीश महतो, कुजू कोलियरी शाखा अध्यक्ष रौशनलाल महतो के अलावे अन्य प्रतिनिधि शामिल हुए। बैठक में दिए गए मांग पत्र पर चर्चा करते चर्चा करते हुए बताया गया कि संवेदनशील पदों पर वर्षों से एक ही स्थान पर कार्य कर रहे, कर्मचारियों को स्थानांतरण किया जाए, सीसीएल कुजू कोलियरी के धार्मिक स्थल चरण पहाड़ी मंदिर को पर्यटक के रूप में विकसित करने, सीसीएल कुजू कोलियरी के ओबी डंप में आग लगा है उसे बुझाया जाए, कर्मचारियों के आवास मरमती करने, सीसीएल कुजू कोलियरी में मजदूरों के मेडिकल में ले जाने हेतु एंबुलेंस की व्यवस्था करने, सीसीएल कुजू कोलियरी को अभिलंब चालू करने सहित अन्य मांगों पर को बताया गया।

### बैंक जा रही बुजुर्ग महिला से उच्चकों ने खुद को पुलिस बताकर ठगा कंगन और चेन

**रामगढ़।** गोला रोड स्थित कॉपरेटिव बैंक में मंगलवार को नईसराय की एक बुजुर्ग महिला जा रही थी। उसी दौरान हेलमेट लगाए दो उच्चके अचानक पहुंचे और महिला दलजीत बलविंदर कौर पति दलजजीत कौर से कहा कि बैंक में जेवर पहनकार जाने की मनाही है। इसके बाद उच्चकों ने महिला सोने का कंगन और चेन ले लिया और जबतक बुजुर्ग महिला कुछ समझ पाती वे भाग निकले। घटना के बाद इसक जानकारी रामगढ़ थाना पुलिस को दी गई। जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और सीसीटीवी फुटेज को खंगाला। जिसमें उच्चकों की तस्वीर कैद हुई है। पुलिस द्वारा घटना में शामिल उच्चकों की गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाया जा रहा है।

### एनसीओईए सीटु भुरकुंडा शाखा कमेटी का गठन

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** एनसीओईए सीटु भुरकुंडा शाखा की बैठक मंगलवार को युनियन कार्यालय में हुई। बैठक में मुख्य रूप से बासुदेव साव और क्षेत्रीय सचिव रामनरेश सिंह उपस्थित थे। बैठक में सर्वसम्मति से भुरकुंडा शाखा कमेटी का पुर्नगठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष किरण कुमार, उपाध्यक्ष सुभाष तिवारी व राजेंद्र मुंडा, सचिव संतोष यादव, सह सचिव प्रमोद सिंह, मो. असगर अली व सन्यासन घोष, संगठन सचिव गणेश उरांव, सह संगठन सचिव इजराफुल अंसारी, कोषाध्यक्ष एतवा मुंडा, सह कोषाध्यक्ष राजेंद्र चुने गये। वहीं कार्यकारिणी सदस्यों में अशोक कुमार सिंह, बुधू उरांव, अशोक कुमार शामिल हैं। सभी चयनित पदाधिकारियों को फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया।

## डीजीएम हत्याकांड पर गरजे डीजीपी, बोले, जल्द होंगे हत्यारे बेनकाब

# झारखंड में अपराध का खेल होगा खत्म

**खबर मंत्र संवाददाता**



जानकारी देते डीजीपी अनुराग गुप्ता

**हजारीबाग।** झारखंड में संगठित अपराध और कोल माफिया पर शिकंजा कसने की तैयारियां तेज हो गई हैं। एनटीपीसी के डीजीएम कुमार गौरव की हत्या के बाद पूरे राज्य में हड़कंप मच गया है। इसी बीच झारखंड के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) अनुराग गुप्ता मंगलवार को हजारीबाग पहुंचे। उनके साथ एटीएस एसपी ऋषभ झा भी मौजूद थे। इस दौरान हजारीबाग एसपी कार्यालय में डीजीएम हत्या कांड समेत संगठित अपराध, जमीन विवाद, जेल से छूटे अपराधियों की गतिविधियों और लंबित मामलों की समीक्षा के लिए अहम बैठक बुलाई गई। इस बैठक में बोकारो जोनल आईजी, हजारीबाग रेंज के डीआईजी, रामगढ़ और हजारीबाग जिले के एसपी समेत कई वरिष्ठ पुलिस अधिकारी शामिल हुए। बैठक के बाद डीजीपी अनुराग गुप्ता ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि पुलिस इस हत्याकांड की हर पहलू से जांच कर रही है। उन्होंने बताया कि जांच में यह देखा जा रहा है कि कुमार गौरव जिस पद पर थे, वहां से वे किसी को सीधे लाभ या हानि पहुंचाने की स्थिति में नहीं थे, तो फिर हत्या का मकसद क्या था? उन्होंने कहा कि कई बिंदुओं पर मंथन किया जा रहा है, जिसमें यह भी देखा जा रहा है कि कहीं हत्या किसी निजी दुश्मनी का नतीजा तो नहीं है। साथ ही यह भी जांच हो रही है कि कहीं अपराधियों का असली निशाना कोई और था और गलती से गोली कुमार गौरव को लग गई। पुलिस इस मामले में गहराई से जांच कर रही है और जल्द ही अपराधियों को पकड़ लिया जाएगा। डीजीपी ने एनटीपीसी के अधिकारियों को आश्वस्त किया कि इस मामले की पूरी गंभीरता से जांच की जा रही है और दोषियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। गौरतलब है कि एनटीपीसी के केरेडारी कोल परियोजना के डीजीएम (डिस्पैच) कुमार गौरव को शनिवार, 8 मार्च की सुबह करीब 9:30 बजे कटकमदाग थाना क्षेत्र के फतहा चौक पर अज्ञात अपराधियों ने गोली मार दी थी। गंभीर हालत में उन्हें हजारीबाग के आरोग्यम अस्पताल ले जाया गया, लेकिन इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। इस घटना के बाद से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई और राज्यभर में पुलिस की कार्यप्रणाली को लेकर सवाल उठने लगे। अब जब खुद डीजीपी ने मोर्चा संभाल लिया है, तो उम्मीद की जा रही है कि जल्द ही इस मामले में बड़ा खुलासा होगा और अपराधी सलाखों के पीछे होंगे।

## अमन साहू का रामगढ़ जिला के कई कांडों में भी रहा था हाथ



**रामगढ़।** कुख्यात गैंगस्टर अमन साहू मंगलवार को छत्तीसगढ़ के रायपुर से रिमांड पर रांची ले जाने के क्रम में पलामू में पुलिस के साथ हुए मुठभेड़ में मारा गया। गैंगस्टर पर लूट, हत्या, अपहरण के लगभग 150 मामले में विभिन्न थानों में दर्ज थे।

**गैंगस्टर ने रामगढ़ जिला में भी दिया था घटनाओं को अंजाम :** पुलिस के साथ मुठभेड़ में मारा गया गैंगस्टर अमन साहू ने रामगढ़ जिला के विभिन्न क्षेत्रों में आपराधिक घटनाओं में शामिल रहा था। साथ ही गैंगस्टर को रामगढ़ उपकारा में भी कुछ समय के लिए रखा गया था। उसपर 1 दिसंबर 2023 को कुजू ओपी के ट्रांसपोर्ट कार्यालय के निकट फायरिंग में शामिल होने का आरोप था। साथ ही रामगढ़ जिला में उसके विरूद्ध अलग अलग थाना क्षेत्र में मामले दर्ज थे।

**इससे पूर्व राहुल तुरी की पुलिस के इनकांउटर में हुई थी मौत :** गत जनवरी माह में हजारीबाग और रामगढ़ पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में पांच जिलों के लिए आतंक का पर्याय रहे आलोक उर्फ राहुल तुरी की मौत हो गई थी। वहीं, उसके साथी आकाश करमाली को गिरफ्तार किया गया था। राहुल तुरी उरीमारी के झामुमो नेता एवं सीसीएल कर्मी संतोष सिंह की हत्याकांड में मुख्य आरोपी था। जिसकी तलाश में रामगढ़ और हजारीबाग की पुलिस जुटी थी।

**अपराध को समाप्त करने का पुलिस का नया तरीका :** गैंगस्टर अमन साहू और इससे पूर्व जनवरी में कुजू में हुई अपराधी राहुल तुरी की पुलिस के साथ मुठभेड़ में मौत को लेकर कुछ विशेषज्ञ यह कह रहे हैं कि अब अपराधियों को लेकर पुलिस का नजरिया बदल रहा है। विशेषज्ञों के मुताबिक पुलिस अब अपराधियों को बिना मौका दिये उनपर कार्रवाई करने का कार्य कर रही है। ताकि अपराध को पूरी तरह समाप्त किया जा सके।

## मनीष जायसवाल के निरीक्षण का असर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में हुआ सुधार

**खबर मन्त्र संवाददाता**



सांसद व अन्य

हजारीबाग। लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल के बीते शुक्रवार को किए गए औचक निरीक्षण का असर अस्पताल व्यवस्था पर साफ दिखने लगा है। निरीक्षण के दौरान सांसद ने पीएसए ऑक्सीजन प्लांट बंद होने, पंजीकरण काउंटर में स्टाफ की कमी, मरीजों से व्हीलचेयर, स्ट्रेचर व कम्बल के लिए सिक्योरिटी मनी लेने, कैथेटर लगाने व ड्रेसिंग के नाम पर अवैध वसूली, रविवार की रात को लैब बंद रहने, डॉक्टरों की गैरमौजूदगी, पोस्टमार्टम में देरी, ब्लड बैंक के प्लाज्मा सेपरेशन कार्य बंद होने समेत कई गंभीर मुद्दों को उठाया था। सांसद के सवालों के बाद अस्पताल प्रबंधन हरकत में आया और अधीक्षक डॉ. अनुकरण पूर्ति ने लिखित जवाब में सुधारात्मक कदमों की जानकारी दी। अब रविवार को भी लैब खुलेगा, बेडशीट, कम्बल, व्हीलचेयर व स्ट्रेचर के लिए कोई सिक्योरिटी मनी नहीं ली जाएगी, अनावश्यक वसूली पर रोक लगाई गई है, दोषियों पर कार्रवाई होगी, पोस्टमार्टम में देरी नहीं होगी और ब्लड बैंक में प्लाज्मा सेपरेशन कार्य जल्द शुरू होगा। निरीक्षण के बाद अस्पताल में सुधार देखने को मिल रहा है। मरीजों को बेडशीट उपलब्ध कराई जा रही है और डॉक्टरों की उपस्थिति सुनिश्चित की जा रही है। सांसद जायसवाल ने आश्वासन दिया कि वे जनहित में अस्पताल की व्यवस्थाओं को सुधारने के लिए लगातार सक्रिय रहेंगे।

## मां विंध्यवासिनी कॉलेज ऑफ एजुकेशन में हर्षोल्लास के साथ मनायी गयी होली



होली मिलन में शामिल लोग

**पदमा।** प्रखंड के कर्मटांड़ स्थित माँ विंध्यवासिनी कॉलेज ऑफ एजुकेशन में महाविद्यालय परिवार ने रंगारंग कार्यक्रम और पारंपरिक पकवानों के साथ होली मिलन समारोह धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर प्रबंधन के अधिकारीगण, प्राचार्य, प्राध्यापक, शिक्षकेतर कर्मचारी एवं विभिन्न संकाय के प्रशिक्षुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान प्राचार्य डॉ. चेतलाल प्रसाद ने कहा कि जैसे हर रंग का अपना महत्व होता है, वैसे ही होली समाज में सामंजस्य और सद्भाव का प्रतीक है। संस्थाध्यक्ष डॉ. अनूप कुमार मेहता ने होली के सांस्कृतिक और सामाजिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए सभी को शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर प्रशिक्षुओं द्वारा संगीत, नृत्य और काव्य पाठ जैसे रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इनमें गुनगुन, प्रीत, प्रिया, स्नेहलता, निशांजलि, पम्मी, रूबी, नीतू, काजल, विकी, कृष्णा मोहन, अनन्या, सुमन, अभिराज, कामेश्वर, अमित, प्रेरणा, सारिका, अक्षय, अमित, राजीव रंजन और अजय प्रमुख रूप से शामिल रहे। कार्यक्रम का मंच संचालन प्रशिक्षु काजल कुमारी ने किया। इस आयोजन ने महाविद्यालय परिवार के सभी सदस्यों को एकता और सौहार्द के रंगों में रंगने का अवसर दिया, जिससे माहौल उल्लासपूर्ण और यादगार बन गया।

## 14 मार्च को 11.11 बजे के बाद प्रतिपदा में होली का त्यौहार मनाये : पं. रामकुमार पाठक



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा जवाहरनगर निवासी मां दुर्गा के उपासक पंडित रामकुमार पाठक ने रंगों का त्योहार होली पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए शास्त्रों के मतानुसार बताया कि होलिका दहन और होली का पर्व तीन बातो को ध्यान में रखकर मनाया जाना चाहिए। प्रथम होलिका दहन रात्रि का समय हो, रात्रि में पूर्णिमा तिथि हो और भद्रा बीत चूका हो। उसी समय होलिका दहन किया जाना चाहिए और पूर्णिमा तिथि जब बीत जाये तब प्रतिपदा में होली खेलना चाहिए। इस वर्ष 13 मार्च गुरुवार को चतुर्दशी तिथि दिन 10 बजकर 02 मिनट तक है। उसके बाद पूर्णिमा तिथि पड़ता है जो दूसरे दिन 14 मार्च शुक्रवार को सुबह 11 बजकर 11 मिनट तक है। उसके बाद प्रतिपदा तिथि पड़ रहा है। भद्रा 13 तारीख गुरुवार दिन 10 बजकर 02 मिनट से प्रवेश कर रहा है, जो रात्रि 10 बजकर 37 मिनट तक है। इसलिए 13 तारीख को पूर्णिमा रहित व भद्रा रात 10 बजकर 37 मिनट में अंत होने के कारण होलिका दहन का शुभ मुहूर्त 13 मार्च को रात 10.50 बजे से 11.50 बजे के अंदर करें। शुक्रवार को दिन 11.11 बजे तक पूर्णिमा है इसलिए 14 तारीख शुक्रवार को दिन 11.11 बजे के बाद प्रतिपदा में होली का त्यौहार मनाये।

### हिंदू राष्ट्र संघ द्वारा पंच मंदिर में होली मिलन समारोह का आयोजन

**हजारीबाग।** हिंदू राष्ट्र संघ के तत्वावधान में पंच मंदिर में होली मिलन समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष शशि भूषण केशरी ने की, जबकि संचालन प्रदेश संगठन महासचिव दीप प्रकाश नारायण ने किया। उन्होंने होलिका दहन की पौराणिक कथा का उल्लेख करते हुए कहा कि भगवान श्री हरि ने प्रह्लाद को बचाकर बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश दिया था। इसी तरह, हमें भी अपने भीतर की नकारात्मकता और द्वेष को समाप्त कर सौहार्दपूर्ण वातावरण में होली मनानी चाहिए। इस अवसर पर हिंदू राष्ट्र संघ के नगर, जिला, नारी शक्ति एवं प्रदेश के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी ने रंगों के इस पावन पर्व पर एकता और भाईचारे का संदेश दिया और आपसी सौहार्द बनाए रखने का संकल्प लिया।

## होली और रमजान को लेकर शांति समिति की बैठक



बैठक में शामिल लोग

**पदमा।** आगामी होली और रमजान को लेकर मंगलवार को पदमा थाना ओपी परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अंचल अधिकारी मोतीलाल हेम्ब्राम ने की, जबकि संचालन थाना प्रभारी राणा भानु प्रताप सिंह ने किया। बैठक में अंचल अधिकारी मोतीलाल हेम्ब्राम ने दोनों समुदायों के लोगों से सौहार्द बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि इस बार होली और जुमे की नमाज एक ही दिन पड़ रही है, इसलिए सभी को एक-दूसरे के धर्मों का सम्मान करते हुए शांति और भाईचारे के साथ त्योहार मनाना चाहिए। थाना प्रभारी भानु प्रताप सिंह ने सभी को होली की शुभकामनाएं देते हुए सौहार्दपूर्ण माहौल में पर्व मनाने की बात कही। उन्होंने आश्वासन दिया कि प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहेगा और शांति भंग करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में उपस्थित लोगों ने प्रखंड में नशे की बढ़ती समस्या पर चिंता जताई और इसे रोकने की मांग की, जिस पर थाना प्रभारी ने आवश्यक कदम उठाने का भरोसा दिया। उन्होंने यह भी बताया कि होली और रमजान के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए मस्जिदों और प्रमुख चौक-चौराहों पर पुलिस बल तैनात किया जाएगा। बैठक में कई जनप्रतिनिधि और सामाजिक कार्यकर्ता शामिल हुए, जिनमें पदमा जिप सदस्य बसंत नारायण मेहता, प्रमुख वीणा देवी, पदमा मुखिया अनिल मेहता, मुखिया विजय मेहता, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष गौतम कुमार मेहता, भाजपा नेता बाबू लाल मेहता, अशोक केशरी और अविनाश सिंह सहित कई अन्य लोग मौजूद रहे।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, कोडरमा**

**शुद्धि पत्र**

निविदा सूचना सं० –09/2024-25 आमंत्रित किया गया था। जिसका पी०आर०सं० –347826 है। जिसमें निम्न संशोधन किया जाता है।

1. निविदा सूचना सं० – 08/2024-25 को निविदा सूचना सं० – 09/2024-25 पढ़ा जाए।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि
   :–दिनांक– 19.03.2025 से दिनांक–20.03.2025 (कार्यालय कार्य दिवस एवं समयावधि तक)
3. निविदा प्राप्त करने की तिथि
   :–दिनांक– 21.03.2025 (अपराह्न 3.00 बजे तक)
4. निविदा खुलने की तिथि
   :–दिनांक– 21.03.2025 (अपराह्न 3.30 बजे)
5. ग्रुप संख्या 2 में प्रखण्ड कोडरमा के स्थान जयनगर पढ़ा जाए।

PR 348361 Rural Work Department(24-25)#D

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, कोडरमा

## राजस्व संबंधित कार्यों की उपायुक्त ने की समीक्षा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रामगढ़।** राजस्व संबंधित कार्यों को लेकर मंगलवार को उपायुक्त चंदन कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। राजस्व संग्रहण कार्यों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने आंतरिक संसाधन, उत्पाद, खनन, परिवहन, विद्युत सहित अन्य संबंधित विभागों से प्राप्त लक्ष्य के अनुरूप अब तक की गई उपलब्धि की जानकारी ली। वहीं ,उपायुक्त ने निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति जल्द से जल्द सुनिश्चित करने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिया। मौके पर उपायुक्त ने परिवहन विभाग द्वारा वाहनों के लिए फैंसी नंबर निर्गत किए जाने का व्यापक प्रचार प्रसार करने का निर्देश दिया। इस संबंध में जिला परिवहन पदाधिकारी के द्वारा फैंसी नंबर प्राप्त करने हेतु जिला परिवहन कार्यालय से संपर्क करने के संबंध में जानकारी दी गई। नीलाम पत्र वादों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने संबंधित जिला व अनुमंडल स्तरीय अधिकारियों, अंचल अधिकारियों को बैंक प्रतिनिधियों के साथ समन्वय कर तीव्र गति से मामले निष्पादित करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान मैनेजर आईटी श्री वेदांत कुमार के द्वारा पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से अंचलवार विभिन्न कार्यों की जानकारी दी गई। इस दौरान उपायुक्त ने दाखिल खारिज मामलों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने सेवा का अधिकार अधिनियम का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए दाखिल खारिज संबंधित सभी मामलों को निर्धारित अवधि के दौरान निष्पादित करने का निर्देश दिया। मौके पर उपायुक्त ने एक सप्ताह के अंदर सभी अंचलों में न्यायालय संबंधित मामलों में कॉज लिस्ट अपडेट करने का निर्देश दिया। परिशोधन पोर्टल के माध्यम से आमजनों को उपलब्ध कराई जा रही भूमि संबंधित दस्तावेजों में सुधार सहित अन्य सुविधाओं की जानकारी लेने के क्रम में उपायुक्त ने पोर्टल पर आए आवेदनों को जल्द से जल्द निष्पादित करने का निर्देश दिया।

## रंग गुलाल और फूलों से ज्यादा ज्यादा होली खेलेः मुखिया

**खबर मन्त्र संवाददाता**



होली मिलन समारोह में शामिल लोग

**कुजू।** कुजू पश्चिमी पंचायत सचिवालय में पंचायत के मुखिया जय कुमार ओझा के द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न ग्रुप के महिला समिति के महिलाएं और पंचायत सचिव और वार्ड सदस्य मौजूद होकर होली मिलन समारोह में भाग लिया। मौके पर मुखिया पंचायत सचिव वार्ड प्रतिनिधि और महिलाएं एक दूसरे को कबीर गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। मौके पर मुखिया और पंचायत सचिव ने क्षेत्र वासियों को होली की बधाई देते हुए ड्राई होली खेलने का संदेश दिया। कहा कि होली के दिन लोग पानी का बबार्दी ना करें। कोशिश करें रंग गुलाल और फूलों से ज्यादा ज्यादा होली खेले। उनके द्वारा दिया गया संदेश से लोगों में खुशी है। मौके पर मौजूद महिलाओं ने भी ड्राई होली खेलने का संकल्प लिया। मौके पर मुखिया जय कुमार ओझा, पंचायत सचिव शशि किरण , उप मुखिया संगीता देवी , वार्ड सदस्य , संदीपा केसरी सोनू कुमारी मुंडा , सरिता देवी ,किरण देवी ,आशीष कुमार चौबे , मेघवाल रविदास , रघुनाथ प्रसाद मेहता, राजेंद्र प्रसाद केसरी , नरेश करमाली , मोहम्मद इमरान , मोहम्मद शमशाद , सुरेश रविदास, महिला समिति में शांति देवी , रोशन आरा , सुनीता देवी , पिंकी देवी, मंजू देवी , मोहम्मद अकरम सहित दर्जनों महिला और प्रतिनिधि मौजूद थे।

## जेएसपी पतरातु में 54वां राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह पुरस्कार वितरण के साथ हुआ संपन्न

**खबर मन्त्र संवाददाता**



सुरक्षा का शपत लेते जेएसपी के अधिकारी और कर्मचारी

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** जिंदल समुह की इकाई जिंदल स्टील एंड पॉवर पतरातू में भव्य समापन समारोह के साथ 54वां राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह का सोमवार को समापन हुआ। अग्नि एवं सुरक्षा प्रमुख एके सिंह के संचालन में आयोजित समारोह में बतौर मुख्य अतिथि प्लांट प्रमुख सत्येंद्र सिंह उपस्थित थें। कार्यक्रम ने संयंत्र और टाउनशिप में सुरक्षा जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से आकर्षक गतिविधियों से भरे एक सप्ताह के सफल समापन को चिह्नित किया। सप्ताह के दौरान संयंत्र के श्रमिकों और टाउनशिप निवासियों, विशेष रूप से महिलाओं के लिए सुरक्षा प्रथाओं और रोजमर्रा की जिंदगी में उनके महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए विभिन्न प्रेरणादायी कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम में कई प्रतियोगिताओं का भी आयोजन हुआ। जहां प्रतिभागियों ने महत्वपूर्ण सुरक्षा संदेश फैलाते हुए अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। चार मार्च से शुरू हुई सुरक्षा सप्ताह कार्यक्रम में सुरक्षा रथ भी शामिल था। इसके पूर्व प्लांट प्रमुख सत्येंद्र सिंह ने ध्वजारोहण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर सभी कर्मचारियों, श्रमिकों और अधिकारियों ने सुरक्षा शपथ लेकर सुरक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दशार्या। सुरक्षा सप्ताह के तहत विभिन्न प्रतियोगिताएं और गतिविधियां आयोजित की गईं। जिनमें सुरक्षा क्विज (मजदूरों, एचओडीएस, डीएसओएस और गृहिणियों के लिए) ऑनलाइन सुरक्षा क्विज, (कर्मचारियों के लिए) सुरक्षा पोस्टर, नारा और निबंध प्रतियोगिता, सुरक्षा गीत और कविता प्रतियोगिता, नुक्कड़ नाटक एवं मंच नाटक आदि का आयोजन हुआ। समापन समारोह में प्लांट प्रमुख सत्येंद्र सिंह और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने सुरक्षा त्रिभुज का अनावरण किया। जिसमें ह्यसुरक्षा और कुशलता, विकसित भारत के लिए अनिवार्यह्ल का संदेश था। इस अवसर पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वालों को पुरस्कार, प्रशस्ति-पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस दौरान 175 प्रतिभागियों जिनमें कर्मचारी, बच्चे और गृहिणियां शामिल थीं। को सुरक्षा जागरूकता और प्रतिबद्धता के लिए सम्मानित किया गया। अपने संबोधन में प्लापंट प्रमुख सत्येंद्र सिंह ने कार्यस्थल पर व्यक्तिगत स्वास्थ्य, कार्य कुशलता और सुरक्षा के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने सभी कर्मचारियों से सड़क सुरक्षा नियमों,

**उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, खूँटी ( जिला ग्रामीण विकास शाखा ) मनरेगा कोषांग**

**-: अति अल्पकालीन निविदा सूचना :-**

ग्रामीण विकास विभाग, झारखण्ड रांची के पत्रांक (N) 273 (अनु०) दिनांक 03.03.2025, पत्रांक (N) 77 दिनांक 22.01.2025 एवं पत्रांक (N) 265 (अनु०) दिनांक 03.03.2025 के आलोक में मनरेगा अंतर्गत बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2025–26 में खूँटी जिला में 2000 एकड़ में बागवानी किया जाना प्रस्तावित है। उपरोक्त प्रासंगिक पत्र के आलोक में बिरसा हरित ग्राम योजना के क्रियान्वयन हेतु बागवानी में प्रयुक्त होने वाले विभिन्न सामग्रियों का क्रय किया जाना है। उक्त के संबंध में सुयोग्य / अधिकृत इच्छुक आपूर्तिकर्ताओं / निर्माताओं से निम्न सामग्रियों के क्रय हेतु मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है :–

| क्र० सं० | सामग्री का नाम | विवरण | इकाई |
|---|---|---|---|
| 1 | खाद | (a). केंचुआ खाद (Vermi Compost) | Kg |
| | | (b). केंचुआ खाद के समतुल्य | Kg |
| | | (c). नीम खल्ली | Kg |
| | | (d). करंज खल्ली | Kg |
| | | (e). बोनमिल (Bone Meal) | Kg |
| | | (f). SSP | Kg |
| | | (g). Dolomite | Kg |
| 2 | फफुन्दनाशक | (a). Trichoderma Viridi 1.5% WW (2x10^6-10^8 CFU/gm) | Kg |
| | | (b). Chlorothalonil 75% WP | Kg |
| | | (c). Copper Oxychloride 50% WP (Blue Copper or Equivalent ) | Kg |
| 3 | कीटनाशक | (a). Fipronil 0.3 GR | Kg |
| | | (b). Azadirechtin 3000 PPM | Liter |
| | | (c). Lambda-Cyhalothrin 5% EC | Liter |
| | | (d). दीमकनाशक दवा (Bifenthrin 2.5% EC) | Liter |
| | | (e). दीमकनाशक दवा (Biflex TC or Equivalent) | Liter |
| 4 | Antibiotic | Plant Antibiotic (Kasugamycin 5% या समतुल्य) | Liter |
| 5 | रसायनिक खाद | (a). सुक्ष्म–पोषक तत्व(Micronutrient) (Toto Care/Agromin या Equivalent) | Liter |
| | | (b). यूरिया | Kg |
| | | (c). NPK 10:26:26 (सुफला या समतुल्य) | Kg |
| | | (d). MoP (पोटाश) | Kg |
| 6 | जलकुण्ड के लिए प्लास्टिक | (a). 250 माईक्रोन का UV Resistant Ploythene (एक जलकुण्ड हेतु 6 Kg पॉलिथीन जिसका लम्बाई 18 फीट एवं चौड़ाई 14 फीट हो) | Kg |

**नोट :–** 1. निविदा की विस्तृत जानकारी खूँटी जिला के वेबसाइट www.khunti.nic.in से प्राप्त किया जा सकता है अथवा कार्यालय अवधि में जिला ग्रामीण विकास शाखा, खूँटी (मनरेगा कोषांग) के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

2. इच्छुक निविदादाता दिनांक 24.03.2025 को अपराह्न 01:00 बजे तक उपायुक्त –सह– जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, जिला ग्रामीण विकास शाखा, खूँटी (मनरेगा कोषांग) में मुहरबंद निविदा जमा कर सकते है। निविदा उसी दिन दिनांक 24.03.2025 को अपराह्न 03:00 बजे उपायुक्त –सह– जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, जिला ग्रामीण विकास शाखा, खूँटी (मनरेगा कोषांग) में जिला क्रय समिति के समक्ष खोली जाएगी। निविदा खोलने के समय निविदादाता अथवा उनके प्राधिकृत प्रतिनिधि अनिवार्य रूप से नमूना के साथ उपस्थित रहेंगे। लिफाफे के उपर **Plantation under MGNREGA (Material)** अंकित किया जाए।

ह०/–
उप विकास आयुक्त
–सह– अतिरिक्त जिला कार्यक्रम समन्वयक, खूँटी।

PR.NO.348314
District(24-25):D

# गायत्री मंत्र का नियमपूर्वक जाप से कटता है पाप, बढ़ती है एकाग्रता



हिंदू धर्म में गायत्री मंत्र को सबसे उत्तम और सर्वश्रेष्ठ माना गया है। यह एक ऐसा मंत्र है जो न सिर्फ हिंदू धर्म में आस्था रखने वालों की जुबान रहता है बल्कि अन्य धर्म के लोग भी इस मंत्र के बारे में अच्छी तरह से जानते हैं। कई शोधों में इस बात को माना गया है कि गायत्री मंत्र के जाप से कई फायदे मिलते हैं। वेदों की कुल संख्या चार है और चारों वेदों में गायत्री मंत्र का उल्लेख किया गया है। इस मंत्र के ऋषि विश्वामित्र हैं और देवता सवितृ हैं। माना जाता है कि इस मंत्र में इतनी शक्ति है कि नियमित तीन बार जप करने वाले व्यक्ति के आस-पास नकारात्मक शक्तियां, भूत-प्रेत और ऊपरी बाधाएं नहीं फटकती।गायत्री मंत्र के जप से कई तरह का लाभ मिलता है। यह मंत्र कहता है 'उस प्राणस्वरूप, दु?खनाशक, सुखस्वरूप, श्रेष्ठ, तेजस्वी, पापनाशक, देवस्वरूप परमात्मा को हम अन्त?करण में धारण करें। वह परमात्मा हमारी बुद्धि को सन्मार्ग में प्रेरित करे।' यानी इस मंत्र के जप से बौद्धिक क्षमता और मेधा शक्ति यानी स्मरण की क्षमता बढती है। इससे व्यक्ति का तेज बढता है साथ ही दु?खों से छूटने का रास्ता मिलता है।गायत्री मंत्र का जप सूर्योदय से दो घंटे पूर्व से लेकर सूर्यास्त से एक घंटे बाद तक किया जा सकता है। मौन मानसिक जप कभी भी कर सकते हैं लेकिन रात्रि में इस मंत्र का जप नहीं करना चाहिए। माना जाता है कि रात में गायत्री मंत्र का जप लाभकारी नहीं होता है।गायत्री मंत्र में चौबीस अक्षर होते हैं। यह चौबीस अक्षर चौबीस शक्तियों-सिद्धियों के प्रतीक हैं। यही कारण है कि ऋषियों ने गायत्री मंत्र को भौतिक जगत में सभी प्रकार की मनोकामना को पूर्ण करने वाला मंत्र बताया है।आर्थिक मामलों में परेशानी आने पर गायत्री मंत्र के साथ श्रीं का संपुट लगाकर जप करने से आर्थिक बाधा दूर होती है।छात्रों के लिए यह मंत्र बहुत ही फायदेमंद है। स्वामी विवेकानंद ने कहा है कि गायत्री सद्बुद्धि का मंत्र है, इसलिए उसे मंत्रो का मुकुटमणि कहा गया है। नियमित रूप से 108 बार गायत्री मंत्र का जप करने से बुद्धि प्रखर और किसी भी विषय को लंबे समय तक याद रखने की क्षमता बढ.जाती है। यह मंत्र व्यक्ति की बुद्धि और विवेक को निखारने का भी काम करता है।

## रंगों और हंसी-खुशी का त्योहार है होली : भरत चन्द्र महतो



### अखिल झारखंड अधिवक्ता संघ का रांची सिविल कोर्ट परिसर के न्यू बार भवन में होली मिलन समारोह

रांचीः अखिल झारखंड अधिवक्ता संघ के तत्वावधान में आज सिविल कोर्ट परिसर स्थित न्यू बार भवन के प्रथम तल में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संघ के सदस्यों ने एक दूसरे पर अबीर लगाकर होली की हार्दिक शुभकामनाएं दी। संघ के प्रधान महासचिव भरत चन्द्र महतो ने इस अवसर पर उपस्थित अधिवक्ताओं को अबीर लगाकर एवं अंग वस्त्र देकर होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि होली रंगों और हंसी खुशी का त्योहार है। होली आपसी भाईचारा और प्रेम को प्रगाढ करता है। होली के अवसर पर जो रंग हम एक दूसरे को लगाते हैं उससे आपसी प्रेम प्रगाढ होता है। इस अवसर पर अखिल झारखंड अधिवक्ता संघ की उपाध्यक्ष रेखा वर्मा, विजय कुमार कोईरी, जीतेन्द्र प्रसाद,निरंजन राम, विजय कुमार गुप्ता, अंजु कुमारी, डोली, सुजाता, ब्रजेन्द्र नाथ महतो, बिपिन बिहारी देवरत्न, मीडिया प्रभारी मृत्युंजय प्रसाद समेत बड़ी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित थे।



## खेले मशाने में होली दिगंबर ...














# मानव शरीर में 112 चक्र प्रभावी



**जग्गी बासुदेव**

मानव शरीर में 112 चक्र होते हैं, लेकिन आदियोगी शिव ने इन्हें सात वर्गों में बांटा था और सप्त ऋषियों को दीक्षित किया था। इसी वजह से ये आम तौर पर सात चक्रों के रूप में जानें जाते हैं। जानते हैं

धरती की हर चीज़ इंसानी सिस्टम के विकास में शामिल रही हैअगर हम इस धरती पर मौजूद जीवन की प्रकृति, या धरती पर मौजूद किसी भी भौतिक वस्तु की प्रकृति को जानना चाहते हैं, चाहे वह सजीव हो या निर्जीव तो इसके लिए सबसे बेहतर तरीका है अपने खुद के सिस्टम पर गौर करना।ये एक सौ बारह अपने इन सात आयामों में, आमतौर पर सात चक्रों या योग के सात स्कूल के तौर पर जाने जाते हैं।

क्योंकि इस शरीर के निर्माण में इन सभी चीजों को शामिल किया गया है। इंसानी सिस्टम में एक सौ चौदह ऊर्जा-केंद्र होते हैं, जिन्हें हम 'चक्र' कहते हैं। अगर ये चक्र अपनी पूर्णता पर पहुंच जाएं तो इंसान शरीर-हीनता की स्थिति का अनुभव करने लगेगा।

यह भी अपने आप में मानव के विकास की पूर्णता का एक प्रमाण है। वर्ना जो प्राणी अभी भी क्रमिक विकास के दौर में हैं, उनमें यह संभव नहीं हो पाएगा। अगर आप शरीर के बोध के बिना सिर्फ एक पल के लिए ही सही, बैठ पाएं, तो इसका मतलब है कि यह शरीर, यह इंसान अपने चरम पर पहुंच चुका है। अब सवाल सिर्फ इतना है कि आप इस स्थिति में वहां ठहरेंगे या नहीं? क्या कोई व्यक्ति इतना फोकस्ड है कि वहां पर टिक पाए?मूलाधार शरीर का सबसे बुनियादी चक्र है। मूलाधार साधना पीनियल ग्लैंड से जुड़ी है, और इस साधना से तीन बुनियादी गुण सामने आ सकते हैं।

### 112 चरों से 7 चक्र कैसे बनें?

इन एक सौ चौदह चक्रों में से दो चक्र शरीर के बाहर होते हैं, जिन्हें एक अलग आयाम के रूप में देखा जाता है। कुछ पद्धतियों में शरीर को नौ आयामों में देखते हैं, जिसमें सात हमारे सिस्टम में और दो बाहरी आयाम होते हैं।जिस आयाम को किसी प्रक्रिया में बांधा नहीं जा सकता, फिर भी उस आयाम तक पहुंचा जा सकता है, वह आयाम सहस्रार है। हालांकि कुछ मायने में ये सही भी है, लेकिन सामान्य योगिक पद्धति इसे ऐसे नहीं देखती। सामान्य योगिक पद्धति इसे एक सौ चौदह में से दो कम करके देखती है। दरअसल, ये दो चक्र भौतिक ढांचे के बाहर होते हैं। असल में, हम इन्हें ऐसे देखते हैं कि हम किसके साथ काम कर सकते हैं और किसके साथ नहीं। इन एक सौ बारह चक्रों के साथ हम काम कर सकते हैं, इनमें से अगर एक सौ आठ चक्रों पर काम करके उन्हें तैयार व सक्रिय किया जाए तो अंतिम चार स्वाभाविक तौर पर सक्रिय हो जाते हैं। इसके आधार पर इनमें से हरेक के सात आयाम व सोलह पहलू होते हैं, इस तरह से यह एक सौ बारह होते हैं। और ये एक सौ बारह अपने इन सात आयामों में, आमतौर पर सात चक्रों या योग के सात स्कूल के तौर पर जाने जाते हैं।

सद्गुरु हमें बता रहे हैं कि स्वाधिष्ठान वो केंद्र है जिसका इस्तेमाल बच्च पैदा करने के लिए या फिर देवी देवताओं को रचने के लिए किया जाता है। जानते हैं इस चक्र के अनेक पहलूओं के बारे में। स्वाधिष्ठान चक्र : देवी-देवताओं को रचने की महारत देता है

**योग के सात स्कूल शुरू किए सप्त ऋषियों ने** : योग के इन सात स्कूलों का श्रेय सप्तऋषियों को जाता है, क्योंकि इन्हीं लोगों ने ये सात स्कूल तैयार किए। चूंकि आदियोगी शिव को पता था कि सप्त ऋषियों में से कोई भी अकेला इन सारी प्रक्रियाओं को ग्रहण कर पाने में सक्षम नहीं होगा, इसलिए उन्होंने इसके सोलह पहलुओं को हरेक ऋषि को दिया। इस तरह से मूलाधार, स्वाधिष्ठान, मणिपूरक, अनाहत, विशुद्धि और अज्ञा से जुड़ी अलग-अलग विधाएं सामने आईं। हालांकि सातवें चक्र को आप वास्तव में विधा नहीं कह सकते, इस पर चलने वाले लोग विधाहीन हैं। इसलिए उनका कोई सिस्टम नहीं है। अगर आप किसी चीज को विधा कहना चाहते हैं, तो उसके लिए एक सिस्टम का होना जरूरी है। तो जिस आयाम को किसी प्रक्रिया में बांधा नहीं जा सकता, फिर भी उस आयाम तक पहुंचा जा सकता है।

## ई है टाटा नगरिया, देख बबुआ...




केरल समाज जमशेदपुर में 1945 में स्थापित हुआ था। यह संगठन मलयाली समुदाय के सांस्कृतिक, शैक्षिक और सामाजिक कल्याण को बढ़ावा देने के लिए बनाया गया था। केरल समाज ने केरल की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित करने और बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है, और इसके सदस्यगण के लिए विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों, त्योहारों और शैक्षिक गतिविधियों का आयोजन किया है।

# बैंकों में दो दिवसीय राष्ट्रव्यापी हड़ताल 24 से

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** यूनाईटेड फोरम आफ बैंक यूनियन (यूएफबीयू )के शीर्ष नेतृत्व के आह्वान पर चरणबद्ध तरीके से हुई प्रदर्शन के सफल आयोजन के पश्चात हमारा दूसरा प्रदर्शन आज 11 मार्च 2025 को संध्या 5.15 बजे बैंक आफ बड़ौदा के समीप किया गया। बैंककर्मियों की जायज मांगों के समर्थन में आज काफी भीड़ देखी गयी। जमशेदपुर यूएफबीयू के सभी घटक दलों के नेतृत्व और विभिन्न बैंकों के कामरेडों ने प्रदर्शन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। प्रदर्शन को सफल बनाने में यूएफबीयू जमशेदपुर के शीर्ष नेतृत्व कामरेड मनोज कुमारख कामरेड अमीत कुमार, कामरेड सुजय राय, कामरेड रामजी प्रसाद, कामरेड सपन अदक कामरेड गौतम घोष कामरेड आंनद वर्मा ने संबोधित किया। कामरेड सपन कुमार अदक, कामरेड दिव्यांग्सु ने नारेबाजी कर साथियों का उत्साहवर्धन किया। प्रदर्शन में कामरेड पंकज सिंह,अजय, विनय वर्मा, रविनंदन प्रसाद, गौरव राज, कविता, संतोष, कौशल किशोर, किंजल, रिशीकेश, पवन, बबन, मनोज, ज्वाला, संजय रविदास, पुनम चक्रवर्ती, सी के सिंह अंजू कुमारी, हरि नाग, मुकेश कुमार, सीता किस्कू, सी के नायडु, पवन कुमार, हरेंद्र सिंह, संजय कुमार, अरिंदम बरूआ, बाबूलाल मार्डी, दीपक, जितेंद्र कुमार, संतोष ओझा ममता पूजा शकुंतला, विकास कुमार, प्रमोद कुमार, रितेश सुरेंद्र पूर्ति, कमलेश राम, कमलेश सिंह, मनोतोष चक्रवर्ती, संजय कुमार समरेश, मनोहर, संजय सिंह, अरिंदम बरूआ, निशांत चौधरी, विकास रजक और अन्य साथियों ने प्रदर्शन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। अंत में संयोजक कामरेड रींटु रजक ने सभी साथियों को आगामी 21 मार्च को संध्या 5.15 बजे बिष्टुपुर पोस्टल पार्क से रैली में शामिल होने का आह्वान किया एवं प्रदर्शन में शामिल होने के लिए सभी का धन्यवाद अदा किया।




बिष्टुपुर में विरोध प्रदर्शन निकालते यूएफबीयू से जुड़े बैंककर्मी।

## बिष्टुपुर में बैंककर्मियों ने दिखायी एकता

### यूएफबीयू की मांगें

बैंको में पर्याप्त कर्मचारीयों एवं अधिकारियों की नियुक्ति। आरबीआई, डीएफएस, सेबी, नाबार्ड, फाइनेंस मिनिस्ट्री और स्टोक एक्सचेंज की तरह बैंको में भी पांच दिवसीय कार्य दिवस हो। कर्मचारी एवं अधिकारी प्रतिनिधि को निदेशक मंडल में शामिल करना। लंबित मांगों का शीघ्र निराकरण। सेवानिवृत्ति के पश्चात केन्द्रीय कर्मियों की तरह ग्रेच्युटी की राशि 25 लाख की जाए। बैंक कर्मचारी और अधिकारी के खिलाफ दुर्व्यवहार और हिंसा पर रोक लगायी जाये। पीएलआई भुगतान प्रणाली में आवश्यक सुधार और भेदभावपूर्ण रवैया समाप्त की जाये। बैंकों में शिक्षुओं (अप्रेंटिस और कान्ट्रेक्ट) संविदा भर्ती की जगह स्थायी कर्मचारियों और अधिकारियों की नियुक्ति की जाये। सरकारी बैंकों को मजबूती प्रदान करने की नीति बनाई जाए आदि जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों को लेकर बैंक कर्मचारी और अधिकारी आज अपनी जायज मांगों एवं समाज में व्याप्त बेरोजगारी जैसे ज्वलंत मुद्दों को लेकर संघर्ष के लिए तैयार हैं।

## स्पीड न्यूज

### चौड़ा में पावर प्लांट लगाये या जमीन वापस करे : सबिता

**चांडिल।** ईचागढ़ विधायक सविता महतो ने शून्यकाल की सूचना के दौरान सदन में ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र के चौड़ा में टाटा पावर प्रोजेक्ट का मामला को प्रमुखता से उठाया। इस दौरान उन्होंने सदन में कहा कि कुकड़ू प्रखंड के मौजा चौड़ा, कुदा, सिरकाडीह, गुंदलीडीह, तिरुलडीह में टाटा पावर प्रोजेक्ट ने 3660 एमभी यूनिट कंपनी लगाने के नाम से करीब 470 एकड़ जमीन का वर्ष 2010 में अधिग्रहण किया है लेकिन कंपनी द्वारा कोई भी काम शुरू नहीं हुआ है। यदि टाटा पावर कंपनी नहीं लगाना चाहती है तो लोगों को उनकी जमीन नियम के अनुसार वापस होनी चाहिए। उन्होंने आसन के माध्यम से सरकार से मांग किया कि टाटा पावर कंपनी द्वारा 470 एकड़ लिये गये भूमि को जमीन मालिकों को वापस किया जाये।

### सिंहभूम चेंबर का होली मिलन समारोह 16 को

**जमशेदपुर।** सिंहभूम चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के द्वारा चैम्बर सदस्यों के लिये होली के शुभ अवसर पर पारिवारिक ह्वहोली मिलन समारोहह्न का आयोजन रविवार, दिनांक 16 मार्च, 2025 को संध्या 7.30 बजे से नरभेराम हंसराज इंगलिश स्कूल परिसर, बिष्टुपुर में आयोजित किया गया है। यह जानकारी मानद महासचिव मानव केडिया ने दी। अध्यक्ष विजय आनंद मूनका ने बताया कि चैम्बर प्रत्येक वर्ष अपने सदस्यों एवं उनके परिवार के सदस्यों के मनोरंजन हेतु होली के शुभ अवसर पर होली मिलन समारोह का आयोजन चैम्बर भवन में करता रहा है। लेकिन पिछले दो-तीन वर्षों के दौरान चैम्बर सदस्यों की चैम्बर के कार्यक्रमों में बढ़ती सहभागिता और भागीदारी तथा चैम्बर सदस्यों की लगातार बढ़ती संख्या को लेकर होली मिलन समारोह किसी बड़े स्थान पर करने की परंपरा शुरू की गयी है।

### एसीबी ने एएसआइ को घूस लेते दबोचा

**धनबाद।** एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) की टीम ने मंगलवार को बोकारो के गांधीनगर थाना में तैनात एएसआई अजय प्रसाद को रिश्वत लेते गिरफ्तार कर लिया। एसीबी ने आरोपी को सीसीएल के क्वार्टर से 10 हजार रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा।एसीबी डीएसपी जितेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि 9 मार्च को कुछ लोगों के बीच गाँधी नगर थाना क्षेत्र के चार नंबर पेट्रोल पम्प के समीप पैसे को लेकर नोंक-झोंक हुई थी। उस समय परिवादी वही खड़ा थे। इसी पर गांधीनगर थाना के सहायक अवर निरीक्षक अजय प्रसाद ने मोबाईल के माध्यम से उसे थाना बुलाया और उसे बताया कि उक्त मारपीट के केस में वह अभियुक्त है और जेल भेजा जायेगा। उसे स्टूडेंट्स बताकर उसे बचने का उपाय बताया गया कि दस हजार रु देने पर केस से नाम हट जायेगा। रिश्वत नहीं देने पर करेक्टर पर दाग लगा देने की धमकी दी। परिवादी को डरा धमकाकर केस का अनुसंधानकर्ता सहायक अवर निरीक्षक अजय प्रसाद दस हजार रू की मांग करने लगा। बताया की शिकायतकर्ता के आवेदन का सत्यापन में तथ्य सही पाए जाने के बाद एएसआई को पकड़ने के लिए जाल बिछाया गया और धर दबोचा।

# गैंगस्टर अमन साहू के घर बुढ़मू में मातम

## मौत की खबर सुनकर बेसुध मां को संभालते परिजन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड एटीएस के हाथों मुठभेड़ में मारे गए कुख्यात अपराधी अमन साहू के घर पर मातम का माहौल है। रांची के बुढ़मू स्थित अमन के घर पर परिजन सदमे में है। अमन साहू के गांव मतवे में सन्नाटा पसरा हुआ है। कोयला क्षेत्र में आतंक का पर्याय और 100 से अधिक गंभीर आपराधिक मामलों का आरोपी अमन साहू के एनकाउंटर में मारे जाने की सूचना उसके परिजनों को मंगलवार सुबह दस बजे मिली, जिसके बाद घर में परिजनों का विलाप शुरू हो गया।

रायपुर से रांची लाने के क्रम में पलामू में हुए अमन गैंग के साथ मुठभेड़ के बाद अमन फरार होने की कोशिश में मारा गया। अमन के परिवार वालों के रोने की आवाज सुन कर ग्रामीणों को भी यह जानकारी मिली कि अमन पुलिस के साथ हुए एनकाउंटर में मारा गया है। अमन की मां अपने बेटे की मौत की खबर सुन कर बेसुध सी हो गयी, जिसे रिश्तेदारों और गांव की अन्य महिलाओं ने संभाला। बेटे की मौत की खबर सुनकर अमन के पिता निरंजन साहू और मां स्तब्ध थे। अमन के पिता का गांव में ही एक किराने की दुकान है।

अमन के मारे जाने को लेकर उसके परिजनों ने किसी भी तरह की कोई भी प्रतिक्रिया देने से इनकार कर दिया।

ग्रामीणों ने बताया कि अमन का बचपन रामगढ़ के पतरातू में बीता था। सालों पहले अमन का परिवार रांची के बुढ़मू थाना क्षेत्र स्थित गांव मतवे में आकर बस गया। अमन का एक भाई नौकरी करता है जबकि दूसरा भाई आकाश साहू टेरर फंडिंग मामले में जेल में बंद है।



## चेशायर होम में होली के गीतों पर थिरके विशेष बच्चों के पांव

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** मंगलवार को सुंदरनगर स्थित चेशायर होम के विशेष बच्चों (दिव्यागों) ने अबीर गुलाल की होली खेली। होली के गीतों पर विशेष बच्चों तथा उपस्थित लोगों के पांव भी खूब थिरके। गुलाल उड़ाकर विशेष बच्चे होली के रंग में रंग गए। यह नजारा चेशायर होम परिसर में दिखने को मिला। इसका आयोजन हर साल की तरह इस साल भी सिने तारिका माधुरी दीक्षित के फैन पप्पू सरदार द्वारा किया गया था। पप्पू ने अपने चिर-परिचित अंदाज में इस साल नई थीम खुद को लस्सी वाला के रूप में पेश कर होली के दिन नशा नहीं करने के साथ ही समाज में आई नशे रूपी कुरीति को दूर करने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि होली आपस में मिलना जुलना और पुरानी रंजिश भूलकर आपसी भाईचारा कायम करने के लिए मनाया जाता है आप यदि नशा मुक्त पर्व मनाएंगे तो आपके परिवार, समाज और प्रशासन को भी काफी राहत मिलेगी। होली के गीतों पर विशेष बच्चों संग पप्पू ने जमकर डांस किया। मौके पर चेशायर होम की सिस्टर सारिका ने होली की बधाई दी।



## आदित्यपुर : कुख्यात छोटू राम सहित आठ अपराधी गिरफ्तार, हथियार जब्त

खबर मन्त्र प्रतिनिधि

**आदित्यपुर।** सरायकेला खरसावां जिले के आदित्यपुर पुलिस ने अपराध की योजना बनाते कुख्यात अपराधी रवि राम उर्फ छोटू राम को उसके सात सहयोगियों के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने इन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। एसपी मुकेश कुमार लुणायत ने मंगलवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में इस गिरफ्तारी की जानकारी दी। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि ट्रिपल मर्डर केस में जेल से जमानत पर छूटे छोटू राम अपने साथियों के साथ आदित्यपुर थाना क्षेत्र के धीराजगंज इलाके में अपराध की योजना बना रहा है। इसके बाद थाना प्रभारी राजीव कुमार सिंह के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। टीम ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए गोलू गुप्ता, छोटू राम, सुमित गोप, अंगद प्रमाणिक, रोहित महतो, सूरज महतो, अनीश कुमार शर्मा और राजू कुमार वर्मा को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों के पास से दो पिस्टल, एक देसी कट्टा, तीन जिंदा कारतूस, एक स्कॉर्पियो, एक बुलेट और सात मोबाइल फोन जब्त किये गये।



सरायकेला के एसपी मुकेश लुणावत पत्रकारों के सामने छोटू राम को पेश करते हुए।

## नशा से जन, जीवन और समाज प्रभावित : आरे सिन्हा

### जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** माननीय झालसा के निर्देश पर माननीय न्यायायुक्त-सह-अध्यक्ष के मार्गदर्शन में मंगलवार को राम लखन सिंह यादव कॉलेज और सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंसी, बरियातू रांची में नशा उन्मुलन, नशा के दुष्प्रभाव एवं महिलाओं पर केंद्रित कानून पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एलएडीसी अधिवक्ता राजेश कुमार सिन्हा, लाईफ सेवर्स एनजीओ के अतुल गेरा, सीआईडी से रिजवान अंसारी, एनसीबी से मनोहर मंजूल, आनंद कुमार, स्कूल के प्रिंसिपल दीपक कुमार, पीएलवी सम्पा दास, प्रीति पाल, लाईफ सेवर्स एनजीओ के अतुल गेरा, शिक्षक-शिक्षिकाए एवं राजा वर्मा व अन्य उपस्थित थे।

इस मौके पर एलएडीसी अधिवक्ता राजेश कुमार सिन्हा ने अफीम, गांजा, हिरोईन, ब्राउन शुगर का व्यापार करना तथा अफीम की खेती करने से संबंधित अपराध के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा, न्शापान से जन जीवन, समाज और मन पर दुष्प्रभाव पड़ता है। लाईफ सेवर्स एनजीओ के अतुल गेरा के द्वारा भी नशा उन्मूलन पर प्रकाश डाला गया, उन्होंने नशा से होने वाले प्रभाव के बारे में विस्तार से बताया। नशा से परिवार का आर्थिक, मानसिक और शारीरिक क्षति होता है, जिसका भरपाई नहीं की जा सकती। आनंद कुमार ने कहा कि नशा हम सब के लिए एक अभिशाप है, जो हमारे समाज में आम है। सीआईडी-रिजवान अंसारी ने कहा कि नशा के चपेट में आकर न्शे का सेवन कर युवा वर्ग अपने अनमोल जीवन को नष्ट कर रहे है।

## श्रीनाथ विश्वविद्यालय में उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** एमएसएमई-डेवलपमेंट एंड फैसिलिटेशन ऑफिस, रांची, भारत सरकार के एमएसएमई मंत्रालय के तत्वावधान में उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम (ईएपी) का आयोजन श्रीनाथ विश्वविद्यालय में किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों और युवा उद्यमियों को उद्यमिता के महत्व, संभावनाओं और सरकारी योजनाओं की जानकारी देना था। कार्यक्रम का शुभारंभ श्री गौरव, सहायक निदेशक एमएसएमई-डेवलपमेंट एंड फैसिलिटेशन ऑफिस, रांची द्वारा स्वागत भाषण और कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करने के साथ हुआ। कार्यक्रम में श्री अंजन कुंडु (वरिष्ठ प्रबंधक, आइडीटीआर, जमशेदपुर), केमेश्वर प्रमाणिक (सहायक प्रबंधक, सीएससी, सरायकेला-खरसावां), बरन कुमार (एलडीएम, सरायकेला-खरसावां) आदि भी थे।



# हिंदी तो भारत मां की बिंदी है: डॉ जेबी पाण्डेय

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** रांची विवि के पूर्व हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ जंग बहादुर पांडेय ने कहा कि भाषा केवल अभिव्यक्ति का माध्यम नहीं है, अपितु यह हमारी अस्मिता का बोधक है। हिंदी भारत मां की बिंदी है। बिछुआ हजार टके का हो फिर भी पैरों में पहना जाता है, बिंदी चाहे एक रुपए की हो, लेकिन माथे पर लगायी जाती है।

वह मंगलवार को शहीद शेख भिखारी कालेज आफ एजुकेशन रांची के तत्वावधान में राष्ट्रीय -अंतरराष्ट्रीय क्षितिज पर हिंदी की दशा एवं दिशा विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी में बोल रहे थे। समारोह के मुख्य वक्ता विश्व हिंदी परिषद दिल्ली के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा विपिन कुमार थे।

डा पांडेय ने कहा कि हमारी हिंदी नायाब, लाजबाव और कामयाब है, क्योंकि छू लो तो चरण, अड़ा दो तो टांग ,धंस जाए तो पैर, फिसल जाए तो पांव, आगे बढ़ाना हो तो कदम, राह में चिह्न छोड़े तो पद, प्रभु के हों तो पाद। गधे की हो तो दुलत्ती, घुंघुरू बांध लो तो पग। खाने के लिए टंगड़ी और खेलने के लिए लंगड़ी।

विश्व हिंदी परिषद दिल्ली के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा विपिन कुमार ने कहा कि हिंदी हमारी मातृभाषा है। जिसे अपनी मातृ-भाषा,माता और मातृभूमि से प्रेम नहीं है,उसका भविष्य उज्जवल नहीं है। हिंदी अब केवल राष्ट्रीय क्षितिज पर ही नहीं, अपितु विश्व पटल पर अपना परचम फहरा रही है। विश्व के अनेक देश हिंदी को अपनाने के लिए लालायित हैं। हिंदी विश्व की तीसरी बड़ी भाषा है।

वह दिन दूर नहीं जब यह संयुक्त राष्ट्र संघ की अधिकारिक भाषा बनेगी। वाइबीएन विश्वविद्यालय रांची के अध्यक्ष डा राम जी यादव ने कहा कि हमें अपनी हिंदी पर नाज और ताज है। विशिष्ट अतिथि के रूप में बोलते हुए डा वासुदेव प्रसाद ने कहा कि हिंदी में काम करना गौरव की बात है। हिंदी सरल और सहज भाषा है। इसे अपना चाहिए।




## एक नजर में

### सीनियर क्राइम रिपोर्टर मनीष सिन्हा का निधन



**जमशेदपुर।** शहर के वरिष्ठ क्राइम रिपोर्टर मनीष सिन्हा (51 वर्ष) का मंगलवार को निधन हो गया। मनीष विगत एक साल से बिस्तर पर थे। उन्हें चलने-फिरने में काफी दिक्कत थी। मंगलवार की सुबह तबीयत बिगड़ने के बाद उन्हें इलाज के लिए मानगो के एक नर्सिंग होम में ले जाया गया, जहां स्थिति देख डॉक्टरों ने उन्हें ब्रम्हानंद नारायण मल्टी स्पेशियालिटी हॉस्पिटल, तामोलिया अस्पताल रेफर कर दिया। परिवार के लोग जब तक उन्हें अस्पताल ले जाकर भर्ती कराते, रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया। तामोलिया अस्पताल के डॉक्टरों ने भी जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। इसके बाद पार्थिव शरीर को दाइगुट्टू स्थित आवास पर लाया गया। शाम पांच बजे भुइयांडीह स्थित सुवर्णरेखा बर्निंग घाट पर मनीष का अंतिम संस्कार किया गया। मंझले भाई नवीन सिन्हा ने मुखाग्नि दी। सभी ने इसपर दुख जताया।

### विद्या भारती, टेल्को में बाल विहार कैंप का समापन



**जमशेदपुर।** टेल्को स्थित विद्या भारती चिन्मय विद्यालय में सत्र के अंत में आयोजित होने वाले बाल विहार कैंप के अंतर्गत मंगलवार 11 मार्च को कक्षा सात के विद्यार्थियों को सम्मिलित करते हुए कैंप विशेष का समापन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रार्थना एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। शिक्षिका द्वारा नैतिक मूल्यों पर आधारित कहानी सुनायी गयी। इसके बाद हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ, भजन, गायत्री मंत्र के उच्चारण के साथ हवन एवं चिन्मय आरती की गयी। विद्यार्थी बहुत ही सुंदर ढंग से नैतिक शिक्षा पर आधारित कहानी प्रस्तुत किये, जो उनके भीतर समाहित नैतिकता की सही समझ का द्योतक है। रोचक गतिविधि के अंतर्गत विद्यार्थियों ने अ4 शीट पर भारत ऑन माई माइंड विषय पर पोस्टर बनाया।

### श्री श्याम मंदिर,चांडिल में मना फाल्गुन महोत्सव



**चांडिल।** श्री श्याम कला भवन चांडिल ने प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी फाल्गुन माह पर श्याम मंदिर मे पुरे एक माह बाबा श्याम का भव्य शृंगार किया। बुधवार की रात को निशान यात्रा नीमडीह के रघुनाथपुर से चांडिल पहुंचने के बाद चांडिल श्याम कला भवन में भजन संध्या का आयोजन किया गया जिसमें भजन गायक सुभाष शर्मा, रवि शर्मा ने कई भावपूर्ण भजन प्रस्तुत किये। साथ ही मम्मी सिल दे निशान मन्ने खाटु जाना सा के भजन से पूरा मंदिर परिसर बाबा श्याम के जयकारा से झूम उठे। मौके पर जिला पार्षद सदस्य पिंकी लायक, पूर्व जिप सदस्य सह झामुमो नेता ओमप्रकाश लायक, राकेश वर्मा, पप्पु वर्मा, कला भवन के अध्यक्ष संजय चौधरी, समीर कुंडू, दुर्गा चौधरी, राजीव साव, परमानंद पसारी, पवन शर्मा जॉनी बगड़िया सहित कई लोग उपस्थित थे।

### तुलसी छवि पब्लिक स्कूल डोरका साईं स्कूल को सौंपी कुर्सी व अन्य सामग्री, बच्चों के खिले चेहरे



**जादूगोड़ा।** टाटा स्टील की जेडीसी ने तुलसी छवि पब्लिक स्कूल डोरका साईं (नारायणपुर) स्कूल को कुर्सी समेत अन्य सामग्री दी। इधर, समान पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे। जादूगोड़ा-आसनवनी मुख्य सड़क किनारे स्थित डोरकासाईं स्थित तुलसी छवि पब्लिक स्कूल को जमशेदपुर की जेडीसी कंपनी द्वारा कई जरूरत सामग्री का वितरण किया। इस बाबत स्कूल के संस्थापक तुलसी नाथ महतो,छवि महतो विश्वनाथ महतो ने कहा कि जे डी सी कंपनी बीते 12 सालों से तुलसी छवि पब्लिक स्कूल को हर साल जरूरत के अनुसान सामान मुहैया कराती है।आज कंपनी की ओर से कुर्सी, वाटर फिल्टर, खेलकूद सामग्री, व्हाइट बोर्ड, पंखा, बुक-कॉपी मुहैया करायीग गयी। मौके पर कंपनी के सुब्रतो बसाक, अनुभा सिंह, आर आर सिंह, ओम प्रकाश मिश्रा, सुधीर मायती, ज्ञान रंजन कुमार, विजय मुर्मू, सुशीला तिरु उपस्थित थे।

### स्वास्थ्य जागरूकता के लिए स्वराज फाउंडेशन ने आयोजित किया फुटबॉल टूर्नामेंट



**जमशेदपुर।** महिलाओं और किशोरियों के स्वास्थ्य एवं फिटनेस के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से स्वराज फाउंडेशन ने नंदुप फुटबॉल ग्राउंड, जमशेदपुर में एक दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का भव्य आयोजन किया। इसमें क्षेत्र के विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों की किशोरियों और सरकारी स्कूलों की छात्राओं ने बड़े उत्साह और उमंग के साथ भाग लिया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य किशोरियों को खेलकूद से शारीरिक स्वास्थ्य, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता के प्रति जागरूक करना था, ताकि वे स्वस्थ जीवनशैली को अपनाते हुए अपने भविष्य को उज्ज्वल बना सकें। टूनार्मेंट का भव्य उद्घाटन बायांगबिल, पोड़ेनहासा और केरूआडुंगरी के सम्मानित मुखिया श्री कान्हू मुर्मू और ग्राम प्रधान द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। उद्घाटन समारोह के दौरान मुखिया जी ने कहा कि, खेल-कूद के माध्यम से किशोरियों का स्वास्थ्य और आत्मविश्वास बढ़ाना एक अत्यंत महत्वपूर्ण कदम है। इससे न केवल उनकी फिटनेस सुधरेगी, बल्कि उनमें नेतृत्व क्षमता और टीम भावना का विकास भी होगा। प्रतियोगिता में आंगनबाड़ी केंद्र लटकुगोड़ा, डुंगरीटोला-गोराड़ीह, पोढ़ेनहासा, नीलडुंग्री की किशोरियों और नंदुप, खुक्रादीह स्कूल की छात्राओं ने हिस्सा लिया।







# 2023 से आइसीसी टूर्नामेंट में भारत का चल रहा है दबदबा

■ 24 में से जीते 23 मैच, हासिल किए दो खिताब

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** रोहित शर्मा की अगुआई में भारतीय टीम का 2023 से आइसीसी टूनार्मेंट में दबदबा देखने को मिला है। भारत ने अक्तूबर 2023 से मार्च 2025 तक कुल 24 मैच खेले हैं जिसमें से 23 मुकाबले जीते हैं। आइसीसी के पिछले तीन सीमित ओवर के टूनार्मेंट में भारतीय टीम अपना दबदबा बनाने में सफल रही है। भले ही हुए 2023 वनडे विश्व कप के फाइनल में हार मिली, लेकिन इसके बाद वह लगातार दो खिताब जीतने में सफल रहा है। भारत ने हाल ही में न्यूजीलैंड को हराकर चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब जीता था। यह भारत की सातवीं आइसीसी ट्रॉफी है। इससे पहले टीम 1983 और 2011 वनडे विश्व कप, 2007 और 2024 टी20 विश्व कप और 2002, 2013 और 2025 चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब जीत चुकी है। भारत इस पूरे टूनार्मेंट में अजेय रहा। उसने लगातार पांच मैच जीते थे।

## अजेय रहते हुए जीते दोनों खिताब

भारतीय टीम का पिछले कुछ समय में आइसीसी टूनार्मेंट में जिस तरह का प्रदर्शन रहा है, उससे वह उन चुनिंदा टीमों में शामिल हो गया है जिसने आईसीसी टूनार्मेंट्स में अपना दबदबा कायम किया था। भारत की इस विजयी गाथा की शुरूआत होती है अक्तूबर 2023 में जब टीम घरेलू मैदान पर वनडे विश्व कप में हिस्सा लेने उतरी। वनडे विश्व कप राउंड रॉबिन प्रारूप में खेला गया था जिसमें सभी 10 टीमों को एक दूसरे से मैच खेलना था। भारत ने ग्रुप चरण में सभी नौ और फिर सेमीफाइनल जीता, इससे टीम लगातार 10 मैच जीतकर फाइनल में पहुंची। खिताबी मुकाबले में हालांकि, उसे ऑस्ट्रेलिया से हार मिली और उसका विजयी अभियान रुक गया। भारत को यह हार काफी खली क्योंकि टीम 2011 के बाद एक बार फिर विश्व विजेता बनने के बेहद करीब थी। इसके सात महीने बाद जून 2024 में भारत रोहित की ही कप्तानी में टी20 विश्व कप में हिस्सा लेने अमेरिका और वेस्टइंडीज गया। भारत का प्रदर्शन वनडे विश्व कप की तरह वहां भी शानदार रहा और टीम ने अजेय रहते हुए जीत दर्ज की। भारत ने इस तरह अपना खिताबी सूखा समाप्त किया था। इसके बाद चैंपियंस ट्रॉफी में भी टीम ने इस लय को बरकरार रखा और करीब आठ महीने के भीतर लगातार दूसरा आइसीसी खिताब जीता।



## आइसीसी टूर्नामेंट में सर्वाधिक मैच जीतने वाले तीसरे कप्तान हैं रोहित

इंग्लैंड ने भी चार वर्ष के अंदर दो आइसीसी खिताब अपने नाम किए थे। उन्होंने 2019 में वनडे विश्व कप और 2022 में टी20 विश्व कप का खिताब अपने नाम किया था। हालांकि, उनका विजयी अभियान अजेय नहीं रहा था। टीम ने इन टूर्नामेंट्स में 23 मैच खेले थे जिसमें से छह में इंग्लैंड को हार का सामना करना पड़ा था। दूसरी ओर, रोहित ने आइसीसी टूर्नामेंट में 27 मैच जीते हैं, जबकि तीन में हार मिली है। उनका जीत-हार का अनुपात 9.00 है जो उन कप्तानों में सर्वाधिक है जिन्होंने तीन आइसीसी टूर्नामेंट में कम से कम 15 मैचों में अपनी टीम का नेतृत्व किया है। रोहित आइसीसी पुरुष टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा मैच जीतने वाले तीसरे कप्तान हैं। उनसे आगे धोनी (41 जीत) और पोंटिंग (40 जीत) हैं।

## वेस्टइंडीज ने जीते थे लगातार दो विश्व कप

भारत ने 2023 से 2025 के बीच हुए तीनों सीमित ओवर के आईसीसी टूनार्मेंट के फाइनल में जगह बनाई। इससे पहले वेस्टइंडीज 1975 से 1983 तक सभी तीन वनडे विश्व कप फाइनल में जगह बनाने में सफल रहा था। उन्होंने उस वक्त 17 मैच खेले और 15 में जीत दर्ज की। वेस्टइंडीज ने 1975 और 1979 में बिना कोई मैच गंवाए खिताब जीता था, लेकिन 1983 में दो बार उसे भारत ने हराया जिसमें फाइनल भी शामिल है।

## 1999 से 2007 तक आस्ट्रेलिया का था दबदबा

आस्ट्रेलिया ने हालांकि, वेस्टइंडीज को पीछे छोड़ा था और 1999 से 2007 तक लगातार तीन विश्व कप खिताब अपने नाम किए थे। इस दौरान आस्ट्रेलिया ने 2006 में चैंपियंस ट्रॉफी भी जीती। आस्ट्रेलिया ने 2003 और 2007 वनडे विश्व कप में एक भी मैच गंवाए बिना खिताब जीता था। इन आठ वर्षों में आस्ट्रेलिया ने 44 में से 37 आइसीसी टूर्नामेंट के मैच जीते और उसे छह मैच में हार मिली थी। रिकी पोंटिंग ने इन आठ वर्षों में आइसीसी के पांच टूर्नामेंट में आस्ट्रेलिया की कमान संभाली और उनके जीत-हार का रिकॉर्ड 30-3 रहा। इस दौरान टीम ने दो बार विश्व कप और एक चैंपियंस ट्रॉफी जीती।

## भारत के पास लगातार तीन खिताब जीतने का था मौका

अगर भारतीय टीम 2023 में वनडे विश्व कप का खिताब जीतने में सफल रहती तो टीम लगातार तीन आइसीसी खिताब जीतने वाली पहली टीम बन जाती। भारत ने महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में 2011 में वनडे विश्व कप और 2013 में चैंपियंस ट्रॉफी जीती थी, लेकिन टीम 2014 में टी20 विश्व कप का खिताब जीतने से चूक गई थी। ऐसे ही आस्ट्रेलिया ने 2007 में वनडे विश्व कप और 2009 में चैंपियंस ट्रॉफी पर कब्जा जमाया, लेकिन 2010 में टी20 विश्व कप नहीं जीत सकी थी।

# आइसीसी रैंकिंग : ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा को फायदा, शीर्ष 10 में मंधाना एकमात्र भारतीय

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने मंगलवार को महिलाओं की ताजा वनडे रैंकिंग जारी कर दी। भारतीय ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा को तगड़ा फायदा हुआ है। वह एक स्थान की छलांग लगाकर शीर्ष पांच में शामिल हो गई हैं। उन्होंने न्यूजीलैंड की अमेलिया कर को पीछे छोड़ दिया।

### शीर्ष पांच में पहुंचीं दीप्ति

27 वर्षीय भारतीय ऑलराउंडर 344 अंकों के साथ पांचवें पायदान पर पहुंच गई हैं। हरफनमौला खिलाड़ियों की लिस्ट में आस्ट्रेलिया की एश्ले गार्डनर शीर्ष पर मौजूद हैं। दीप्ति टी20 ऑलराउंडर



की रैंकिंग में में तीसरे और वनडे में गेंदबाजों की रैंकिंग में चौथे स्थान पर मौजूद हैं। श्रीलंका की शीर्ष ऑलराउंडर चामरी अटापट्टू न्यूजीलैंड के खिलाफ हाल में समाप्त हुई सीरीज के बाद दो स्थान के फायदे से आस्ट्रेलिया की एनाबेल सदरलैंड के साथ संयुक्त रूप से सातवें स्थान पर हैं। न्यूजीलैंड ने श्रीलंका के खिलाफ 2-0 से सीरीज जीती थी जिसमें अटापट्टू ने 25 रन बनाने के अलावा तीन विकेट चटकाए थे।

## लखनऊ को लगा झटका, पहले चरण से बाहर रह सकते हैं मयंक



**नयी दिल्ली।** आइपीएल 2025 शुरू होने से पहले लखनऊ सुपरजाएंट्स को झटका लगा है। उसके तेज गेंदबाज मयंक यादव टूनार्मेंट के पहले चरण से बाहर रह सकते हैं। मयंक अबतक चोट से पूरी तरह उबर नहीं सके हैं। पिछले साल बांग्लादेश के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय में डेब्यू करने के बाद उन्हें पीठ में चोट लग गई थी। वह बंगलुरू में भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में रिहैब कर रहे थे और उन्होंने हाल ही में गेंदबाजी शुरू की थी।

# मांडविया ने एशियाई महिला कबड्डी चैंपियनशिप जीतने वाली भारतीय टीम को किया सम्मानित




**नयी दिल्ली।** केंद्रीय खेल मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया ने ईरान को हराकर एशियाई महिला कबड्डी चैंपियनशिप 2025 जीतने वाली भारतीय टीम को मंगलवार को सम्मानित किया। खिताब जीत के बाद टीम आज स्वदेश लौटी भारतीय महिला कबड्डी टीम को डॉ. मनसुख मांडविया ने सम्मानित किया। पांचवीं बार ट्रॉफी जीतने पर खेल मंत्री ने टीम को 67,50,000 रुपये का नकद पुरस्कार देने की घोषणा की।

## न्यूजीलैंड ने श्रीलंका के खिलाफ टी-20 सीरीज के लिए पोली, ब्री और फ्लोरा को टीम में किया शामिल

**वेलिंग्टन।** न्यूजीलैंड की महिला टीम ने श्रीलंका के खिलाफ होने वाली तीन मैचों टी-20 सीरीज के लिए चोटिल इसाबेला गेज, हेले जेनसन और बेला जेम्स के स्थान पर विकेटकीपर बल्लेबाज पोली इंगलिस, बाएं हाथ की तेज गेंदबाज ब्री इलिंग और ऑलराउंडर फ्लोरा डेवोनशायर को टीम में शामिल किया है। न्यूजीलैंड क्रिकेट कहा कि गेज को एकदिवसीय सीरीज के दौरान तीसरे मैच में चोट लगी थी। हम उनके ठीक होने के समय की समीक्षा की जा रही है। जेन्सन और जेम्स दोनों को एकदिवसीय सीरीज से पहले चोट लग गई थी और वे अभी तक पूरी तरह से फिट नहीं हो पायी हैं। टीम के मुख्य कोच बेन सॉयर ने कहा, हम सभी इजी, हेले और बेला के लिए दुखी हैं। यह टीम और खिलाड़ियों के लिए निराशाजनक है। वे अगली चुनौती के लिए तैयार हैं। फ्लोरा ने घरेलू स्तर पर ऑलराउंड क्षमता दिखाई है। टी-20 सीरीज का पहला मैच 14 मार्च को क्राइस्टचर्च में होगा। दूसरा मैच 16 मार्च को खेला जाएगा। इसके बाद तीसरा मैच 18 मार्च को डुनेडिन होगा।

## पाक के बल्लेबाजी कोच यूसुफ न्यूजीलैंड दौरे से हटे




**लाहौर।** पाकिस्तान के बल्लेबाजी कोच मोहम्मद यूसुफ ने अपनी बेटी की बीमारी के कारण न्यूजीलैंड दौरे से हटने का फैसला किया है। पूर्व कप्तान यूसुफ को दौरे के लिए बल्लेबाजी कोच नियुक्त किया गया था। उन्होंने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) को सूचित किया कि वह इस दौरे से नाम वापस ले रहे हैं। पीसीबी ने कहा कि यूसुफ की जगह लेने के लिए किसी अन्य के नाम की घोषणा नहीं की जाएगी क्योंकि टीम बुधवार को न्यूजीलैंड के लिए रवाना होगी। चैंपियंस ट्रॉफी में पाकिस्तान के निराशाजनक अभियान के बाद पांच टी20 अंतरराष्ट्रीय और तीन वनडे वाले न्यूजीलैंड के दौरे के लिए यूसुफ को बल्लेबाजी कोच नियुक्त किया गया था।

# रोनाल्डो ने अल नासर को एएफसी चैंपियंस लीग एलीट क्वार्टर फाइनल में पहुंचाया

**एजेंसी**

**रियाद।** रियाद के अल अव्वल स्टेडियम में खेले गए एशियन चैंपियंस लीग के एलीट राउंड ऑफ 16 के दूसरे चरण में अल नास्र ने एस्तेगलाल को 3-0 से हराकर क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। इस मुकाबले में टीम के नए खिलाड़ी झॉन डुरान ने दो गोल किए, जबकि क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने पेनल्टी के जरिए स्कोर किया। पहले चरण के गोलरहित ड्रॉ के बाद, सऊदी प्रो लीग क्लब ने कुल 3-0 के एग्रीगेट स्कोर से क्वार्टरफाइनल में जगह बनाई। अल नास्र ने शुरू से ही आक्रामक खेल दिखाया और झॉन डुरान, रोनाल्डो और सादियो माने की तिकड़ी ने शुरूआती गोल के लिए दबाव बनाया। पहला गोल एस्तेगलाल के गोलकीपर होसैन होसैनी की गलती से आया, जब उनका गलत पास सीधे डुरान के पास पहुंच गया। डुरान ने डिफेंडर को पछाड़ते हुए शानदार चिप शॉट



से गेंद को नेट में डाल दिया। 30वें मिनट से पहले ही अल नास्र ने अपनी बढ़त को दोगुना कर लिया। रोनाल्डो ने एस्तेगलाल के बॉक्स में एक भटके हुए पास का पीछा किया और बैकहील पास से गेंद माने के लिए सेट की, जिन्हें डिफेंडर ने गिरा दिया। कप्तान रोनाल्डो ने पेनल्टी को पैनेंका स्टाइल में नेट के बीचोंबीच डालते हुए स्कोर 2-0 कर दिया। पहले हाफ के अंतिम क्षणों में एस्तेगलाल के मेहरान अहमदी को रेड कार्ड दिखाया गया, जिससे उनकी टीम को दूसरे हाफ में 10 खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा। दूसरे हाफ में मेजबान टीम ने कई मौके बनाए और तेज पासिंग के जरिए तीसरे गोल की तलाश की। आखिरकार, 84वें मिनट में डुरान ने काउंटर अटैक पर शानदार शॉट लगाते हुए गेंद को बाएं कोने में डालकर अपनी टीम की जीत को पक्का किया। भले ही एस्तेगलाल ने कुछ मौकों पर वापसी की कोशिश की, लेकिन अल नास्र ने मुकाबले को आसानी से अपने नाम कर लिया और एशियन चैंपियंस लीग के क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली।

## पंजाब के खिलाड़ी दोबारा धर्मशाला में करेंगे चार दिन का अभ्यास


**धर्मशाला।** पंजाब किंग्स की टीम इस बार आइपीएल के 18वें सीजन में अपना दमखम दिखाने के लिए तैयारी में कोई कसर नहीं रखना चाहती है। इसी कड़ी में पिछले सप्ताह पांच दिनों तक अपने होम ग्रांउड धर्मशाला में अभ्यास करने के बाद अब एक बार फिर से पूरी टीम चार दिनों के अभ्यास कैंप के लिए धर्मशाला पंहुच रही है। इसके लिए पंजाब किंग्स की टीम बुधवार को धर्मशाला पहुंचेगी। जबकि अभ्यास सत्र में वीरवार से टीम भाग लेगी। इस बार पंजाब किंग्स की पूरी टीम तैयारियों को लेकर पसीना बहाएगी। इतना ही नहीं इस बार टीम के कोच रिकी पोंटिंग की अगुवाई में कैप्टन श्रेयस अय्यर भी अभ्यास सत्र में टीम के साथ जुड़ेंगे।

श्रेयस अय्यर इस बार पंजाब किंग्स की कमान संभालेंगे और धर्मशाला में अभ्यास सत्र के लिए बुधवार को नहीं पहुंच पाएंगे। हालांकि वीरवार को धर्मशाला पहुंचकर टीम के साथ जुड़ जाएंगे।

## एबी डिविलियर्स ने की जोरदार वापसी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** आखिरकार क्रिकेट फैंस को एक बार फिर से दक्षिण अफ्रीका के दिग्गज बल्लेबाज एबी डिविलियर्स का तूफान देखने को मिल ही गया। सुपरस्पोर्ट पार्क में टाइटन्स लीजेंड्स के लिए बुल्स लीजेंड्स के खिलाफ चैरिटी मैच में खेलते हुए डिविलियर्स ने 15 छक्के जड़ दिए। वह गेंद को इतनी आसानी से हिट कर रहे थे कि ऐसा लग ही नहीं रहा था कि वह क्रिकेट से संन्यास ले चुके हैं। उन्होंने महज 17 गेंदों पर ही शतक जड़ दिया जिससे उनकी टीम ने 20 ओवर में 278/7 का स्कोर बनाया। रन चेज में बुल्स लेजेंड्स 14 ओवर में 125/8 रन ही बना पाई। डिविलियर्स की पारी की खासियत यह भी रही कि उन्होंने क्रिकेट मैदान के चारों तरफ शॉट लगाए। उनकी टीम में एल्बी मोर्कल और क्रिस मॉरिस भी थे। उन्होंने अपनी पारी में सिर्फ दो डॉट बॉल खेलीं। उन्होंने पारी में सिर्फ छक्के ही लगाए। अंत तक उनका स्ट्राइक रेट 360 रहा। बता दें कि 41 वर्षीय



डिविलियर्स आइपीएल 2021 से बेंगलुरु के बाहर होने के बाद वापसी के लिए तैयार हैं। इस साल की शुरूआत में, डिविलियर्स वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स 2025 के दूसरे संस्करण में गेम चेंजर्स साउथ अफ्रीका चैंपियंस का नेतृत्व करेंगे। डब्ल्यूसीएल द्वारा जारी एक विज्ञप्ति में डिविलियर्स ने कहा था कि 4 साल पहले, मैंने सभी क्रिकेट से संन्यास ले लिया था क्योंकि मुझे अब और खेलने की इच्छा नहीं थी। खैर, समय बीत चुका है और मेरे छोटे बेटों ने खेल खेलना शुरू कर दिया है। हम बगीचे में अधिक से अधिक बार खेल रहे हैं और ऐसा लगता है जैसे किसी तरह की लौ फिर से जल गई है। नेट्स पर वापस जा रहा हूं, और मैं जुलाई में डब्ल्यूसीएल के लिए तैयार हो जाऊंगा।

## आस्ट्रेलिया और इंग्लैंड एमसीजी में ऐतिहासिक 150वीं वर्षगांठ टेस्ट खेलेंगे

**सिडनी।** चिर प्रतिद्वंद्वी आस्ट्रेलिया और इंग्लैंड पहले टेस्ट मैच की 150वीं वर्षगांठ पर मेलबर्न क्रिकेट मैदान (एमएसजी) पर ऐतिहासिक दिन-रात्रि टेस्ट मैच खेलेंगे। क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने मंगलवार को जारी एक बयान में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच 11 से 15 तक ऐतिहासिक गुलाबी गेंद शताबदी टेस्ट मेलबर्न क्रिकेट मैदान पर यह मैच खेला जायेगा। इसी मैदान में दोनों टीमों के बीच 1877 में पहला टेस्ट मैच खेला गया था।

## अल्काराज इंडियन वेल्स के चौथे दौर में



**कैलिफोर्निया।** स्पेन के स्टार टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज ने मंगलवार को कनाडा के डेनिस शापोवालोव को हराकर इंडियन वेल्स ओपन के चौथे दौर में जगह बना ली है। मंगलवार को यहां 38 मिनट तक चले मुकाबले में अल्काराज ने कनाडाई खिलाड़ी को 6-2, 6-4 से मात दी। यह अल्काराज की लगातार 14वीं जीत है।

# खिताबी मुकाबले में हरियाणा और झारखंड आमने-सामने

**एजेंसी**

**पंचकूला।** हॉकी इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय चैम्पियनशिप 2025 का बहुप्रतीक्षित फाइनल मुकाबला 12 मार्च को शाम पंचकूला के ताऊ देवी लाल हॉकी स्टेडियम में खेला जाएगा, जहां गत विजेता हॉकी हरियाणा की टीम हॉकी झारखंड से भिड़ेगी। गत विजेता हॉकी हरियाणा ने टूनार्मेंट में अब तक शानदार प्रदर्शन किया है और चार मैचों में सिर्फ एक गोल ही गंवाया है। उन्होंने अपने अभियान की शुरूआत हॉकी कर्नाटक को 5-1 से हराकर की थी, इसके बाद हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा पर 3-0 की जीत दर्ज की। क्वार्टर फाइनल में हॉकी पंजाब के खिलाफ 1-0 से करीबी जीत के बाद सेमीफाइनल में हरियाणा की टीम ने हॉकी मिजोरम को 4-0 से मात देकर फाइनल में जगह बनाई। कप्तान रानी अब तक टूनार्मेंट में तीन गोल कर चुकी हैं और



टीम को खिताब बचाने के लिए प्रेरित कर रही हैं।

### झारखंड की संघर्षपूर्ण राह, सेमीफाइनल में शूटआउट से फाइनल में पहुंची

हॉकी झारखंड ने भी दमदार शुरूआत की थी और पहले मुकाबले में हॉकी यूनिट ऑफ तमिलनाडु को 9-2 से हराकर धमाकेदार एंट्री की। इसके बाद उन्होंने हॉकी मिजोरम और हॉकी मध्य प्रदेश को 3-1 से हराया। सेमीफाइनल में हॉकी महाराष्ट्र के खिलाफ संघर्षपूर्ण मुकाबले में कोई भी टीम निर्धारित समय तक गोल नहीं कर सकी। मैच शूटआउट में पहुंचा, जहां हॉकी झारखंड ने 3-2 से जीत दर्ज कर फाइनल में अपनी जगह पक्की की। इस जीत में गोलकीपर अंजलि भींजिया ने अहम भूमिका निभाई और महाराष्ट्र के तीन खिलाड़ियों के प्रयासों को नाकाम कर दिया। अलबेला रानी टोप्पो अब तक चार गोल कर चुकी हैं और फाइनल में अपनी गोल संख्या बढ़ाने के इरादे से उतरेंगी।

### कोचों की प्रतिक्रिया


हॉकी हरियाणा के कोच आजाद मलिक ने कहा, टूर्नामेंट की शुरूआत में कुछ चुनौतियां थीं, लेकिन टीम ने सेमीफाइनल में जबरदस्त खेल दिखाया। हमारा लक्ष्य आक्रामक हॉकी खेलना है और फाइनल में भी यही रणनीति रहेगी। झारखंड की टीम मजबूत है, लेकिन हम खिताब बरकरार रखने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

हॉकी झारखंड के कोच सुधीर गोला ने कहा, इस टूनार्मेंट में हमारी टीम ने जबरदस्त संघर्ष दिखाया है। हरियाणा एक मजबूत टीम है, लेकिन हमारे खिलाड़ी भी आत्मविश्वास से भरपूर हैं और खिताब जीतने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन देंगे। अब देखना दिलचस्प होगा कि क्या हॉकी हरियाणा अपने खिताब का बचाव कर पाएगी या फिर हॉकी झारखंड पहली बार चैंपियन बनेगी।

## खेल मंत्रालय के फैसले काबृजभूषण ने किया स्वागत, कहा- निलंबन हटाने का निर्णय सही

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** भारतीय कुश्ती महासंघ से निलंबन हटाने के केंद्र सरकार के फैसले का इस खेल संस्था के पूर्व अध्यक्ष और कैसरगंज से पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने स्वागत किया है। महासंघ के अध्यक्ष संजय सिंह ने निलबंन हटाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और खेल मंत्री को धन्यवाद दिया। बृजभूषण ने कहा, 26 महीनों तक तमाम षड्यंत्र रचे गए, झूठे आरोप लगाए गए और भारतीय कुश्ती को ठप करने की कोशिशें हुईं लेकिन साजिश करने वाले अपने मकसद में कामयाब नहीं हो सके। इस विवाद के चलते टीम दो विश्व रैंकिंग अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग नहीं ले सकीं, प्रशिक्षण शिविर बंद हो गए और कुश्ती जगत को भारी नुकसान उठाना पड़ा।



बृजभूषण ने अध्यक्ष संजय सिंह और अन्य पदाधिकारियों से आग्रह किया कि वे खिलाड़ियों के हित में निष्पक्ष निर्णय लें और किसी भी प्रकार के भेदभाव से बचें। उन्होंने कहा अब पारदर्शी ट्रायल होने चाहिए और खिलाड़ियों को बराबरी का मौका मिलना चाहिए। सरकार से मिलकर प्रशिक्षण शिविरों के आयोजन और टूनार्मेंटों को गति देनी चाहिए। चाहे करण भूषण सिंह हों या बृजभूषण शरण सिंह, कुश्ती संघ में उत्तर प्रदेश का नेतृत्व अहम रहा है। अब मैं महासंघ के कार्यालय से नहीं जुड़ा हूं, लेकिन खेल और खिलाड़ियों के लिए मेरा समर्थन हमेशा रहेगा।

# बोकारो इस्पात जनता मजदूर संघ ने धूमधाम से मनाया होली उत्सव

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बोकारो।** बोकारो इस्पात जनता मजदूर संघ द्वारा संघ के अध्यक्ष तारकेश्वर महतो की अध्यक्षता में आयोजित होली उत्सव में खूब रंग गुलाल उड़े और लोगों ने एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं दीं। महामंत्री सुमन सिंह ने कहा कि होली आपसी रिश्ते को मजबूत एवं भरोसेमंद बनाने का पर्व है। भारतीय संस्कृति में होली मिलन का महत्वपूर्ण स्थान है। संयुक्त महामंत्री आशा देवी ने कहा कि हमारे मजदूर एवं कामगार भाइयों की समस्याओं के लिए संघ सदैव तत्पर रहता है। समारोह का संचालन प्रेस सचिव गंगेश कुमार पाठक ने किया। उन्होंने कहा कि आपसी तालमेल से सौहार्दपूर्ण संबंध बनाने एवं गिले-शिकवे दूर कर गले मिलने का त्योहार होली मिलन है। समारोह का मुख्य आकर्षण में महिला मजदूरों का होली गायन रहा जिन्होंने होली के पारंपरिक गीत गाकर सभी श्रोताओं का मन मोह लिया। बीएसएल रिटायर्ड गीतकार ब्रह्मानंद गोस्वामी ने फगुआ गाकर सबका मन मोह लिया। कार्यक्रम में निवारण प्रसाद महतो एसआर सिंह प्रदीप कुमार सिंह श्याम कुमार श्रवण कुमार झा दुर्योधन गोप के अलावा इंदु तिवारी बेबी देवी चनराती देवी पुष्पा मिश्रा भोला महतो जगदीश शर्मा एन सिंह, एलबी सिंह रुबी कुमारी बीणा देवी मीनाक्षी सिंह विनय बाउरी निरंजन सिंह नवजोत सिंह विजय कुमार भुवनेश्वर सिंह राय अवधेश कुमार यादव धर्मेन्द्र मिश्रा ओमप्रकाश तिवारी गुलाम जिलानी जयदेव रजक विवेक कुमार सिंह सत्येंद्र सिंह सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। अंत में धन्यवाद ज्ञापन महामंत्री सुमन सिंह ने किया।

# दुमका : तीन दिन के अंदर एक नकली व दो असली चेन की छिनतई, वृद्धा को बनाया निशाना

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** नगर थाना क्षेत्र में चेन छीने वाले उचक्कों का आतंक बढ़ता ही जा रहा है। जिन बाइक सवार दो युवकों ने रविवार को दो महिलाओं को अपना निशाना बनाया था, उन्हीं युवकों ने मंगलवार को सुबह अग्रसेन भवन के चंद कदम दूर करीब 65 साल की नारायणी देवी के गले से चेन छीन ली और आराम से फरार हो गए। वजनी चेन में हीरे का लाकेट लगा हुआ था। तीन दिन में दो असली और एक नकली चेन की छिनतई के बाद जेवर पहनकर निकलने वाली महिलाओं में दहशत है। महिला की शिकायत के बाद नगर थाना की टीम ने स्थल पर जाकर जांच की। सीसीटीवी खंगाला। इसमें रविवार को चेन छिनतई करने वालों का चेहरा सामने आया है। पुलिस दोनों की तलाश के लिए दौड़ लगा रही है। अग्रसेन भवन के समीप सोल्टी नाश्ता की दुकान के सामने रहने वाली नारायणी देवी सुबह करीब दस बजे टाटा शोरूम स्थित दादी सती मंदिर में चल रहे मंगलपाठ में जाने के निकली। वह घर से कुछ दूर टोटो का इंतजार कर रही थी। तभी बाइक सवार दो युवक आए और गले से चेन छीनकर भाग गए। जिससे महिला का गला छिल गया। महिला के बेटे विनीत ने बताया कि सीसीटीवी में जो दो युवकों का चेहरा सामने आया है, उन लोगों ने रविवार को दो महिलाओं को अपना निशाना बनाया था।



पीड़ित महिला।

**उचक्कों में पुलिस का डर नहीं**

शहरी क्षेत्र में महिलाओं को अपना निशाना बना रहे बाइक सवार दो युवकों को पुलिस का डर नहीं है। लगातार तीन दिन के अंदर तीन वारदातों को अंजाम देने के बाद भी शहर में घूम रहे हैं। आम तौर पर अपराधी पहली वारदात के समय जो कपड़े पहनते हैं तो दूसरी वारदात करने से पहले बदल देते हैं। यहां पर जो युवक बाइक चला रहा था, उसने वही शर्ट पहनी हुई थी रविवार को पहनी थी। केवल उसके साथी ने टीशर्ट की जगह शर्ट बदली। इससे साफ होता है कि दोनों को पकड़े जाने का कोई डर नहीं है।

**रंग खरीदने के बहाने अपराधी कर रहे थे इंतजार**

बाइक सवार दोनों युवकों ने इन दिनों अग्रसेन भवन के समीप अपना अड्डा जमा लिया है। रविवार को भी इसी जगह पर निर्मला देवी नामक महिला को निशाना बनाया था। नारायणी देवी जब घर से बाहर निकली तो दोनों युवक उन पर नजर बनाए हुए थे। इसके बाद पीछे से झपटटा मारकर चेन लेकर चलता बना।

## एक नजर में

### सरैयाहाट : दहेज में बाइक नहीं देने पर नवविवाहिता की हत्या

सरैयाहाट। सरैयाहाट थाना क्षेत्र के रौंधिया गांव में मंगलवार की अहले सुबह दहेज में बाइक नहीं दिए जाने पर नवविवाहिता की हत्या कर दी गई। महिला की शादी कुछ माह पूर्व ही हुई थी। मामले को लेकर नवविवाहिता के पिता बांका जिला के कटोरिया थाना क्षेत्र बोकनमा गांव निवासी वशिष्ठ ठाकुर ने अपने दामाद सहित अन्य पर हत्या का मामला दर्ज कराया है। महिला के पिता के अनुसार उसकी 19 वर्षीय बेटी मनीषा की शादी सरैयाहाट थाना क्षेत्र के रौंधिया गांव निवासी विकास के साथ हुई थी। मंगलवार की सुबह विकास ने फोनकर बताया कि मनीषा की तबीयत खराब है। इस जानकारी के बाद जब वे बेटी के ससुराल पहुंचे तो उसकी बेटी मृत पड़ी थी। जब उसने दामाद से पूछताछ की तो उसने बताया कि मनीषा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। उसके गले और शरीर के अन्य जगहों पर जख्म के निशान भी देखे गए। पुलिस ने कहा कि प्रथम दृष्टया यह हत्या का मामला प्रतीत होता है। अनुसंधान की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट होगा। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए प्रयास किया जा रहा है।

### शिकारीपाड़ा : होली मिलन समारोह का आयोजन



शिकारीपाड़ा। शिकारीपाड़ा प्रखंड परिसर में मंगलवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। यह समारोह प्रखंड विकास पदाधिकारी एजाज आलम की अध्यक्षता में आयोजित की गई। समारोह में बीडीओ के अलावा सीओ कपिल देव ठाकुर शिकारीपाड़ा थाना प्रभारी अमित लकड़ा मौजूद थे। समारोह में पंचायती राज पदाधिकारी सह पंचायत सचिव संजीव कुमार ने सभी प्रखंड और अंचल कर्मियों का होली की शुभकामनाएं दी और कहा कि होली हमारे जीवन में खुशियाँ भरती है। सहायक अभियंता ने ने कहा कि होली खेलने हमारे जीवन में नया ऊर्जा आता है हमें होली जरूर खेलना चाहिए, शिकारीपाड़ा थाना प्रभारी ने कहा कि हम लोग नौकरी से पहले घर में होली खेले थे ,लेकिन अब बस जहां रहते हैं उसी जगह होली होली खेलते है। वहीं अंचलाधिकारी ने सबसे पहले सबको होली की शुभकामनाएं दी और होली मनाने के पीछे पौराणिक कथाओं का जिक्र किया, बताया कि जब से बसंत ऋतु शुरू होती है तब से ही होली की शुरूआत हो जाती है, और इस ऋतु में पेड़ पौधों में नए नए पत्ते आते, बसंत ऋतु को ऋतुओं का राजा इसलिए भी कहा जाता है। अंतिम में प्रखंड विकास पदाधिकारी ने ब्रज में मनाए जाने वाले होली का जिक्र किया और सभी होली की शुभकामनाएं दिया।

### तेनुघाट पंचायत मे होली मिलन का आयोजन



बेरमो/तेनुघाट कोर्ट। तेनुघाट पंचायत में मुखिया नीलम श्रीवास्तव के द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया जिसमें सभी महिला एवं पुरुष शामिल हुए और होली लुत्फ उठाए। इस मौके पूर्व मुखिया रेखा सिंह पंचायत समिति सदस्य अजीत पांडेय सहिया, जल सहिया, आंगनबाड़ी सेविका एवं सहायिका सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

### जमशेदपुर कलाकार मंच की बैठक महिला मोर्चा की अध्यक्षा के आवास पर संपन्न

बोकारो। जमशेदपुर कलाकार मंच की बैठक मंच के महिला मोर्चा की अध्यक्षा कविता महतो के बोकारो जिलान्तर्गत चास स्थित आवास पर संपन्न हुई। बैठक में महतो ने महिलाओं को जागरूक होने की बात कहते हुए समाज के हर विधाओं में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करने वाली महिला व्यक्तित्वों को सम्मानित करने की बात की। उन्होंने महिलाओं से भी आगे बढ़ने हेतु कठिन संघर्ष करने की अपील की। प्रदेश मंत्री सपना गुप्ता एवं कुमारी शिल्पा नामता ने महिलाओं में जागृति पैदा करने एवं संसदीय व विधानसभा चुनाव में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने पर जोर दिया। उक्त बैठक में पुष्पलता बाला भूमिज सुचित्रा भूमिज आरती प्रसाद अरिकेत प्रसाद रूपा सिंह गणेशी भूमिज सुशीला भूमिज साधना चक्रवर्ती संजू वर्मा सीमा नामता बापी नामता गायत्री नामता ज्योति दास डिंपल जायसवाल पपाई चक्रवर्ती सुमन पाठक उपेंद्र पटेल जूली गुप्ता व अन्य उपस्थित रहे। अन्य वक्ताओं ने भी महिलाओं के उत्थान से ही समाज की प्रगति एवं विकास को सम्भव बताया।

### बोकारो : अग्रवाल कल्याण महासभा ने सेक्टर 9 में किया होली मिलन समारोह



बोकारो। अखिल भारतीय अग्रवाल कल्याण महासभा के तत्वावधान में बोकारो के सेक्टर 9 में सुधीर अग्रवाल की अध्यक्षता में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। संचालन नंदकिशोर ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में महासभा के अध्यक्ष अनिल अग्रवाल सुधीर अग्रवाल राजेंद्र गर्ग अजय अग्रवाल सहित समाज के अन्य लोगों ने संयुक्त रूप से महाराज अग्रसेन जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर रंग गुलाल लगाकर होली मिलन समारोह का शुभारंभ किया। इस आयोजन में एक-दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर फिल्मी धुन पर होली के गीतों पर नृत्य कर होली मिलन समारोह मनाया गया। मौके पर संघ के प्रदेश अध्यक्ष अनिल अग्रवाल ने कहा कि होली समाज में परस्पर प्रेम की भावना को मजबूत करती है। होली पर्व सभी के जीवन में वास्तविक रंग और आनंद लाता है। मौके पर अजय अग्रवाल प्रवीण अग्रवाल किशोर अग्रवाल राजेंद्र अग्रवाल केशव प्रसाद अग्रवाल नरेश प्रसाद अग्रवाल प्रेमचंद अग्रवाल सहित कई लोग उपस्थित रहे।

### बेरमो : अधिवक्ताओं की बैठक



बेरमो/तेनुघाट कोर्ट। तेनुघाट अधिवक्ता संघ भवन में अधिवक्ताओं की बैठक आहूत की गई। अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष कामेश्वर मिश्रा एवं महा सचिव वकील प्रसाद महतो ने बताया कि सर्व समिति से निर्णय लिया गया कि नियमित अधिवक्ताओं को होली पर्व के अवसर पर होली लाभांश का वितरण संघ के द्वारा किया जाएगा। तथा संगठन के सदस्यों द्वारा प्राप्त विचारों पर अमल किया जाएगा। साथ ही बुधवार को होली मिलन का आयोजन किया जाएगा।इस मौके पर सभी अधिवक्ता संघ के पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद थे।

### तेनुघाट व्यवहार कोर्ट में केंद्र सरकार द्वारा नियुक्त नोटरी पब्लिक के अधिवक्ता ने पदभार संभाला



**बेरमो/तेनुघाट कोर्ट।** तेनुघाट व्यवहार न्यायालय, बेरमो क्षेत्र मे केन्द्रीय सरकार के द्वारा नियुक्त नोटरी पब्लिक के रूप मे अधिवक्ता राजीव कुमार तिवारी ने अपना कार्य करना शुरू कर दिया है। नोटरी पब्लिक राजीव कुमार तिवारी ने कहा कि उनकी नियुक्ति होने से बेरमो अनुमंडल के अन्तर्गत आने वाले क्षेत्रों के लोगों को सहुलियत होगी और उनके क्षेत्राधिकारी मे आने वाले सारे कार्यों का निष्पादन सुलभ रुप से होगें।

## स्पीड न्यूज

### दिनकर शर्मा को दी गयी श्रद्धांजलि, कई लोग हुए शामिल



बेरमो/फुसरो नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत शर्मा कॉलोनी निवासी दिवंगत फुसरो मार्केट एसोसिएशन के अध्यक्ष कामेश्वर शर्मा के पुत्र दिनकर शर्मा के श्राद्धकर्म में सैकड़ों गणमान्य लोग शामिल होकर दिनकर शर्मा के चित्र पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। जहानाबाद के पूर्व विधायक अभिराम शर्मा ने कहा कि स्व शर्मा गरीबों के हित के लिए सदैव उपस्थित रहते थे। उनके निधन से सामाजिक क्षेत्रों में अपूरणीय क्षति हुई है। यहा ज्ञानती शर्मा, पुष्कर शर्मा, मधुकर शर्मा और पूजा शर्मा आदि ने आगंतुकों का स्वागत किया। इस अवसर डॉ शकुंतला कुमार, डॉक्टर उषा सिंह ,निवर्तमान वार्ड पार्षद रश्मि सिंह, मधुसूदन प्रसाद सिंह ,बैजनाथ सिंह, नवीन पाण्डेय, केदार सिंह, विनोद चौरसिया, गुड्डू जैन, विक्रम पांडे, रवींद्र कुमार मिश्रा, चिकू सिंह, सुरेश वंशल, जवाहरलाल यादव, रियाज अंसारी, अशोक सिंह,नीरज सिंह, शिवनंदन चौहान, गणेश मल्लाह, आर उनेश, परवेज अख्तर, महफूज आलम, प्रदीप सिंह, महबूब आलम, इंद्रजीत मुखर्जी, संतोष महतो, कृष्ण कुमार चांडक, ललन सिंह, वैभव चौरसिया, पिंटू सिंह, दिनेश सिंह, लाखन सिंह, सुरेश वंशल, बैजू मालाकार, राकेश मालाकार, धीरज पांडे, पंकज मिश्रा, मिथिलेश शर्मा, देवतानंद दुबे, राम नरेश द्विवेदी, अनिल गुप्ता, महारुद्र नारायण सिंह, मनोज सिंह, राधा देवी, राकेश शर्मा, सुधीर किशन उर्फ भोला, विजय कुमार आदि ने गहरा दुख एवं शोक प्रकट किया है।

### बोकारो : वरीय अधिवक्ता पीसी अग्रवाल बने सांसद प्रतिनिधि



बोकारो। धनबाद लोकसभा क्षेत्र के सांसद ढुल्लू महतो ने विभिन्न विभागों हेतु अपने संसदीय क्षेत्र में जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान के निमित्त सांसद प्रतिनिधियों की नियुक्ति की है। इसी के तहत विधिक प्रकोष्ठ विभाग में प्रेमचंद अग्रवाल को नियुक्त किया गया है। बोकारो जिला बार एसोसिएशन के पुस्तकालय परिसर में अधिवक्ताओं ने वरिष्ठ अधिवक्ता प्रेम चंद अग्रवाल को पुष्पगुच्छ देकर बधाई दी। विदित हो की बधाई देने वालों में मौके पर मुख्य रूप से अधिवक्ता राजीव मालवीय प्रवीण कुमार शिवेश पाठक वासुदेव पांडेय राकेश कुमार शशि वरुण पाण्डेय राजेश कुमार मिश्र सुनील राजहंस सीतेश कुमार विवेक शर्मा दीपक कुमार पाठक निशित कुमार युगेश कुमार महतो लाइब्रेरियन निधिश्री मिश्र व अन्य अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

### बीएसएल कर्मियों हेतु पेंशन योजना के तहत डिमांड लेटर लिंक उपलब्ध

बोकारो। बीएसएल के ऑन-रोल कर्मचारियों जिन्होंने पहले कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) की उच्च पेंशन योजना के तहत आवेदन किया था-उनके लिए अब ईपीएफओ द्वारा डिमांड लेटर जारी किए जा रहे हैं। कर्मचारी अपना डिमांड लेटर ईडेस्क.सेलबीएसएल.इन पोर्टल पर लॉगिन करके डाउनलोड कर सकते हैं जो किसी भी स्थान से सुलभ है। ईपीएफओ पोर्टल पर डिमांड लेटर की डाउनलोड की सुविधा प्रत्येक माह की 1 से 16 तारीख तक उपलब्ध रहेगी। बोकारो स्टील प्लांट के संचार प्रमुख मणिकांत धान ने ये जानकारी दी।

**बेरमो : सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिये सीआइएसएफ एवं सीसीएल के उच्च अधिकारियों के बीच बैठक में हुआ निर्णय**

# कोयला चोरी के खिलाफ तेज होगी कार्रवाई

>> सीसीएल प्रबंधन ने सीआईएसएफ के अधिकारियों व जवानों द्वारा कोल इंडिया के कोयला उत्पादन के लक्ष्य को हासिल करने में दिये जा रहे योगदान की तारीफ की

**खबर मन्त्र संवाददाता**





**बेरमो।** बेरमों स्थित सेन्ट्रल कोल फिल्ड परियोजना के अंतगर्त ढोरी, कथारा एवं बी.एण्ड के. एरिया की सुरक्षा में तैनात केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल एवं सीसीएल प्रबंधन के उच्च अधिकारियों के बीच मंगलवार को सुरक्षा व्यवस्था को बेहतर व सुदृढ करने हेतु महाप्रबंधक ढोरी एरिया के सभागार में एक सफल द्विपक्षीय बैठक का आयोजन किया गया।

मिटिंग के दौरान सीआइएसएफ व सीसीएल द्वारा कोयला चोरी की रोकथाम हेतु नियमित रूप से किये जा रहे कोयला रेड, क्युआरटी की नियमित रूप से गश्ती, महिला बल सदस्यों द्वारा किये जाने वाली गश्ती, ड्रोन से एरिया की निगरानी, इकाई के आसूचना अनुभाग से प्राप्त इनपुट तथा चेक पोस्ट व कांटाघर पर तैनात बल सदस्यों द्वारा की जाने वाली कार्यवाही के बारे में विस्तारपूर्वक चर्चा की गयी। सीआइएसएफ द्वारा नियमित रूप से किये गये कोल रेड के दौरान जब्त किये गये कोयला व स्थानीय पुलिस को सुपूर्द किये गये मोटरसाईकिल पर चर्चा हुयी।

माईन्स की सुरक्षा व्यवस्था का आधुनिकीकरण के तौर पर वर्तमान में उपलब्ध सीसीटीवी, वाहन ट्रेकिंग प्रणाली के अलावा अन्य आधुनिक उपकरण जैसे आरएफआईडी एएनपीआर सॉफ्टवेयर यथाशीघ्र स्थापित किये जाने की जानकारी साझा हुई।

साथ ही साथ माईन्स एरिया के स्टोर, कांटाघर पर पर्याप्त रोशनी व अतिसंवेदनशील जगहों पर उच्च गुणवत्ता की सीसीटीवी स्थापित करने पर भी सहमति बनी। सीसीएल प्रबंधन के उच्च अधिकारियों द्वारा सीआइएसएफ को सुरक्षा व्यवस्था बेहतर करने व कोयला ट्रांसपोर्टिंग के कार्य को निर्वाध रूप से क्रियांवित किये जाने में आने वाली बाधाओं को यथाशीघ्र दुर करने पर चर्चा की गयी।

सीसीएल प्रबंधन ने सीआईएसएफ के अधिकारियों व जवानों द्वारा कोल इंडिया के कोयला उत्पादन के लक्ष्य को हासिल करने में दिये जा रहे योगदान की तारीफ की गयी और कोयला चोरी की रोकथाम में किये जा रहे कार्य को निरंतर जारी रखने की बात कही गयी। कोयला चोरों के खिलाफ कार्यवाई करने पर चर्चा की गयी तथा लगाम लगाने की बात कही गई। मिटिंग में केऔसुब, स्थानीय पुलिस, सीसीएल सुरक्षागार्ड द्वारा संयुक्त रूप से रेड की कार्यवाही किये जाने पर चर्चा हुई तथा इस प्रकार की बैठक भविष्य में भी किये जाने पर सहमति बनी। क्यूआरटी द्वारा सघन एवं विस्तारित रूप से सीआइएसएफ/सीसीएल/स्थानीय पुलिस के द्वारा रेड करने हेतु एवं प्राथमिकता के आधार पर इनलिगल माईनिंग को डोजरिंग करने हेतुचर्चा की गयी।

सुरक्षा मिटिंग में सीआइएसएफ के उप महानिरीक्षक सुमंत सिंह, महाप्रबंधक ढ़ोरी रंजय सिंहा, वरिष्ठ कमाण्डेंट शशि रंजन, महाप्रबंधक सुरक्षा मेजर मनीष, सहायक कमाण्डेंट पटेल कार्तिक शरद, अक्षय नायर, के वी अनंथा श्रीधर, सुरेश सिंह व संतोष तिवारी आदि उपस्थित थे।

# अपने भक्तों की आपदाओं का शमन करते हैं भगवान : पं. गोविंद कृष्ण



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** मैथिली कला मंच कालीपूजा ट्रस्ट की ओर से सेक्टर- 2डी स्थित श्यामा माई मंदिर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के अंतिम दिन होली का रंग घुल गया। भारी संख्या में उमड़े श्रद्धालुओं ने भक्तिरस की इस रंगीन सरिता में जमकर गोते लगाए। दिव्य होली मिलन का आयोजन हुआ। जिसमें अबीर गुलाल और फूलों की होली खेली गई। कथावाचक पं गोविंद कृष्ण शास्त्री ने उपस्थित श्रद्धालुओं के साथ इस महोत्सव का खूब आनंद लिया। कथा में सातवें दिन पं गोविंद कृष्ण जी ने कृष्ण-सुदामा मिलन का प्रसंग सुनाया। बताया गया कि कैसे गरीब ब्राह्मण सुदामा अपनी पत्नी सुशीला के कहने पर न चाहते हुए भी द्वारका जाने को तैयार होते हैं। सुदामा को कृष्ण से मिलने से द्वारपाल रोकता है। सखा कृष्ण सुदामा से मिलने के लिए अपने सिंहासन से उतरकर नंगे पांव दौड़ पड़ते हैं। इसके बाद कृष्ण सुदामा को गले लगाते हैं। अंत में सुदामा के अपने गांव जाने पूर्व श्री कृष्ण कैसे सुदामा के घर को महल में तब्दील कर धन-धान्य से भरपूर कर देते हैं। पं. गोविंद ने कहा कि जब भी भक्तों पर विपदा आ पड़ी है। प्रभु उनका तारण करने अवश्य आए हैं और जो भी भागवत कथा का श्रवण करता है उसका जीवन तर जाता है। मौके पर महायज्ञ के यजमान मंजू मिश्र व गोविंद मिश्र श्यामानंद मिश्र इंदु मिश्र सहित मैथिली कलामंच कालीपूजा ट्रस्ट के अध्यक्ष कृष्ण चंद्र झा एवं महामंत्री सुनील मोहन ठाकुर के अलावा श्रद्धालु उपस्थित थे।

# ऑल इंडिया स्मॉल एंड मीडियम जर्नलिस्ट एसो. की बैठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बेरमो/तेनुघाट कोर्ट।** ऑल इंडिया स्मॉल एंड मीडियम जर्नलिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन की एक महत्वपूर्ण बैठक तेनुघाट में हुई। इस दौरान संगठन की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें प्रशांत सिन्हा को अध्यक्ष चुना गया। बैठक में संरक्षक की भूमिका नागेश्वर कुमार, नरेश प्रसाद श्रीवास्तव, विल्सन फ्रांसिस (बबलू), पंकज पांडेय (टिल्लू), अनंत कुमार दास, शैलेश चन्द्र श्रीवास्तव (ददन), मो शमशेर आलम और बीरेंद्र प्रसाद को सौंपी गई। नवनिर्वाचित पदाधिकारी में कार्यकारी अध्यक्षः बॉबी राज, उपाध्यक्षः मुकेश कुमार, शबा अहमद, पंकज कुमार पांडेय, अमिताभ सिन्हा, महासचिवः शिवशंकर नोनिया (पप्पू चौहान), सहायक सचिवः दिलीप कुमार, जितेन्द्र प्रसाद चौहान, जीवन सागर, विजय साव रिंकू, कोषाध्यक्षः राजकुमार, उप कोषाध्यक्षः सुभाष रविदास, नवीन सिन्हा को चुना गया। इसके अलावा, कार्यकारिणी में रतन कुमार सिन्हा, अमित कुमार, मो सेराज अंसारी, अनिल कुमार शर्मा, प्यारे लाल, शशि कुमार सिंह और प्रविण कुमार को सदस्य बनाया गया है। प्रदेश कानूनी सलाहकार के रूप में सुभाष कटरियार उर्फ राजा और रमेंद्र कुमार सिन्हा उर्फ निशु को जिम्मेदारी दी गई है। इस मौके पर ऑल इंडिया स्मॉल एंड मीडियम जर्नलिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन के राष्ट्रीय महासचिव प्रितम भाटिया, कार्यकारी अध्यक्ष प्रवीण पांडेय, बोकारो प्रभारी राजेश कुमार सिंह, दिनेश बनर्जी, अजय महतो, अमित दत्ता मौजूद थे। प्रीतम भाटिया ने कहा कि इस नई कार्यकारिणी से संगठन को मजबूती मिलने की उम्मीद है, साथ ही सामाजिक और प्रशासनिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। कानूनी सलाहकार सुभाष कटरियार ने बताया कि नए नवनिर्वाचित पदाधिकारी के द्वारा कार्य को सुचारू रूप से कर एसोसिएशन को मजबूती प्रदान करने में सक्षम रहेंगे। पत्रकारों की समस्या का समाधान करने में सहायता करेंगे। कमिटी गठन के बाद एसोसिएशन के द्वारा एसडीओ मुकेश मछुआ, एसडीपीओ वशिष्ठ नारायण सिंह सहित बीडीओ, सीओ, पुलिस निरीक्षक, थाना प्रभारी को शाल ओढ़ाकर, बुके देकर सम्मानित किया। उसके बाद होली मिलन समारोह में सभी ने बढ़ चढ़ कर भागीदारी ली। पत्रकार सहित सभी ने होली मिलन समारोह के अवसर पर होली के गानों पर अपने अपने नृत्य प्रस्तुत किया और फागुन के गीत भी गाए। जिससे सभी काफी प्रसन्न नजर आए। सभी ने एक दूसरे पर अबीर लगाकर होली खेल कर होली की बधाई दी। सभी ने इस अवसर पर पुआ पकवान का भी आनंद उठाया।

# एसकेएमयू के राजमहल में सौर ऊर्जा, मदर केयर सेंटर, उच्च तकनीक सुविधाओं का हुआ उद्घाटन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**दुमका।** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो बिमल प्रसाद सिंह ने मंगलवार को मॉडल कॉलेज राजमहल परिसर में सौर ऊर्जा, मदर केयर सेंटर, जीवाश्म संग्रहालय और उच्च तकनीक सुविधाओं का उद्घाटन किया। मॉडल कॉलेज राजमहल एसकेएमयू का अंगीभूत कॉलेज है। यह कॉलेज अब पूरी तरह सौर ऊर्जा से संचालित होगा, जिससे न सिर्फ बिजली की बचत होगी। बल्कि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी बड़ा कदम उठाया जाएगा। छात्र-छात्राओं और युवाओं की फिटनेस को प्राथमिकता देते हुए मंगलवार को आधुनिक ओपन जिम की शुरूआत की गई है। इस जिम में अत्याधुनिक फिटनेस उपकरण उपलब्ध कराए गए हैं, तकनीकी विकास को प्रोत्साहित करते हुए कॉलेज में मुफ्त वाई-फाई की सुविधा शुरू की गई, ताकि छात्र-छात्राएं बिना किसी बाधा के ऑनलाइन पढ़ाई कर सकें। साथ ही उन्नत कंप्यूटर लैब का उद्घाटन किया गया, जिससे छात्रों को आधुनिक तकनीकी शिक्षा का लाभ मिलेगा। मदर केयर सेंटर की स्थापना छात्राओं की जरूरतों को समझते हुए की गई। इसके अलावा राजमहल पहाड़ी जीवाश्म संग्रहालय की स्थापना की गई। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ राजीव कुमार, डीएफओ प्रबल गर्ग और राजमहल एसडीओ आदि मौजूद थे। प्राचार्य डॉ रंजीत सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ कुमार ने कॉलेज के क्रमिक विकास की ओर ध्यान आकर्षित किया। कुलपति डॉ सिंह ने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए नियमित कक्षाएं लेने के लिए प्रेरित किया।

# बेरमो कोयलांचल में फरवरी 28 तक 121.07 लाख टन हुआ कोयला उत्पादन







**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेरमो।** बेरमो कोयलांचल में फरवरी 2025 तक 121.07 लाख टन कोयला उत्पादन हुआ, जिसमे शुरूआत सर्वाधिक उत्पादन सीसीएल के बीएडके के क्षेत्र में 58.01 लाख टन उत्पादन हुआ। 38.83 लाख टन कोयला उत्पादन कर ढ़ोरी क्षेत्र दूसरे स्थान पर है। 23.4 लाख टन कोयला उत्पादन कर कथारा क्षेत्र तीसरे स्थान पर है जबकि फरवरी महीना उत्पादन में ग्रोथ के मामले में 29% ग्रंथ के साथ कथारा क्षेत्र प्रथम स्थान पर, 53% ग्रंथ के साथ ढोरी क्षेत्र दूसरे स्थान पर जबकि बीएंडके के क्षेत्र है 2% नेगेटिव ग्रोथ हुआ।



# झारखंड में राजनेताओं की होली

## सीएम की मौजूदगी में विधानसभा परिसर में होली मिलन समारोह आयोजित









**रांची (खबर मन्त्र ब्यूरो)।** विधान सभा के बजट सत्र के मंगलवार की कार्यवाही समाप्ति के उपरांत परिसर में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस होली मिलन समारोह में स्पीकर रबीन्द्रनाथ महतो, मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन, नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी सहित अन्य मंत्रीगण एवं सत्ता पक्ष तथा विपक्ष के विधायकगण उपस्थित थे। इस अवसर पर सभी ने एक-दूसरे पर फूलों की बारिश तथा अबीर-गुलाल लगाकर पवित्र त्योहार की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने समस्त झारखंडवासियों को रंगों के इस उत्सव होली की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने होली मिलन समारोह के उपरांत मीडिया के प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि होली का त्योहार निकट है। रंगों के इस त्योहार को हम सभी लोग उत्सव के रूप में मनाना शुरू कर चुके हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं अपनी तथा राज्य सरकार की ओर से आपसभी को होली की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देता हूं। उन्होंने कहा कि मैं आशा एवं उम्मीद करता हूं कि इस होली त्योहार के रंग-बिरंगे रंगों की तरह आपके जीवन में भी सुख, समृद्धि तथा खुशहाली आये। कामना है कि आप सभी लोग स्वस्थ रहें एवं एक सुंदर वातावरण में आपसी प्रेम और सौहार्द के साथ यह त्योहार मनाये। मौके पर प्रतिपक्ष के नेता बाबूलाल मरांडी, मंत्री दीपक बिरूआ, रामदास सोरेन, सुदिव्य सोनू, योगेंद्र प्रसाद, विधायक कल्पना सोरेन, नीरा यादव, मनोज यादव, राजेश कच्छप, नवीन जायसवाल, आलोक चौरसिया आदि उपस्थित थे। सभी ने राज्यवासियों को अपने-अपने ढंग से होली की शुभकामनाएं दी।

---

स्पीड न्यूज

### यूडीएफ सांसदों का आशा वर्कर्स का मानदेय बढ़ाने को लेकर प्रदर्शन

**नयी दिल्ली।** केरल से यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (यूडीएफ) सांसदों ने आज संसद भवन परिसर में प्रदर्शन किया और आशा कार्यकताओं का मानदेय बढ़ाने की सरकार से मांग की। संसद की कार्यवाही शुरू होने से पहले यूडीएफ सांसद संसद भवन परिसर में एकत्रित हुए और आशा वर्कर्स का मानदेय बढ़ाने की मांग करते हुए प्रदर्शन करने लगे। प्रदर्शनकारी सांसद हाथों में तख्तियां लेकर नारेबाजी करते हुए आशा वर्कर्स का वेतन बढ़ाने की मांग कर रहे थे। प्रदर्शनकारी यूडीएफ सांसदों ने आशा कार्यकताओं के समर्थन में विरोध प्रदर्शन के दौरान उनका मानदेय 21,000 रुपये करने और सेवानिवृत्ति लाभ के रूप में उन्हें पांच लाख रुपये देने की मांग की।

### आतंकवाद तथा अलगाववाद के कारण पूर्वोत्तर विकास की दौड़ में चार दशक पीछे रह गया : शाह

**नयी दिल्ली।** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि तमाम विशेषताओं से लैस होने के बावजूद पूर्वोत्तर में मतिभ्रम और विवाद पैदा कर आतंकवाद तथा अलगाववाद खड़ा किया गया जिससे यह क्षेत्र विकास की दृष्टि से चार दशक पीछे चला गया। श्री शाह ने यहां छात्र आदान-प्रदान कार्यक्रम के तहत राजधानी आये पूर्वोत्तर के राज्यों के छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि पूर्वोत्तर भारतीय संस्कृति का एक अमूल्य गहना है और यह संस्कृति को समृद्ध करने वाली विरासत से लैस है। उन्होंने कहा, नॉर्थईस्ट में पूरी दुनिया को पर्यटन की दृष्टि से आकर्षित करने की क्षमता है। साथ ही नॉर्थईस्ट में भारत के सबसे ज्यादा आई क्यू वाले युवा हैं और सबसे मेहनती जनजातियां यहीं हैं।

---

## मॉरिशस पहुंचे पीएम मोदी, सभी 34 मंत्रियों ने किया स्वागत, होंगे कई अहम समझौते

# मोदी ने मॉरीशस के राष्ट्रपति से मुलाकात की

**एजेंसी**

**पोर्ट लुई।** पीएम नरेंद्र मोदी दो दिवसीय दौरे पर मॉरिशस पहुंच गए हैं। मॉरिशस के पोर्ट लुइस पहुंचे जहां उनका औपचारिक स्वागत किया गया। मॉरीशस के प्रधानमंत्री नवीन रामगुलाम पीएम मोदी की अगवानी करने एयरपोर्ट पहुंचे। जहां उन्होंने पीएम मोदी का गर्मजोशी से स्वागत किया। इस दौरान वहां के सभी 34 मंत्री उपस्थित रहे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज स्टेट हाउस में मॉरीशस गणराज्य के राष्ट्रपति धर्मबीर गोकुल से मुलाकात की और दोनों देशों के बीच साझा इतिहास और लोगों से लोगों के बीच मजबूत संबंधों पर चर्चा की। अधिकारियों के अनुसार दोनों नेताओं ने भारत और मॉरीशस के बीच विशेष और



घनिष्ठ द्विपक्षीय संबंधों को गहरा करने पर विचारों का आदान-प्रदान किया। इस संदर्भ में, उन्होंने दोनों देशों के बीच साझा इतिहास और लोगों से लोगों के बीच मजबूत संबंधों के अस्तित्व को याद किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि मॉरीशस के राष्ट्रीय दिवस समारोह में दूसरी बार मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेना उनके लिए सम्मान की बात है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने विशेष भाव से राष्ट्रपति गोकुल और प्रथम महिला वृंदा गोकुल को ओसीआई कार्ड सौंपे तथा उपहार के रूप में बनारसी रेशम साड़ी और गणेश प्रतिमा के अलावा बिहार का मखाना भेंट किया। प्रधानमंत्री ने भारत सरकार के सहयोग से स्थापित स्टेट हाउस में आयुर्वेद गार्डन का भी दौरा किया। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद सहित पारंपरिक चिकित्सा के लाभों को आगे बढ़ाने में मॉरीशस भारत का एक महत्वपूर्ण भागीदार है।

बातचीत के बाद, राष्ट्रपति श्री गोकुल ने प्रधानमंत्री के सम्मान में राज्य के दोपहर के भोजन की मेजबानी की। भोज के समय श्री मोदी ने मॉरीशस में अपने आतिथ्य सत्कार और सम्मान के लिए राष्ट्रपति गोकुल का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह केवल भोजन का अवसर नहीं है, बल्कि भारत और मॉरीशस के जीवंत और घनिष्ठ संबंधों का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि मॉरीशस की थाली में न केवल स्वाद है, बल्कि मॉरीशस की समृद्ध सामाजिक विविधता की झलक भी है। इसमें भारत और मॉरीशस की साझी विरासत भी समाहित है। मॉरीशस की मेजबानी में हमारी मित्रता की मिठास घुली हुई है। श्री मोदी ने कहा, इस अवसर पर, मैं राष्ट्रपति धरमबीर गोकुल और श्रीमती बृंदा गोकुल के उत्तम स्वास्थ्य और कल्याण, मॉरीशस के लोगों की निरंतर प्रगति, समृद्धि और खुशहाली की कामना करता हूँ और, हमारे संबंधों के लिए भारत की प्रतिबद्धता दोहराता हूं।

### तुलसी गबार्ड भारत, जापान और थाईलैंड की यात्रा पर

**वाशिंगटन / नयी दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रीय खुफिया एजेन्सी की निदेशक तुलसी गबार्ड भारत, जापान और थाईलैंड की यात्रा पर हैं। सुश्री गबार्ड ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में लिखा , मैं हिन्द प्रशांत के कुछ देशों की यात्रा पर हूं। एक ऐसा क्षेत्र जिसे मैं बहुत अच्छी तरह से जानती हूं क्योंकि मैं इस क्षेत्र में पली-बढ़ी हूं। मैं जापान, थाईलैंड और भारत जाऊंगी, वापस आने से पहले फ्रांस में कुछ समय के लिए रूकूंगी। उन्होंने कहा, शांति, स्वतंत्रता और समृद्धि के राष्ट्रपति ट्रम्प के उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए मजबूत संबंध, समझ और संपर्क का मार्ग बनाना महत्वपूर्ण है।

---

# नीतीश ने मेट्रो रेल परियोजना कार्य प्रगति का लिया जायजा

**एजेंसी**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंगलवार को पटना मेट्रो रेल परियोजना के निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने बुद्ध स्मृति पार्क के सामने पटना स्टेशन के पास थर्ड टीबीएम (टनल बोरिंग मशीन) ब्रेक थ्रू का बटन दबाकर शुभारंभ किया। इसके बाद पश्चात टीबीएम (टनल बोरिंग मशीन) भूमिगत मेट्रो लाईन के लिए कटिंग करते हुये बाहर निकली जिसका मुख्यमंत्री ने अवलोकन किया।



नगर विकास एवं आवास विभाग के सचिव अभय कुमार सिंह ने पटना मेट्रो एलाइनमेंट कॉरिडोर-एक और दो के निर्माण कार्य की प्रगति के संबंध में साइट मैप के माध्यम से मुख्यमंत्री को विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मलाही पकड़ी से खेमनीचक, भूतनाथ रोड, जीरोमाईल, पाटलिपुत्र बस टर्मिनल तक पटना मेट्रो लाईन (कुल 6.01 किमी) को प्राथमिकता के आधार पर निर्माण कार्य पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। इस लाईन को 15 अगस्त 2025 तक शुरू करने का लक्ष्य निर्धारित है। भूमिगत मेट्रो लाईन के निर्माण हेतु 21 नवंबर 2023 को गांधी मैदान स्टेशन से टीबीएम (टनल बोरिंग मशीन) के द्वारा कार्य प्रारंभ किया गया जो आकाशवाणी भूमिगत स्टेशन होते हुए पटना स्टेशन तक पहुंच चुकी है। मुख्यमंत्री पटना रेलवे जंक्शन के पास भी पहुंचे और कार्य योजना की विस्तृत जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने पटना मेट्रो निर्माण कार्य में तेजी लाने का अधिकारियों को निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि पटना मेट्रो रेल परियोजना का स्वरूप बेहतर ढंग से हमने तैयार करवाया है। इसके निर्माण कार्यों को लेकर हम लगातार निरीक्षण करते रहे हैं। निर्माण कार्य में किसी प्रकार की बाधा नहीं हो, इसको लेकर हमने लगातार अधिकारियों को निर्देश दिया है। पटना मेट्रो रेल परियोजना को समय पूर्ण की जाए, ताकि लोगों को आवागमन में सहूलियत हो।

# पाकिस्तान में हाईजैक हुई ट्रेन, 11 सैनिक मारे गये

**एजेंसी**


**कराची।** पाकिस्तान में क्वेटा से पेशावर जा रही जाफर एक्सप्रेस ट्रेन को बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने हाइजैक कर लिया है। इस दौरान बलूच लिबरेशन आर्मी ने 100 पाकिस्तानी सैनिकों को बंधक बनाने का भी दावा किया है। साथ ही गोलीबारी में 11 से अधिक पाकिस्तानी सैनिकों को मारने का दावा किया है। उन्होंने चेतावनी दी है कि अगर पाकिस्तानी सेना कोई कार्रवाई करती है तो उसे भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। ट्रेन में 500 से अधिक यात्री सवार है। सूत्रों ने जियो न्यूज को बताया कि हमलावरों ने रेलवे ट्रैक उड़ा कर ट्रेन को रोका और उस पर कब्जा कर लिया।

ट्रेन में सवार सुरक्षा अधिकारियों और हमलावरों के बीच भारी गोलीबारी में ग्यारह पाकिस्तानी सैन्यकर्मी मारे गये हैं। एक ड्रोन भी मार गिराया गया है। एक ट्रेन चालक घायल हो गया। बलूच लिबरेशन आर्मी ने 100 पाकिस्तानी सैनिकों को बंधक बना लिया है। इस घटना के बाद बलूच लिबरेशन आर्मी के प्रवक्ता ने बयान जारी कर कहा, बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) के लड़ाकों ने जाफर एक्सप्रेस पर कब्जा करने के बाद यात्रियों को बंधक बना लिया है।

### सैकड़ों यात्री, 100 से अधिक सैनिक बीएलओ के कब्जे में

जाफर एक्सप्रेस पर बीएलए के लड़ाकों का पूरा नियंत्रण बना हुआ है। बीएलए ने स्पष्ट किया है कि बंधकों में पाकिस्तानी सेना, पुलिस, आईएसआई और एटीएफ के सक्रिय कर्मी शामिल हैं, जो सभी छुट्टी पर यात्रा कर रहे थे।

**सैकड़ों यात्रियों को रिहा किया :** नागरिक यात्रियों, विशेष रूप से महिलाओं, बच्चों, बुजुर्गों और बलूच नागरिकों को सुरक्षित रूप से रिहा कर दिया गया है और उन्हें सुरक्षित मार्ग दिया गया है।



---

# एयरटेल के साथ भारतीय बाजार में उतरेगी स्टारलिंक

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** दूरसंचार सेवायें प्रदान करने वाली कंपनी भारती एयरटेल ने अमेरिकी उद्योगपति ऐलन मस्क की कंपनी स्टारलिंक की हाई-स्पीड इंटरनेट सेवाएं अपने ग्राहकों तक पहुंचाने के लिए स्पेसएक्स के साथ समझौते किया है। एयरटेल ने मंगलवार को यहां जारी बयान में यह घोषणा करते हुये कहा कि यह भारत में हस्ताक्षरित पहला समझौता है, जो स्पेसएक्स द्वारा भारत में स्टारलिंक को बेचने के लिए अपने स्वयं के प्राधिकरण प्राप्त करने के अधीन है। यह एयरटेल और स्पेसएक्स को यह पता लगाने में सक्षम बनाता है कि स्टारलिंक एयरटेल की पेशकशों को कैसे पूरक और विस्तारित कर सकता है, और कैसे भारतीय बाजार में एयरटेल की विशेषज्ञता उपभोक्ताओं और व्यवसायों को स्पेसएक्स की प्रत्यक्ष पेशकशों को पूरक बनाती है। एयरटेल और स्पेसएक्स एयरटेल के रिटेल स्टोर में स्टारलिंक उपकरण, एयरटेल के माध्यम से व्यावसायिक ग्राहकों को स्टारलिंक सेवाएं, समुदायों, स्कूलों और स्वास्थ्य केंद्रों को जोड़ने के अवसरों के साथ-साथ भारत के सबसे ग्रामीण इलाकों में भी कई अन्य चीजों की पेशकश करने का पता लगाएंगे। एयरटेल और स्पेसएक्स यह पता लगाएंगे कि कैसे स्टारलिंक एयरटेल नेटवर्क का विस्तार और संवर्धन करने में मदद कर सकता है, साथ ही स्पेसएक्स की भारत में एयरटेल के ग्राउंड नेटवर्क इंफ्रास्ट्रक्चर और अन्य क्षमताओं का उपयोग करने




तथा उनसे लाभ उठाने की क्षमता भी। एयरटेल ने कहा कि वह ग्राहक-केंद्रित सेवाओं पर ध्यान केंद्रित करने के साथ उन्नत तकनीक का लाभ उठाते हुए व्यापक और विश्वसनीय कनेक्टिविटी और डिजिटल समाधान देने के लिए प्रतिबद्ध है। स्टारलिंक को अपने ऑफर में जोड़कर (यूटेलसैट वनवेब के साथ अपने मौजूदा गठबंधन के अलावा), एयरटेल देश भर में कनेक्टिविटी प्रदान करने और पहले से कम सेवा वाले क्षेत्रों, विशेष रूप से आज सीमित या बिना कवरेज वाले क्षेत्रों को जोड़ने की अपनी क्षमता को आगे बढ़ाएगा। स्टारलिंक एंटरप्राइज सूट के साथ, एयरटेल उद्यमों, व्यवसायों और समुदायों को व्यापक और निर्बाध कनेक्टिविटी पैकेज प्रदान करने में सक्षम होगा। भारती एयरटेल के प्रबंध निदेशक और उपाध्यक्ष गोपाल विट्ठल ने कहा, ह्ल भारत में एयरटेल ग्राहकों को स्टारलिंक की पेशकश करने के लिए स्पेसएक्स के साथ काम करना एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है और अगली पीढ़ी की सैटेलाइट कनेक्टिविटी के लिए हमारी प्रतिबद्धता को और दशार्ता है। स्टारलिंक एयरटेल के उत्पादों के समूह को पूरक और उन्नत करेगा, ताकि हमारे भारतीय ग्राहकों के लिए विश्वसनीय और किफायती ब्रॉडबैंड सुनिश्चित हो सके - चाहे वे कहीं भी रहते हों और काम करते हों।